# समर्थ रामदासांची हिन्दी पदावली

प्रा. रा. तु. भगत

म. ग्रं. सं. ठाणें
विषय काव्य
सं. क्र. २२८८



REFBK-0021249
REFBK-0021249

૧૬૬
શા૦૧.

૨૧૨૨૯

સંવર્ષ

૨૬૮૧૫૬

૮૦૧૦૨

૨૨૮૮

संपादक

प्रा. रा. तु. भगत एम्. ए.; एम्. एड्.

प्रस्तावना

डॉ. यू. म. पठाण

२२८८ काव्य
२१२४९

# समर्थ रामदासांची हिन्दी पदावली

REFBK-0021249

REFBK-0021249

अजब पुस्तकालय, कोल्हापूर

प्रकाशक
श्री. अनिल मेहता,
अजब पुस्तकालय, कोल्हापूर

मुद्रक
गोविंद वामन कुलकर्णी
सेवा मुद्रणालय,
१६७ बी, विद्यापीठ मार्ग, कोल्हापूर

सर्वाधिकार
सौ. ललिता रा. भगत

प्रथम संस्करण
१४ जुलाई १९७६

मांडणी
स्टुडिओ मयूर, कोल्हापूर

मूल्य : १२ रुपये

कर्मयोगी समर्थ रामदासांची ही अनाघ्रात हिन्दी काव्य सुमने
" देव मस्तकीं धरावा । अवघा हलकल्लोळ करावा "
या अध्यात्माधिष्ठित ऐहिकवादाने कार्यरत असलेल्या
आदरणीय बॅ. पी. जी. पाटील,
कुलगुरु, शिवाजी विद्यापीठ, कोल्हापूर.
यांना
सादर समर्पित.

## अनुक्रम


१ दोन शब्द । रा. तु. भगत

२ प्रस्तावना । डॉ. यू. म. पठाण

३ निवेदन । रा. तु. भगत

४ भूमिका । डॉ. भगीरथ मिश्र

५ प्रवेश । डॉ. कमलाकान्त पाठक


## प्रथम खण्ड


| भूमिका | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| अध्याय – १ | मराठी सन्त साहित्य की परम्परा । | १ |
| अध्याय – २ | सन्त साहित्य की भूमिका । | ८ |
| अध्याय – ३ | समर्थकालीन जन–जीवन । | १० |
| अध्याय – ४ | समर्थ रामदास : आविर्भाव, सृजन और समालोचन । | १४ |
| अध्याय – ५ | हिन्दी साहित्य में पद–परम्परा । | २७ |
| अध्याय – ६ | मराठी साहित्य में हिन्दी पद–परम्परा । | ३९ |
| अध्याय – ७ | समर्थकृत हिन्दी पदावली की भावधारा । | ४५ |
| अध्याय – ८ | पदावली का भाषा–सम्बन्धी अध्ययन । | ६३ |
| अध्याय – ९ | समर्थ की पदावली पर मराठी का प्रभाव । | ६८ |
| अध्याय – १० | पदावली में विशिष्ट शब्द–प्रयोग । | ७१ |
| अध्याय – ११ | समर्थ की हिन्दी पदावली का संपादन । | ७६ |


## द्वितीय खण्ड


समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली १ ते ८४


## परिशिष्ट


१ शब्दार्थ । ८५

२ पदावली की वर्णसूची । ८९

३ संदर्भ ग्रंथ । ९६

## दोन शब्द । रा० तु० भगत

'समर्थ रामदासांची हिन्दी पदावली' या ग्रंथाद्वारे रामदासांची २०७ अनुपलब्ध पदे ८ उपलब्ध पदांसह एकत्रित स्वरूपात मराठी वाचकांसमोर प्रथमच येत आहेत. रामदासांच्या हिंदी रचनेचे तुरळक निर्देश अभ्यासकांनी यापूर्वी केलेले असले तरी त्यांच्या हिंदी रचनेचा प्रथमच प्रत्ययास येत असणारा हा व्याप-विस्तार मराठी मनाला सुखविणारा आहे.

मायबोलीचे गौरवगान गात असतानाही धार्मिक, सांस्कृतिक व भावनिक अभिसरणासाठी हिंदीसारखे व्यापक माध्यम स्वीकारण्यात संत नामदेव, दामोदर पंडित व तुकाराम या संतांप्रमाणे रामदासांनीही आपल्या लोकाभिमुख वृत्तीची साक्ष दिली आहे. रामदासांच्या कोणत्याही अभ्यासकाला त्यांच्या या हिंदी रचनेला आता नाकारून चालणार नाही, असे मला वाटते. मराठीसह हिंदी रचनेच्या अभ्यासानेच आपल्या रामदासविषयक अभ्यासाला पूर्णता येईल, समर्थांच्या मराठी रचनेमागील प्रेरणा, प्रवृत्ती आणि आविष्कारासंबंधी शोध-बोध घेता येईल, मध्ययुगाचा धार्मिक राष्ट्रवाद उमजेल, रामदासी वाङ्मयातील अनेक-यक्ष प्रश्नांची उत्तरे शोधता येतील, भाषाशास्त्रीय अभ्यासाला नवी सामग्री मिळेल, हिंदी-मराठीच्या तुलनात्मक अध्ययनाला नवी दिशा मिळेल आणि रामदासांच्या उर्जस्वल व्यक्तिमत्त्वाची सारी अंगोपांगे उजळून निघतील. आणि म्हणूनच हे मोलाचे धन मराठी अभ्यासकांना मी आनंदाने सादर करीत आहे.

मराठी वाचकांना रामदासांच्या या अप्रकाशित रचनेंचा परिचय होणे जसे आवश्यक होते तसे हिंदी वाचकांनाही तो होणे तितकेच निकडीचे होते. म्हणून या संपादनाला मी विस्तृत-विवेचक स्वरूपात हिंदी भाषेमधून भूमिका मांडली आहे. हिंदी वाचकासाठी हा सारा अभ्यास हिंदी मधून मांडणे मला अधिक सोयीचे वाटले. म्हणून मराठी वाचकापुढे रामदासांच्या हिंदी पदावलीचे हे संपादन ठेवताना हिंदीमधील भूमिका कायम ठेवणे मला आवश्यक वाटले. वस्तुतः रामदासांच्या हिंदी पदावलीकडे कुतुहलाने वळणाऱ्या अभ्यासकाला तिच्या मराठी भाषांतराची आवश्यकता वाटू नये. संपादनाविषयीचे माझे हे धोरण आणि या अनुपलब्ध भागाविषयीचा माझा अभ्यास हिंदी भूमिकेत विस्ताराने मांडला असल्याने येथे पुनरुक्ती केलेली नाही. मराठी अभ्यासक व समीक्षक माझ्या या प्रयत्नाचे स्वागत करतील अशी आशा आहे.

मराठवाडा विद्यापीठाचे मराठी–विभाग–प्रमुख डॉ. यू. म. पठाण यांनी या ग्रंथास विवेचक प्रस्तावना पाठवून दिली, या बद्दल मी त्यांचा मनःपूर्वक आभारी आहे.

श्री. वा. गो. गोगटे यांनी समर्थांच्या हिन्दी पदावलीची बाडे उपलब्ध करून दिली. डॉ. चन्दूलाल दुबे, डॉ. भगवानदास तिवारी व डॉ. व. स. जोशी या त्रिमूर्तींनी संपादन कार्यासाठी प्रेरणा दिली. माझे परम मित्र प्रा. र. बा. मंचरकर व डॉ. ल. रा. नशिराबादकर यांनी वेळोवेळी सहकार्य दिले. शिवाजी विद्यापीठाचे ग्रंथपाल श्री. जकाते व राजाराम महाविद्यालयाचे ग्रंथपाल श्री. गोळवलकर यांनी संदर्भ ग्रंथ उपलब्ध करून दिले. श्री. अनिलकुमार मेहता यानी प्रकाशनाची सर्व जबाबदारी स्वीकारली. सेवा मुद्रणालयाच्या सेवकांनीही तत्परतेने काम केले. मी या सर्वांचा हार्दिक आभारी आहे.

लक्ष्मी–निवास
जिजामाता गर्ल्स हायस्कूल समोर, — रा० तु० भगत
कोल्हापूर.

## प्रस्तावना । डॉ० यू० म० पठाण

मराठी संतांनी हिन्दी भाषेतही लेखन केले आहे ही गोष्ट सर्वश्रुत आहे. नाथ, वारकरी, महानुभाव, नागेश आणि समर्थ या सर्वच महाराष्ट्रीय धर्म-संप्रदायाच्या संतांनी हिन्दी भाषेत जे लेखन केले ते अत्यंत लक्षणीय आहे या लेखनाचे संकलन–संपादन करण्याचे काही प्रयत्न आजवर झाले आहेत. डॉ. विनयमोहन तिवारी यांनी आणि मी संपादिलेला मराठी संतांच्या हिन्दी रचनाचा संग्रह यांचा या संदर्भात निर्देश करता येईल. या संग्रहांत सर्वच मराठी संतांच्या प्रातिनिधिक हिन्दी लेखनाचा समावेश करण्यात आला होता. त्यानंतर नामदेव, एकनाथ आदि संतांचे हिन्दी पदसंग्रह प्रसिद्ध करण्यात आले. प्रस्तुत ग्रंथात प्रा. रा. तु. भगत यानी समर्थ रामदास यांच्या हिन्दी पद संग्रहाचे संकलन–संपादन केले आहे. अशा प्रकारच्या संग्रहांच्या प्रकाशनामुळे हिन्दी-मराठी वाचकांस मराठी संतांच्या हिन्दी रचनेचा परिचय होत आहे ही स्वागतार्ह व आनंदाची बाब आहे, असे मला वाटते.

मराठी संतांच्या या हिन्दी रचनेतही त्या त्या संतांचे व्यक्तिमत्त्व प्रतिबिंबित झाले आहे. त्यांच्या मराठी साहित्यांत ज्या विचारांचे व भावनांचे दर्शन घडते, तेच त्यांच्या या हिन्दी रचनेनही बव्हंशी घडते. त्याचे मराठमोळे मन त्यांच्या या हिन्दी वाणीतूनही प्रकट झाले आहे. मराठी मनाची ही स्पंदने हिन्दीतही उमटली आहेत. भारतीय संत-साहित्याच्या विकासाचा आलेख रेखाटताना या गोष्टीचे अनन्यसाधारण महत्त्व जाणवल्यावाचून राहात नाही.

अद्वैतमत हेच रामदासांच्या सम्प्रदायाचे अधिष्ठान होय. पिंड-ब्रह्मांडा-विषयी त्यांनी दासबोधात केलेले विवेचन या संदर्भात विशेषेकरून लक्षात घ्यावयास हवे. पिंड-ब्रह्मांडात त्यांना एकाच चैतन्याचा प्रत्यय आला आणि 'आत्मारामा' च्या संकल्पनेतही याच चैतन्याचे प्रतिबिंब उमटले आहे, 'प्रत्यक्षीकरण' झाले आहे. 'सब घट भय नजेर न आवे' (बा. क्र. ५३) असे रामदास म्हणतात ते यासाठीच. या आत्मारामालाच-चैतन्यालाच त्यांनी विश्वाचा सूत्रचालक– 'आलम का साहीं' (बा. क्र. ५३) म्हटले आहे. 'साहीं सब घट' (बा. क्र. ५३) या पदातही त्यांनी हाच विचार प्रतिपादिला आहे. म्हणूनच त्यांची अवस्था 'मेरे तो ग्यान ध्यान सब राम' (बा. क्र. १) असे ते म्हणतात ते या साठीच. या चैतन्याशीं एकरूप होणें हे जीवाचे अन्तिम ध्येय असल्याने ते स्वतःच्या मनाला आणि, अन्य साधकांना 'देना राम लेना राम'

( वा. क्र. ६३ ) असा बोध करीत आहेत. असे केल्यानेच 'जे जे भेटे भूत । तें तें मानिजे भगवंत ( जीत देखो तीत रामहि राम । वा. क्र. २५६ ) अशी सर्वाभूतीं भगवद्भावाची प्रचीती येणार. त्यासाठी साधना करायला हवी. म्हणून ते रसनेला रात्रंदिवस रामनामाचा जप करायला सांगतात. ( रसना रयन दीन राम जपावे– वा. क्र. ३९९) तसे केले तरच चौऱ्यांयशीच्या फेऱ्यातून मुक्ती मिळणार.

"गोबींद मुख मोरे राघव मुख मोरे । छुटत लख चौऱ्यासी फेरे ।।

असे केले नाही तर मात्र फजीती होणार, असे ते हडसून खडसून सांगतात–

"राम–भगत बीन फजीयत होगो । " ( वा. क्र. ३१९ )

आत्मज्ञानाची प्राप्ती हे साधनेचे अन्तिम फलित होय, हे त्यांनी–

'रामदास' कहे येक रामविन । जुगुत–ग्यानकि जोत गई ।।

या सारख्या पदांतून विशद केले आहे. शेवटी साधकाला रामरसाचे प्राशन हेच अत्यंत सुखावह कसे वाटते, हे त्यांनी–

'सुन मेरी रसना राम उच्चारो । राम रस लीये, और रस डारो ।'

या पदात वर्णिले आहे. दोन साक्षात्कारी पुरुषांच्या अनुभवांत, विचारविश्वात किती साम्य आढळते, याचे स्मरण येथे होते. तुकोबांनीही आपल्या हिन्दी पदांत अशा आशयाचे विवेचन केले आहे. रामरसाविषयी ते म्हणतात–

"तुका कहे रामरस जो पीवे । बहुरिही फेरा कबहु न खावे ।।"

जीवनाचे अन्तिम उद्दिष्ट परमात्म्याची प्राप्ती हे एकदा निश्चित झाल्यावर लौकिक आणि पारलौकिक यांच्या सीमा रेषा स्पष्ट होतात, उजळून निघतात. संसाराची असारता अधिकाधिक तीव्रतेने जाणवू लागते. रामदासांच्या–' दुनिया खाली पसारा ( वा क्र. ५३ ), ' झुटी हय रे दुन्याई, ( वा. क्र ५३ ), या हिन्दी पदांत हेच सातत्याने जाणवते. ' जुठी काया जुठी माया ' ( वा. क्र. १) यासारख्या पदातूनही त्यांनी ' ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या ' हे सूत्र गोवले आहे.

समर्थ रामदासांची ही हिन्दी पदावली वाचताना एका गोष्टीचे राहून राहून आश्चर्य वाटते. रामदासांच्या मराठी लेखनातील प्रपंचविज्ञानाचे येथे दर्शन का घडू नये ? त्यांच्या 'महाराष्ट्र-धर्मा'ची येथे का प्रचीती येऊ नये ? त्यांच्या तत्त्वप्रणालीचा ठसा जरी या हिन्दी पदावलीवर पडला असला तरी त्यांच्या महाराष्ट्र धर्मांच्या व प्रपंच विज्ञानाच्या प्रतिपादनात त्यांचे आगळेपण विशेषेंकरून जाणवते. प्रवृत्ती व निवृत्ती यांचा समन्वय, प्रयत्नवादाचा पुरस्कार आणि समर्थप्रणीत ' राजकारण ' यांमुळे समर्थांच्या मराठी लेखनाला जे आगळेपण लाभले आहे ते मात्र या हिन्दी पदावलीला लाभत नाही. मला वाटते समर्थांच्या हिन्दी लेखनाचा आणखी शोध घेतल्यास कदाचित् हा हरवलेला दुवा सापडू शकेल.

प्रा. रा. तु. भगत यांनी या पदसंग्रहाचे संपादन केल्याबद्दल धन्यवाद.

## निवेदन । रा० तु० भगत

'समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली' इस ग्रंथ के द्वारा समर्थ रामदास की २०७ अप्रकाशित और ८ प्रकाशित हिन्दी पदों की सामग्री हिन्दी पाठकों के सामने सर्व प्रथम आ रही है। समर्थ की हिन्दी रचना का यह व्यापक विस्तार हिन्दी-मानस को सुख प्रदान करनेवाला है।

धार्मिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक एकता के लिए संत नामदेव, दामोदर पंडित और तुकाराम आदि संतों ने एक प्रबल माध्यम के रुप में जैसे हिन्दी का स्वीकार किया वैसे रामदास ने भी हिन्दी का स्वीकार कर अपनी लोकाभिमुख वृत्ति का साक्ष दिया है। इसलिए समर्थ की हिन्दी रचना का अध्ययन सभी पाठकों के लिए अनिवार्य हो गया है। क्योंकि इस प्रकार का अध्ययन होने पर ही समर्थ की हिन्दी-रचना के पीछे जो प्रेरणाएँ हैं, उनका आकलन होगा, मध्य-युगीन भक्ति-साधना का बोध होगा और धार्मिक आंदोलन का कारण भी मालूम होगा। इस के साथ साथ भाषा शास्त्रीय अध्ययन के लिए नई सामग्री मिलेगी और हिन्दी-मराठी के तुलनात्मक अध्ययन के लिए नई भाव-भूमि मिलेगी। इसतरह भावात्मक एकता बढाने में जो सहयोग मिल जायगा वह सर्वोपरि है। अत: इसी उदात्त हेतु से समर्थ की हिन्दी पदावली का यह मूल धन मैं हिन्दी पाठकों के जिम्मे सानन्द सौंप रहा हूँ।

प्रस्तुत ग्रंथ के लिए 'भूमिका' और 'प्रवेश' लिख देने का कार्य हिन्दी के सुप्रसिद्ध अभ्यासक एवं सुधी समीक्षक डॉ. भगीरथ मिश्रजी और डॉ. कमलाकान्त पाठकजी ने किया है। मेरे जैसे अहिन्दी प्रदेश के, एक सामान्य अभ्यासक को "आगे बढ़ने" का जो हौसला उन्होंने प्रदान किया है, वह असल में अविस्मरणीय है। मैं दोनों का भी हृदय से आभारी हूँ।

प्रस्तुत ग्रंथ आदरणीय डॉ. चन्दूलाल दुबेजी, डॉ. भगवानदास तिवारीजी और डॉ. व. स. जोशीजी की प्रेरणा का ही फल है। मैं इन महानुभावों का ऋणी हूँ।

प्रस्तुत ग्रंथ को प्रकाश में लाने के लिए श्री. अनिलकुमार मेहताजी ने ठोस सहयोग दिया है। मै उनका हृदय से आभारी हूँ। सेवा मुद्रणालय के संचालक श्री गो. वा. कुलकर्णी तथा सभी सेवक भी धन्यवाद के पात्र हैं।

लक्ष्मी-निवास,<br>
जिजामाता गर्ल्स हायस्कूल के सामने<br>
कोल्हापूर (महाराष्ट्र).

रा० तु० भगत

## भूमिका । डॉ० भगीरथ मिश्र

यह बडे संतोष और प्रसन्नता का विषय है कि हिन्दीतर भाषा-क्षेत्रों में प्राचीन हिन्दी रचना सम्बन्धी शोध और वर्तमान हिन्दी साहित्य सर्जना का कार्य बडी निष्ठा और रुचिपूर्वक किया जा रहा है। इस प्रकार के कार्य में महाराष्ट्र प्रदेश सब से आगे है। इस क्षेत्र में महाराष्ट्र के सन्तों तथा अन्य राज्याश्रित कवियों का हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान है। नामदेव और दामोदर पंडित से महाराष्ट्र में हिन्दी सन्त वाङ्मय रचना का आरम्भ हुआ और वह एकनाथ, तुकाराम और समर्थ रामदास तथा उनके उपरांत तक उसका क्रम चलता रहा। इस दिशा में सबसे पहला कार्य आचार्य विनय मोहन शर्मा का था जिसमें 'मराठी सन्तों की हिन्दी साहित्य को देन' विषय पर व्यापक रीति से प्रकाश डाला गया है। उसी परम्परा में मराठा शासकों के आश्रित हिन्दी कवियों पर डॉ. कृष्ण दिवाकर ने महत्त्वपूर्ण खोज की और महाराष्ट्र के नाथपंथी कवियों की हिन्दी कविता पर डॉ० अशोक कामत ने अपना शोधपूर्ण कार्य किया। इनसे ऐसा स्पष्ट हुआ कि अनेक कवियों की अपनी अपनी प्रभूत हिन्दी रचनाएँ हैं, जो प्रकाश में आनी चाहिए और जिससे यह सिद्ध होता है कि सांस्कृतिक और वैचारिक एकता की कडी के रुप में हिन्दी भाषा का महत्त्वपूर्ण कार्य रहा।

संत नामदेव की हिन्दी पदावली का प्रकाशन इन संतों की वैयक्तिक रचनाओं को प्रकाश में लाने का एक महत्त्वपूर्ण कार्य हुआ। तदनन्तर डॉ. अशोक कामत द्वारा दामोदर पंडित की हिन्दी पदावली प्रकाशित कराई गयी। इस प्रकार के कार्यों में प्रो. तुलपुले द्वारा प्रणीत 'पाच संत कवि' तथा 'लीळा चरित्र' भी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इस प्रसंग में महाराष्ट्र शासन का मराठी संत कवियों की गाथाओं को प्रकाशित करने का कार्य अभिनन्दनीय है। श्री. रामचन्द्र चिन्तामण ढेरे और डॉ. अशोक कामत ने मानपुरी पदावली प्रकाशित कराई, वह भी एक महत्त्वपूर्ण कडी है। उसी क्रम में प्रा रा. तु. भगत ने समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली को प्रस्तुत ग्रन्थ के रुपमें प्रकाशित किया है। उनका यह कार्य कई दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी विस्तृत भूमिका में न केवल महाराष्ट्र की सन्त काव्य की भूमिका का उल्लेख किया है वरन् समर्थ रामदास की समकालीन परिस्थितियों जीवनी और कार्य पर भी विस्तृत

प्रकाश डाला है और हिन्दी सन्त काव्य–परम्परा में उन्हें सम्बन्धित किया है। इस के साथ ही समर्थ की पदावली की भाषा और उन के विशिष्ट प्रयोगों पर भी प्रकाश डाला है। इस प्रकार समर्थ रामदास की पदावली के लिए बडी उपयोगी पीठिका उन्होंने प्रस्तुत की। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

समर्थ रामदास महाराष्ट्र के समर्थ और प्रबल रामभक्तों में थे। वे हनुमान के उपासक थे। प्रस्तुत हिन्दी पदावली से उन के समन्वयवादी उदार और उदात्त व्यक्तित्व की एक झलक हमें प्राप्त होती है। इस पदावली में राम और हनुमान का स्तवन और गुणगान तो है ही। रामकथा के कुछ अन्य पात्रों की भक्ति भावना का भी उल्लेख है, जो उनकी उदार भावना का द्योतक है। इस से स्पष्ट होता है कि न तो समर्थ रामदास का और न तो महाराज शिवाजी का कोई इस्लाम विरोधी भाव था। वे तो व्यापक मानवतावादी भावना के संरक्षक थे। इस पदावली के अनेक पदों में समर्थ की भक्ति–भावना की तन्मयता स्पष्ट होती है। राम के भक्त तो वे थे ही, परन्तु कृष्ण–भक्ति सम्बन्धी उनके अनेक पद इस पदावली में संग्रहीत हैं। इस से स्पष्ट है कि समर्थ स्वामी रामदास व्यापक आध्यात्मिक भावना और उदार सामाजिक चेतना के व्यक्ति थे और उनका प्रेरक व्यक्तित्व कर्मनिष्ठा को जगानेवाला था। हम आज भी उनसे प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं। प्रा. रा. तु भगत ने इस पदावली को प्रकाशित कर महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। आशा है वे इस प्रकार के कार्य आगे भी करते रहेंगे।

**डॉ. भगीरथ मिश्र**
अध्यक्ष
हिन्दी विभाग, सागर
विश्वविद्यालय, सागर.

सागर
१६ जून १९७६

## प्रवेश । डॉ० कमलाकान्त पाठक

'समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली' का प्रवेश लिखते हुए मुझे प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। समर्थ रामदास का भारतीय धर्म-साधना में विशिष्ट स्थान है। भारतीय साहित्य के मध्यकालीन भक्ति-आन्दोलन का समुत्कर्ष उनके काव्य में पाया जाता है। भागवत धर्म के प्रचार-प्रसार में उनका अविस्मरणीय योगदान है। हिन्दी में समर्थ रामदास की पदावली कहीं पुस्तकाकार उपलब्ध नहीं है। रामदास के जीवन और साहित्य पर भी कोई अच्छी आलोचना नहीं पायी जाती। प्रस्तुत पुस्तक इस अभाव की पूर्ति का प्रशंसनीय आरंभिक प्रयास है।

भारतीय संस्कृति की मूलभूत विशेषता उसकी आध्यात्मिकता है, वह एकांतिक धर्मसाधना नहीं है। उसमें ज्ञान, कर्म और भक्ति का सामंजस्य पाया जाता है। अवश्य ही युग-चेतना के अनुरूप उसमें कभी ज्ञान की अथवा कभी भक्ति या कर्मयोग की प्रधानता रही है। व्यक्तिगत प्रवृत्ति भी इनमें से किसी एक मार्ग को अपने आत्म-विकास के लिए अपना लेनेमें स्वतंत्र रही है। भारतीय साहित्य में भक्ति की धारा सुदीर्घ काल-व्यापी और अद्वितीय है। आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास में उसका महत्व असंदिग्ध है। इस भक्ति-धारा का साहित्यिक श्रेष्ठत्व सर्वमान्य है।

भारतीय भक्तिकाव्य विशाल महानद है, जिसमें सगुण और निर्गुण भक्ति, बौद्ध और जैन साधना, तंत्र और मंत्र तथा नाथपंथ और सूफीमत की साधना--पद्धतियाँ समय--समय पर सहायक नदियों की भाँति सम्मिलित होकर एकान्वित होती गई हैं। कुछ साधकों या भक्तों ने अपने लिए किसी सुनिश्चित भक्ति--पद्धति को निर्धारित किया है अथवा सम्प्रदाय विशेष की सीमा स्वीकार की है, पर अधिकांश संतों ने आत्मानुभूति को प्रमाण माना है तथा सत्य के साक्षात्कार पर बल दिया है। अनेक संतों ने ज्ञान, भक्ति और योग की साधना--पद्धतियों का पार्थक्य तत्त्व-शून्य समझा है तथा सगुण और निर्गुण का भेद अमान्य कर दिया है। भक्ति-साहित्य में भगवान को ब्रह्म या सत्य माना गया है, फिर उसका चाहे जो रूप या आकार माना जाए किंवा न माना जाए। भक्ति के लिए अनिवार्य है अनन्य और अटूट प्रेम तथा पूर्ण शरणागति। यह भक्ति चाहे किसी भी सांसारिक मनोभाव का आधार ग्रहण कर सकती है। इस भक्ति-मार्ग पर वैष्णव उपासना का सर्वाधिक प्रभाव है, जो

अहिंसा, प्रेम और सत्य–निष्ठा के रुप में दिखाई पड़ता है । आराध्य चाहे राम या कृष्ण हों या निर्गुण, निरंजन, निराकार ब्रह्म अथवा कबीर का 'साहब' अथवा सूफियों की 'प्रेमिका' भक्ति में कोई अन्तर नहीं पड़ता । संत या भक्त के बाह्य और आन्तरिक जीवन की पवित्रता में भी कोई फर्क नहीं है । भक्तों के विधि-निषेध प्राय: एक जैसे हैं । वे पवित्र या सदाचारी जीवन, निर्मल मन और शुद्ध अंत:करण लिए हुए हैं । इसी जीवन–विधि से वे अपने साध्य को पाने में किंवा आत्मोद्धार कर पाने में सक्षम सिद्ध हुए हैं ।

भारतीय संतों या भक्तों की साधना मूलत: आत्मोद्धार की भावना से प्रेरित है, पर उसे मात्र आत्मनिष्ठ प्रवृत्ति मान लेना महान भूल समझी जाएगी । भारतीय जीवन-पद्धति में व्यक्ति और समाज तथा आत्म–विद्या और लोक–विद्या में पूर्ण सभंजन है । वह अपने ढंग का पूर्ण जीवन–दर्शन है । त्याग और अपरिग्रह पर वह आधारित है । उसमें अनुरक्ति तथा विरक्ति का विलक्षण मेल है । जो कुछ गोचर है, वह नश्वर है, माया है और पुरुषार्थ–चतुष्टय से विचलित करनेवाला है । संसार परिवर्तनशील और नाशवान है, अत: दु:खप्रद है । उससे छुटकारा पाने के लिए या जीवन को कृतार्थ करने के लिए सत्य का दर्शन या आराध्य में तैलधारावत् प्रेममयी भक्ति की आवश्यकता है । प्रत्येक व्यक्ति को अपना उद्धार आप करना है । संत-महात्मा असीम की अनुभूति करते हुए लोक-कल्याण में भी निरंतर प्रवृत्त होते हैं । 'शरीरं त्वं शम्भो' कहें या सियाराममय जगत् मानें, अन्तत: भारतीय धर्म-साधना का उद्देश्य लोक-कल्याण ही है । महात्मा वही है, जो लोकात्मा होने की क्षमतावाला है । इसलिए समाज की व्यथा उसकी अपनी व्यथा होती है तथा लोक का कल्याण उसका अपना कल्याण होता है । आशय यह है कि संतों या भक्तों की आत्मनिष्ठता उनकी लोकनिष्ठता का सहायक तत्त्व है, बाधक उपादान नहीं ।

भारतीय जीवन–पद्धति सामंजस्यशील है, अत: उसमें व्यक्ति और समाज, आत्मा और जगत् तथा ज्ञान और भक्ति में अविरोध ही नहीं, परिपूरकता भी पायी जाती है । हमारी सांस्कृतिक संक्रांति से भक्ति–आन्दोलन जन्मा था । अत: उसमें नवजागरण और सांस्कृतिक पुनरुद्धार की चेतना ओतप्रोत थी । भक्ति का राजमार्ग जाति, वर्ण और धर्म के सभी भेदों से ऊपर था और वह सभी के लिए उन्मुक्त था । वस्तुत: उसका अधिष्ठान मानव-धर्म था । धार्मिक संकीर्णता के निवारण का कार्य संतों और सूफियों ने अपने–अपने तौर–तरीके से किया था । आत्म कल्याण का अधिकार सभी को सर्वत्र सुलभ था । राम, कृष्ण या विठ्ठल की उपासना ने इसी मार्ग को और अधिक प्रशस्त

किया। महात्मा गांधी इसी भक्ति-मार्ग के शीर्ष फल हैं। आधुनिक युग में सत्य की निष्ठा ने सर्व धर्म समन्वय और अखंड मानव-संस्कृति की चेतना को जन-जन में जगाया है। यहाँ भौतिकता और आध्यात्मिकता किंवा वैयक्तिकता और सामाजिकता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, एवं उस सिक्के का निर्माण हुआ है नैतिकता की अमूल्य धातु से। स्पष्ट है कि भारतीय जीवन दृष्टि में आंतरिक विरोधों को समाप्त करने की शक्ति है। उसमें व्यापकता है, एकांगिता नहीं। इसी कारण भारतीय संस्कृति सतत प्राणवान् रही; वह कभी म्रियमाण नहीं दिखाई पडी।

सहस्राब्दियों से इस देश को प्राणवंत बनाये रखने का कार्य संतों और महात्माओं ने किया है। भारत की सांस्कृतिक एकता और प्रत्येक परिस्थिति में जीवित-जाग्रत रहने की उसकी शक्ति का स्रोत उसका दर्शन है। हमारे यहाँ सत्य का साक्षात्कार किया गया है, इसीलिए भारत की आत्मा उसका दर्शन है। हमारी जीवनपद्धति उसी से अनुस्यूत है। जब कभी भारतीय जीवन उद्वेलित या असंतुलित हुआ है, तब तब हमारी मनीषा उसे प्रकृतिस्थ करने का अथक उद्योग करती रही है। जगद्गुरु शंकराचार्य हों या गौतमबुद्ध, सभी ने अपने अपने युग की आवश्यकता का ध्यान रखते हुए हमें नव्यतर चिन्तन और जीवन-शक्ति प्रदान की है। इस्लाम के प्रचार-प्रसार युग में यही कार्य आचार्यों, सन्तों, भक्तों और महात्माओं ने संपन्न किया है। उनके ही प्रयास का यह फल है कि भारत पराधीनता के पाश में जकडा जाने पर भी निष्प्राण नहीं हुआ, न उसकी संस्कृति ही विनष्ट हुई। आधुनिक युग में भी यह श्रृंखला विकसित होती हुई देखी जा सकती है। वेदान्त केसरी विवेकानन्द और महात्मा गांधी का नाम ही प्रेरणा-दायक समझा जाता है।

हमारे यहाँ के कवि भी सत्य का संधान करते रहे हैं। ज्ञानदेव हो या तुकाराम, कबीर हो या तुलसी, मध्ययुग के सभी भक्त कवि उपर्युक्त परम्परा में ही परिगणित होते हैं। अवश्य ही अनेक कवि या रचनाकार लौकिक प्रवृत्तियों तक ही अपने को सीमित रखते हैं। यहाँ उनकी चर्चा नहीं हो रही है। हमारी परंपरा में जाति, धर्म, देश, भाषा या भूषा के भेद-प्रभेद निस्तत्त्व और सत ही माने गए हैं। भारत की भावनात्मक एकता की संस्थापना हमारे दार्शनिकों, कवियों और भक्तों ने की है। राज्यशक्ति उनके कार्यों में साधक या बाधक जो भी रही हो, वे उससे प्रायः निःस्संग रहे हैं। कभी-कभी लोक-जीवन की दुर्दशा से क्षुब्ध होकर वे 'यवन महामहिपाल' अथवा 'बुडाला औरंग्या पापी' जैसी उक्तियाँ भर उच्चरित कर देते हैं, जो उनकी प्रतिनिधि भावधारा कदापि नहीं है, केवल प्रासंगिक कथन हैं।

इस परम्परा में जो रामभक्त कवि हुए, उनमें अग्रगण्य है हिन्दी में गोस्वामी तुलसीदास और मराठी में समर्थ रामदास । कालक्रम की दृष्टि से तुलसीदास के परवर्ती है रामदास । प्राय: सभी संत-महात्मा परिव्रजन और तीर्थाटन किया करते थे । हिन्दी क्षेत्र में जाने पर वे वहाँ की भाषा में सहज रुप से धर्मोपदेश भी दिया करते थे । उनके द्वारा देश की भावनात्मक एकता को स्थिरता प्राप्त होती थी । वे सांस्कृतिक चेतना के समर्थ संवाहक थे । लोकजीवन में नीति, धर्म और संस्कृति उन्हीं की प्रेरणा से बद्धमूल रहती आई है । हिन्दीतर क्षेत्र के संतों की हिन्दी वाणी का हमारे लोक-जीवन के इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान है । अनेक मराठी सन्तों की हिन्दी पदावली उपलब्ध है और संभवत: बहुत-कुछ इधर-उधर हो गई है या उन्हें दीमक चाट गई हैं । परतंत्र देश की अपनी कई समस्याओं में से हिन्दी ग्रंथों की सुरक्षा भी वस्तुत: एक कठिन समस्या थी । हाल में, ऐसी रचनाओं की खोज, उनके प्रामाणिक पाठका अनुसंधान तथा उन कृतियों की तलस्पर्शी आलोचना का दौर जोरों पर है ।

कोल्हापुर के प्रा. रा. तु. भगत ने समर्थ रासदास की हिन्दी पदावली पर श्रमसाध्य कार्य किया है । उन्होंने प्रस्तुत पुस्तक दो खंडों में तैयार की है । पहले खंड में ग्यारह अध्यायों में समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली का आलोचनात्मक परिचय है और द्वितीय खंड में समर्थ के दो सौ पंद्रह हिन्दी पद संकलित हैं, जिनके उचित शीर्षक दिए गए हैं ।

प्रथम खंड के ग्यारह अध्यायों में कई विषयों पर विचार हुआ है । मराठी संत साहित्य की परम्परा देते हुए संत साहित्य की भूमिका प्रस्तुत की गई है । समर्थकालीन जन-जीवन का विवरण देकर समर्थ रामदास के जीवन और कार्य का परिचय दिया गया है । तदनन्तर हिन्दी और मराठी की पद-परम्पर का पृथक्-पृथक् निरुपण हुआ है । समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली की भावधारा, भाषा और उसपर पडे हुए मराठी के प्रभाव का अलग- अलग विवेचन किया गया है । विशिष्ट शब्द-प्रयोगों को स्पष्ट करते हुए प्रस्तुत पदावली के आकलन पर लेखकीय वक्तव्य दिया गया है । इन अध्यायों का अनुक्रम निर्दोष नहीं भी हो, तो भी इस आरंभिक कार्य की सराहनीय भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता ।

द्वितीय खंड में जिन पदों का संग्रह हुआ है, उनमें से दो सौ सात हिन्दी पद हस्तलिखित बाडों से लिए गए हैं और आठ हिन्दी पद 'श्री समर्थांचा गाथा' शीर्षक प्रकाशित पुस्तक से । प्रकाशित पुस्तक में छिहत्तर हिन्दी पद हैं, पर हस्तलिखित बाडों के पाठ को प्रामाणिक मान लेने के कारण उनमें से


अडसठ पद अस्वीकृत किए गए हैं। फिलहाल हस्तलिखित बाडों का पाठ प्रामाणिक मान लिया जा सकता है। इस पुस्तक में बाड का एक चित्र भी छापा गया है, जो हस्तलेख की प्रामाणिकता का अनुमान तो करा ही देता है।

मैं प्रा० रा० तु० भगत के प्रस्तुत कार्य को उपयोगी मानता हूँ, प्रथमतः हिन्दी की व्याप्ति की दृष्टि से, और द्वितीयतः देश की भावनात्मक एकता के संदर्भ में। समर्थ रामदास का रचना--कार्य प्राणोदयकारी है। वह हमारे सामाजिक विकास को अग्रसर करने में सक्षम हैं। मुझे आशा है कि प्रस्तुत पुस्तक का समुचित स्वागत होगा और प्रा० भगत भविष्य में उच्चस्तरीय शोध-कार्य अवश्य सम्पन्न करेंगे।


**डॉ. कमलाकान्त पाठक**
अध्यक्ष
हिन्दी-विभाग,
नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर

नागपुर
१९ जून १९७६

# श्रीसद्‌गुरुसमर्थ



श्री समर्थ मंदिर; जांब (विदर्भ)


॥ गौडी ॥
धृ॥ चतुरा राम ही साध्या राम हि॥
साध्या केवळ राम ॥ झुठी काया॥
झुठी माया झुठा मी ठा काम ॥ध्रु॥
वयरावन की संतत संपत सम
ही छाडी पधारे ॥ ग्यानि कोटि
ध्यारि बिघ वा अयोगिरी गहुना
के रतारे ॥१॥ कौ रौ मारि बिजई
भये पांडो ते फुन गार गार ज्यान॥
जिन्हें ध्यायो की ठौर न पाई यज्ञौ
रन की काहा बात ॥२॥ रामदास॥
कहे चतुर सो ही ज्यो ज्यो कोउ॥
अवळ खवळ खावे॥ मुरख वपु
रा काम हि ध्यावे अंत काळ पछ
तावे॥३॥ध्रु॥

समर्थ रामदास का एक हिन्दी पद

[ लगभग तीन सौ वर्ष प्राचीन पाण्डु लिपि से ]

।। श्री ।।

# प्रथम खण्ड

## भूमिका

### अध्याय १

## मराठी सन्त साहित्य की परम्परा

मानवता का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब किसी देश में सामाजिक दुर्व्यवस्था का युग निर्माण होता है तब उस दुर्व्यवस्था को देखकर दुःखी होनेवाले अनेक लोग होते हैं, परन्तु सद्विवेक और सत्कार्य से उस दुर्व्यवस्था में सुव्यवस्था निर्माण करते हुए समाज में क्रांति उपस्थित करनेवाले बिरले ही होते हैं। पर-दुःख निवारण के लिए हरदम कटिबद्ध रहते हुए समाज में शांति, सुख एवं समृद्धि निर्माण करनेवाले व्यक्तियों की हमेशा कमी होती हैं। हमारे देश का यह सौभाग्य रहा है कि जब जब समाज में संघर्ष निर्माण हुआ और समाज-विनाश का समय निकट आया तब तब कोई न कोई उपदेशक, समाज सुधारक, नेता, कवि, तत्त्वज्ञानी और महापुरुष समाजविकास के लिए अग्रगामी रहा। ज्ञान, भक्ति और कर्म समन्वित एक विशाल पथ समाज के सम्मुख रखते हुए इन सपूतों ने हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और साहित्यिक परम्परा अक्षुण्ण रखी है। इन महानुभावों का साहित्य समाज-विकास का अभिन्न साधन रहा। साहित्य द्वारा नीति, धर्म और संस्कृति का सही अर्थ बताते हुए इन्होंने समाज-जागरण का महनीय कार्य किया। यह कार्य करते समय शाश्वत सामाजिक मूल्यों को भी उन्होंने समाज के सम्मुख रख दिया। वस्तुतः इनका साहित्य सामाजिक मंगलता की पावन गंगा बनकर समाज-जीवन की नाडीयों में बहता रहा। माँ भारती के सपूत श्री समर्थ रामदास का साहित्य-सृजन और सत्कार्य भी समाज-जागरण एवं समाज-पुनर्गठन का उच्चतर उद्घोष है। तत्कालीन सामाजिक ग्लानि को दूर करने का एक प्रबलतम साधन है। साहित्य-द्वारा श्री० समर्थ रामदास ने समाज-प्रबोधन का जो कार्य किया है वह गौरवास्पद है। अतः एक सन्त और साहित्यकार के नाते समर्थ रामदास का मराठी साहित्य परम्परा में जो स्थान है वह समझ लेना क्रमप्राप्त है। वस्तुतः नाथ, महानुभाव, वारकरी, दत्त और रामदासी पंथों में मराठी कविता की सृष्टि हुई

है। परन्तु प्रस्तुत विवरण में पंथ–विशिष्ट दृष्टिकोण न रखकर कालानुसार संत–परंपरा का विचार किया गया है।

## मुकुंदराज

इतिहास से यह बात ज्ञात होती है कि देशभर जिस नाथपंथ का प्रसार हुआ था उसका बारहवीं शताब्दि में महाराष्ट्र में भी सूत्रपात हुआ था। नाथपंथप्रणित कवि मुकुंदराज ( इ. स. ११२८–१२०० ) मराठी के आद्य कवि माने जाते है। "सुकाळु हो देवाया। ब्रह्मविद्येचा" इस उद्देश्य से उन्होंने 'विवेकसिंधु' की रचना की। 'पवन विजय', 'मूळस्तंभ' और 'पचीकरण' आदि की रचना भी उनके नाम पर देखने मिलती है। इन समस्त रचनाओं पर वेदान्त का प्रभाव द्रष्टव्य है। इस लिए नाथपंथी मुकुंदराज के ग्रंथों में योगानुभाव और गुरुभक्ति को विशेष स्थान प्राप्त हो चुका है।

## महात्मा चक्रधर

बारहवीं शताब्दि में दृढ़प्रहार नामक यादव राजाने महाराष्ट्र में (नाशिक-खानदेश) यादव राज्य की स्थापना की। इसी कालखंड में ( इ स. ११९४–१२७६ ) जन-जागृति के हेतु महात्मा चक्रधर ने 'महानुभाव पंथ' की स्थापना की। अहिंसा, निस्संग, निवृत्ति और भक्ति यह उनके कार्य की चतुःसूत्री थी। आत्म-परीक्षण, गुरुभक्ति और वैराग्य यह उन की आचार–संहिता थी। उनकी शिष्य-परंपरा सब से बडी थी। उनमें नागदेवाचार्य, रामदेव विद्यावंत, इंद्रभट, हटयोगी, नाथोबा, म्हाइंभट और सागरपंडित, जैसे विद्वानों के साथ आबाइसा, उमाइसा, महदाइसा, एल्हाइसा और देमाइसा आदि स्त्रियों का भी समावेश था। इन शिष्यों ने चक्रधर की विचार–संपदा का साहित्य के रूप में संग्रह किया हैं। म्हाइंभट कृत 'लीळा चरित्र' एक ऐतिहासिक चरित्रग्रंथ हैं। मराठी में चरित्र-लेखन की परम्परा में यह एक बुनियादी ग्रंथ माना जाता हैं। 'लीळा चरित्र' मूलत महात्मा चक्रधर की दैनंदिनी हैं। 'लीळा चरित्र' के आधारपर ही कवि केशवराजसूरी ने 'सिद्धान्तसूत्रपाठ' और 'दृष्टान्तपाठ' की रचना की हैं। महानुभाव पंथीय तत्त्वज्ञान के ये दो प्रमाण ग्रंथ हैं। इन दोनों ग्रंथों में महात्मा चक्रधर का विचारामृत है। महानुभाव पंथ के प्रथम सौ वर्षों में निम्न सात ग्रथों की रचना भी उल्लेखनीय है। इसमें दामोदरपंडितकृत 'वत्सहरण' (इ स १२७८) नरेंद्रकृत 'रुक्मिणी स्वयंवर' (इ. स. १२९२) भास्करभट्ट बोरीकरकृत 'शिशुपालवध' ( इ. स. १३०८ ) और 'उद्धवगीता' ( इ स. १३०९) पं. विश्वनाथ बाळापूरकृत 'ज्ञानप्रबोध' ( इ. स. १३३१ ) खळोव्यास-कृत 'सैह्याद्री वर्णन' ( इ. स. १३३२ ) और नारायणपंडितकृत 'ऋद्धिपूर वर्णन' ( इ. स. १३६३ ) आदि का समावेश होता है।

## महदाइसा

महानुभावपंथीय साहित्य परम्परा में कवयित्री महदाइसा (इ. स. १२३३–१३०२) का भी एक विशेष स्थान है। मराठी की आद्य कवयित्री के नाते उसका गौरवपूर्ण उल्लेख किया जाता है। कृष्ण–रुक्मिणी के विवाह-प्रसगपर आधारित उसके 'धवळे' नामक गीत सरल भावसौंदर्य के कोश है। इसके अतिरिक्त महदाइसा ने प्रासगिक पदावली की भी रचना की है।

"नामदेवाचेया खांदावरि करु। राजा चक्रधरु बीजे करी
सोनेसळी सेला : नेसला मालगंठी : म्हाइया आला भेटी : प्रभूचीये।"

भक्तिरस से लबालब भरा हुआ यह पद म्हदाइसा के भावपूर्ण हृदय का प्रकाशक है। अतः मराठी की एक भावसंपन्न आद्य कवयित्री के नाते महानुभावपथीय साहित्य परम्परा में महदाइसा का स्थान सर्वोपरि है।

## सन्त ज्ञानेश्वर

महानुभावपंथीय साहित्य में उत्तुंग कल्पना, उत्कट भावना उच्चतम पांडित्य और प्रौढ भाषा आदि साहित्यगत गुणों का भली भाँति प्रत्यय होता है। वस्तुतः धर्मप्रसार और भक्तिभावना के स्थानपर पांडित्य प्रदर्शन और कलाविलास की प्रवृत्ति का आधिक्य होने से सामान्य जन-मन तक महानुभावपथीय साहित्य नहीं पहुँच सका। फलस्वरूप सामान्य जनमन को स्पर्श करनेवाले साहित्य की माँग बढ़ने लगी। इसी अवसरपर मराठी में 'ज्ञानेश्वरी' की रचना करके ज्ञानेश्वर ने (इ. स १२७१–१२९६)–

"माझा मऱ्हाठाचि बोलु कौतुके।
परि अमृतातेंहि पैजा जिंके।
ऐसी अक्षरें रसिकें मेळवीन॥"

(ज्ञानेश्वरी ६–१४)

ऐसा कहते हुए अमृत से भी सरस मराठी भाषा की, बुनियाद डाली। ज्ञानेश्वरी के साथ-साथ 'अमृतानुभव', 'चांगदेव पासष्टी' और अन्य कई 'अभंगों' की रचना भी द्रष्टव्य है। वस्तुतः 'ज्ञानेश्वरी' ज्ञानेश्वर की कीर्ति का सुप्रभ स्तम्भ है। धर्म, भक्ति, तत्त्वज्ञान, कवित्व और साहित्य का सरस शब्दों में जो विवेचन ज्ञानेश्वरी में प्राप्त है वह अन्यत्र दुर्लभ है। अतः ज्ञानेश्वरी में उत्तुंग कल्पना-विलास, अपार शब्दसंपत्ति, सूक्ष्म अवलोकन और हृदयंगम भाषाशैली में जो साहित्य निर्माण हुआ है उसमें कवित्व, विद्वत्व और साधुत्व का सुन्दर समन्वय हुआ है। इसलिए तो कोटि कोटि हृदयों में आत्मसुख की शीतल छाया प्रदान

करनेवाली 'ज्ञानेश्वरी' महाराष्ट्र का परम ऐश्वर्य हैं। ज्ञानेश्वरी का एक एक पद अंगुरका गुच्छा है, जिसे मुँह में डालते ही कोई भी परम सन्तोष का अनुभव कर सकता है। उसमें प्रेम, प्रनिभा और प्रसाद का एक मनोज्ञ संयोग भी है। कवित्व, रसिकत्व एवं परमतत्त्व को स्पर्श करने का सामर्थ्य भी ज्ञानेश्वरी में उपस्थित है।

" वाचे बरवे कवित्व । कवित्वीं बरवें रसिकत्व ।।
रसिकत्वीं परतत्त्व– । स्पर्शु जैसा ।। "

## सन्त नामदेव

संत ज्ञानेश्वर के उपरान्त मराठी सन्त साहित्य की परम्परा में संत नामदेव का नाम उल्लेखनीय है। वस्तुतः नामदेव ज्ञानेश्वर के समकालीन ( इ. स. १२७०–१३५०)संत माने जाते है। महाराष्ट्र में 'ब्रह्मविद्येचा सुकाळ' करने का कार्य संत ज्ञानेश्वर ने किया तो 'हरिनामाचा सुकाळ' करने का कार्य नामदेव ने किया। ज्ञानेश्वर का अलौकिक व्यक्तित्व तत्कालीन समाज के सामने उच्च आदर्श के रुप में उपस्थित था तो नामदेव का जीवन सामान्य जन की भाँति संसारगत समस्याओं में व्याप्त था। अत: सामान्य जन के लिए नामदेव का जीवन और साहित्य अत्याधिक निकट का लगता था। संत नामदेव विठ्ठल के अनन्य भक्त थे।

' ज्ञान विठ्ठल ध्यान विठ्ठल । नामा का स्वामी प्राण विठ्ठल । '

इस प्रकार की आर्त पुकार लगानेवाले संत नामदेव मराठी के साथ साथ हिंदी के भी कवि थे। शतकोटि अभंग रचने की प्रतिज्ञा करनेवाले नामदेव का 'अभंग-गाथा' जैसे उपलब्ध है वैसे 'नामदेव की बानी' 'नानक साहेब' ग्रंथ में संग्रहित है। साथ ही साथ उन्होंनें 'तीर्थावली' और 'समाधि' नामक अभंगों में अपने साथ साथ ज्ञानेश्वरादि का चरित्र भी शब्दबद्ध किया है। ज्ञानेश्वर के पहले चरित्रकार इस नाते नामदेव का ही नाम लिया जाता है। अत: मराठी साहित्य-परम्परा में आद्य आत्म चरित्रकार के नाते नामदेव का स्थान सर्वोपरि है। संत नामदेव के समस्त साहित्य में उनकी उत्कट भक्ति दर्शनीय है। उत्कट भक्ति ही परमार्थ प्राप्ति का प्रधान साधन है– यह उनकी मनोभूमिका है। इसलिए 'संसारी असावे, असोनि नसावे' यह उनका उपदेश है। 'सुखाचे कारण ते अतरी असे' इस तरह सुख की राह दिखलानेवाले नामदेव–

' कोटि सूर्यप्रभा दीप्ति । गगनी झळकली अवचिती ।।
संत नामया सांगाती । पैल आला कमलापति ।। '

इन शब्दों में साक्षात्कार का काव्यमय वर्णन भी करते हैं। विशेषत: उनका

सिद्धावस्था का वर्णन हृदयग्राही है । सर्वव्यापी ईश्वर के दर्शन हो जानेपर नामदेव को सर्वत्र ईश्वर ही ईश्वर दिखाई देता है ।–

> ' ईभै बीठलु, उभै बीठलु, बीठल बिनु संसार नही ।
> थानथनंतरि नामा प्रणवै पूरि रहिउ तूं सख मही ।। '

गोरा कुंभार, नरहरी सोनार, सावंता माळी, परिसा भागवत, जगमित्र नागा, चोखा मेळा, बंका महार और जनाबाई ये सारे संत नामदेव परंपरा के संत माने जाते हैं ।

## सन्त एकनाथ

सोलहवीं–सत्रहवीं शताब्दि में जब महाराष्ट्रभर लोकजागरण का आंदोलन अपनी चरम सीमापर पहुँच गया था तब सामाजिक और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के गतिविधि बनकर मराठी साहित्य में संत एकनाथ (इ. स. १५३३–१५९९) का आविर्भाव हुआ । तत्कालीन समाज की दैन्यावस्था का अवलोकन करते हुए, समाज–मंगल भावना के हेतु भागवत धर्म की पताका लेकर संत एकनाथ समाज के सामने उपस्थित हुए । पूर्ववर्ती सन्त–साहित्य की अमानत लेकर केवल गुरुकृपा के कारण मराठी साहित्य क्षेत्र में पदार्पण करनेवाले संत एकनाथ कहते है कि—

> ' माझे वांकुडे तिकुडे आर्ष बोल । त्यामाजी ब्रह्मज्ञान सखोल ।
> नित्य नवी प्रेमाचीं ओल । हे कृपा केवळ संतांची ।। '

'चतुःश्लोकी भागवत', ' एकादशस्कंध विस्तृत टीका,' 'भावार्थ रामायण' और ' रुक्मिणी-स्वयंवर ' ये एकनाथजी के प्रमुख ग्रंथ हैं । इसके बावजूद हस्तामलक ' स्वात्मसुख, ' ' शुकाष्टक, ' ' आनंदलहरी, ' और ' चिरंजीव पद ' आदि स्फुट रचनाएँ भी प्राप्त हैं । विशेषतः ' आख्यान ', ' गौळण ' और ' भारूड ' इस-प्रकार के 'ललित ' और ' ग्रामीण ' काव्यप्रकार का सूत्रपात करने का श्रेय सन्त एकनाथ को ही है । उन्होंने अपनी विपुल ग्रथ-संपदा के आधारपर केवल मराठी भाषा का स्तर ही नहीं बढाया बल्कि उसे संस्कृताधिष्ठित पांडित्य का आधार भी दिया । शृंगार, वीर, करुण और हास्य आदि रसों की अपने साहित्य में बौछार लगाई । अध्यात्मिक ग्रंथ परम्परा का त्याग करते हुए कथात्मक साहित्य की नींव डाली । अतः मराठी साहित्य परम्परा में एक युगप्रवर्तक साहित्यकार के नाते सन्त एकनाथ का स्थान सर्वश्रेष्ठ है । एकनाथ परम्परा में एकनाथ के साथ उनके समकालीन सन्त दासोपंत, रामाजनार्दन, जनी जनार्दन और विठा रेणुकानंदन आदि पाँच सन्तों को ' नाथपंचायतन ' ऐसी संज्ञा दी जाती है ।

इस परम्परा में त्र्यंबकराज, विष्णुदास नामा, महालिंगदास, शिवकल्याण, रमावल्लभदास, कृष्णदास मुद्गल, कृष्णयाज्ञवल्की और मुक्तेश्वर आदि सन्तों का भी समावेश होता है ।

## सन्त तुकाराम

सतश्रेष्ठ ज्ञानेश्वर ने भागवत धर्म की बुनियाद डाली और संत तुकाराम ने भागवत धर्म के मंदिरपर शिखर की प्रस्थापना की । इसी बात को ध्यान में रखते हुए वहिणाबाई ने सभी सन्तों का स्थान निम्न शब्दों में निर्धारित किया है ।—

"संतकृपा जाली, इमारत फळा आली ।
ज्ञानदेवें रचिला पाया, रचियेले देवालया ।
नामा तयाचा किंकर, तेणें केला हा विस्तार ।
जनार्दन एकनाथ, ध्वज उभारिला भागवत ।
भजन करा सावकाश, तुका झालासे कळस ।। "

अत. मराठी संत–साहित्य की परम्परा में सन्त तुकाराम (इ.स. १५९९-१६५०) का आविर्भाव एक महत्त्वपूर्ण घटना है । पंढरी के विठ्ठल ही इनके काव्य की आदिप्रेरणा थी । इसलिए तो तुकाराम कहते है कि—

'नामदेवें केलें स्वप्नामाजी जागें । सवें पांडुरंगें येऊनिया ।
सांगितले काम करावे कवित्व । वाउगे निमित्य बोलो नये ।।'

इस तरह अपनी अ-भंग वाणी से 'वेदांचा तो अर्थ आम्हासीच ठावा । ' इस उक्ति को सार्थ बनाया । 'मज विश्वंभर बोलवितो ' इस विश्वास के साथ उन्होंने अभंग रचना की । ' अंतरीचा रंग उमटे बाहेरी ' यह उक्ति उनके 'अभंग-गाथा' पर लागू पड़ सकती है । उनके अभंग उनके मन का स्वच्छ दर्पण है । आशा–निराशा, अवसाद–उल्लास, विफलता–सफलता, प्रयत्नवाद और प्रारब्धवाद आदि परस्पर विरोधी मनोवृत्तियों का उद्रेक उनके अभंगों में से हो जाता है । जनसामान्य की भाषा में, जनसामान्य की अनुभूतियों का मार्मिक शब्दों में उद्घाटन करनेवाला यह सन्त असल में एक महान कवि ही था । अत: उनके अभंगों में कल्पना के स्थानपर वास्तव को, पांडित्य प्रदर्शन के स्थानपर स्वानुभूति को और शुष्क विचार के स्थानपर अंत:स्फूर्त भावना को महनीय स्थान प्राप्त हो चुका है । इसलिए उनकी समस्त अभंगवाणी को तत्त्वज्ञान, भक्ति, नीति और आचार विषयक मूल्यों का व्यापक सामाजिक अधिष्ठान मिल गया है । इसतरह संत तुकाराम का ' अभंग गाथा ' सामाजिक आचार-विचार का एक बृहद् कोश है ।

## समर्थ रामदास

'राघवाचीं पदें मानसीं धरीन ।
विश्व उद्धरीन हेळामात्रें ।।'

इस आत्मविश्वास के साथ समर्थ रामदास ने प्रथम कर्मयोग के प्रांगण में पदार्पण किया। विशेषतः मराठी साहित्य परम्परा में समर्थ रामदास का (इ. स. १६०८–१६८०) आविर्भाव एक असामान्य घटना है। क्योंकि पूर्ववर्ती समस्त संतों से समर्थ रामदास की साहित्यिक वृत्ति और दृष्टि भिन्न है। उनका साहित्य आत्मनिष्ठ कम है, विषयनिष्ठ अधिक है। 'करुणाष्टके' और 'दासबोध' उनके साहित्यिक कीर्ति के दो सुप्रभ स्तंभ है। 'करुणाष्टके' तो उनके साहित्य-मंदिर की बुनियाद है और 'दासबोध' शिखर है। करुणा, आर्तता, अगतिकता और असहायता ये 'करुणाष्टके' की विशेषताएँ हैं। इसमें भावना की सूक्ष्मता, व्यापकता, एकात्मता और आत्मनिष्ठता परम उत्कटता के साथ व्यक्त हुई है। 'एको रसः करुण एव' यही बचन प्रस्तुत ग्रंथपर लागू पड सकता है। इसके उपरान्त 'परमार्थाची वांछा चित्तीं धरून' दासबोध का प्रणयन किया गया है। 'परमार्थ' दासबोध की आत्मा है। 'दासबोध' का स्वरूप निम्न शब्दों में साकार हो उठा है —

'ग्रंथा नाम दासबोध । गुरुशिष्यांचा संवाद ।
येथ बोलिला विशद । भक्तिमार्ग ।।'

दासबोध की भक्तिरसात्मकता में और काव्यसौंदर्य में जो सामर्थ्य है वह समर्थ रामदास की अन्य कृतियों में दुर्लभ हैं। सार रुप में हम कह सकते हैं कि विवेक-युक्त वैराग्य, उद्यमशीलता, समाजोन्मुखता, भावोत्कटता, लोकोद्धार की प्रबल इच्छा और प्रयत्नशीलता उनके समस्त साहित्य की विशेषताएँ हैं। समर्थ रामदास की परम्परा में रामदास के साथ जयराम स्वामी वडगावकर, रंगनाथ स्वामी निगडीकर, केशवस्वामी भागानगरकर और आनंदमूर्ति ब्रह्मनाळकर आदि सन्तों का भी समावेश होता है। इसे 'रामदास पंचायतन' ऐसी संज्ञा दी जाती है। इन के साथ साथ गिरिधर, भीमस्वामी, आत्माराम महाराज एक्केहाळीकर, दिनकर गोसावी और कवयित्री वेणाबाई आदि सन्त भी उल्लेखनीय हैं।

## सन्त परम्परा के पंचप्राण

अतः प्राचीन मराठी सन्त साहित्य की परम्परापर एक सरसरी दृष्टि डालते समय कवि मुकुंदराज से समर्थ रामदासतक एक परमार्थपर एक ठोस साहित्य-सृष्टि हमारे सम्मुख खडी रहती है। सन्त ज्ञानेश्वर से तो मराठी साहित्य के वैभव का काल शुरु होता है।

'हा काव्यां रावो । ग्रंथ गुरुवतीचा ठावो ।
येथौनि रसा जाला आवो । रसाळपणाचा ।। '

इस वचन को जिन्होंने सार्थ किया और अद्वैत भक्तिपर अधिष्ठित भागवत धर्म-ध्वजा अखिल महाराष्ट्र में फहराई उस संतश्रेष्ठ ज्ञानेश्वर ने ' अवघाचि समार सुखाचा करीन ' इस हेतु से' ज्ञानेश्वरी ' का सुन्दर मन्दिर निर्माण किया। 'नाचूं कीर्तनाचे रंगी । ज्ञानदीप लावूं जगीं । ' इस उक्ति को अपने सामने रखते हुए सन्त नामदेव ने भागवत मंदिर को प्रशस्त किया ।' जन तेचि जनार्दन । एका जनार्दनी भजन । ' इस प्रकार जनता की सेवाको ही जनार्दन का भजन समझकर भागवत धर्म का प्रचार एवं प्रसार करने का कार्य संत एकनाथ ने किया । और अन्त में ' भक्ति ज्ञानें आणि वैराग्ये आगळा ' ऐसा संतश्रेष्ठ तुकाराम भागवत धर्म का चरम शिखर बन गया। इसके उपरान्त " केल्याने होत आहे रे । आधी केलेचि पाहिजे । यत्न तो देव जाणावा । अंतरी धरितां वरें । " इस परमार्थ पर अधिष्ठित प्रयत्नवाद का संदेश देकर समर्थ रामदास ने मराठी सरस्वती के विशाल प्रांगण में नवरसों का सुन्दर सरोवर निर्माण किया। अतः सन्त ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम और रामदास ये महाराष्ट्रीय सन्त-परम्परा के पंचप्राण हैं ।

## अध्याय २

# सन्त साहित्य की भूमिका

लगभग दसवीं ग्यारहवीं शताब्दि में महाराष्ट्र में मराठी भाषा का सूत्रपात हुआ । धीरे-धीरे उसे साहित्यिक भाषा का स्वरूप प्राप्त हो गया । नाथपंथीय कवि मुकुंदराज से मराठी साहित्य की एक उज्ज्वल रेखा दृष्टिगोचर होती है। कवि मुकुंदराज से समर्थ रामदास तक के सभी सन्त कवियों का काम कविता करना तो था सही परन्तु कविता करते-करते अपना कोई सामाजिक उत्तरदायित्व भी है इस बात की ओर उन्होंने अधिक ध्यान दिया था । इसलिए तो नाथपंथीय मुकुंदराज ने सभी समाज के लिए सगुण भक्ति का संदेश दिया है । संन्यास और कर्मठता पर कुठाराघात करते हुए ज्ञानमूलक भक्ति का मार्ग सब के लिए प्रशस्त किया और " प्रपंचाशी भिन्नत्व नाहीं परब्रह्मी " इस भूमिका को सर्वोपरि माना ।

करुणा, महात्मा चक्रधर का स्थायी भाव था। इसलिए 'हिंसारहित, संगरहित प्रवृत्ति धर्म कर्म रहित' संन्यस्त भक्तिपंथ सब समाज के सम्मुख रखने का कार्य उन्होंने किया। जीवात्मा को सभी बंधनों से मुक्त करते हुए उसका उद्धार परमात्मा के वस की बात है यह विचार उनके साहित्य में दृढ़मूल हो गया था। 'चहुं युगी परमेश्वरू। जीवातें उद्धरीति।' ऐसा ही उनका श्रद्धायुक्त भक्तिमार्ग था। इस तरह महानुभाव पंथीय सभी सन्तों ने समाज के सामने व्यापक और सम्यक् आचार धर्म की गाथा ही रख दी।

वस्तुतः महाराष्ट्र में परकीय राजनीतिक आक्रमण और ज्ञानेश्वरादि सन्तों का उदय इन दो समकालीन घटनाओं को बडा ही ऐतिहासिक महत्त्व है। इस में प्रथम घटना के कारण धर्म-संकट उपस्थित हुआ और द्वितीय घटना के कारण धर्म को संकट से मुक्ति दिलाने का कार्य हुआ। ज्ञानेश्वर मध्यकालीन महाराष्ट्र के आद्य सन्त। उन्होंनें तत्कालिन युग परिवेश का परिशीलन करते हुए जन-मन में धर्म के सत्य स्वरुप की स्थापना की। वे ईश्वरभक्ति और धर्म के सम्यक् ज्ञान एवं अभिमान की ध्वजा लेकर समाज के सामने उपस्थित हुए।

समस्त समाज के लिए ज्ञानेश्वर ने जो संदेश दिया उसका संकीर्तन करने का कार्य संत नामदेव ने किया। 'नाचूं कीर्तनाचे रंगी। ज्ञानदीप लावूं जगीं।' इस भूमिका से उत्तरी भारत तक उन्होंने भ्रमण किया और महाराष्ट्र के भक्तिमार्ग का परिचय करा दिया। भक्ति की पराकाष्ठा और मानवीय गुणों की उत्कटता सन्त नामदेव के अंतरंग का अभिन्न अंग था। अतः 'सर्वभूतहिते रतः' नामदेव ने सब समाज के लिए सुलभ ऐसा 'नामस्मरण' का पथ दिखलाया। इस हेतु समाज को मानवीय भावों से ही भर दिया। नामदेव परंपरा के संतों ने भी समोजोन्मुख कविता का प्रणयन किया। अनुभूति की खान से निकले हुए इन सन्तों के शब्दों ने समाज को 'सही राह' दिखलाने का प्रयास किया। गोरा कुंभार, नरहरी सोनार और सावंता माळी जैसे सन्तों ने भी ईश्वर की मानसपूजा का महत्त्व बताया।

सन्त एकनाथ को भी लोकोद्धार की तीव्र आस थी। उन्होंने प्रवृत्ति और निवृति, कर्मठता और कर्मसंन्यास, आत्मानुभव और शब्दपांडित्य और समाज-धारणा तथा व्यक्ति विकास आदि में जो द्वैत था वह नष्ट करने का प्रयास किया। आत्मोद्धार के साथ समाजोद्धार भी किया। इस प्रकार समन्वय बुद्धी के एक आदर्श सुधारक और उदारमतवाद के जनक इस नाते सन्त एकनाथ की भूमिका वैशिष्टयपूर्ण लगती है।

संत तुकाराम की वाणी में तो लोकोद्धार की आस चरम सीमा तक पहुँची है। उनकी अभंग रचना में व्यक्तिगत भावनाओं का आविष्कार होते हुए भी उसका

आशय तत्कालीन सामाजिकता से ही स्पर्श करता है। उनके समस्त अभंग आचार धर्म का सबक दिलाते हैं। समाजगत दौर्बल्य, दुष्टता और दांभिकता देखकर 'तीक्ष्ण शब्दांची उत्तरें। हाती बाण घेउनि फिरे।' इस उक्ति के अनुसार वे उनपर कुठाराघात करते हैं। 'तुका म्हणे फांसे, वाघुरा, कुऱ्हाडी। प्रसंगी जो काढी, पारधी तो।' इस तरह दुष्टों पर कुठाराघात करनेवाले सन्त तुकाराम की मूल भूमिका थी मानवधर्म की स्थापना।

'साधु दिसती वेगळाले। परि ते स्वरुपी मिळाले।
अवघे मिळोनि एकचि जाले। देहातीत वस्तु।'

(दासबोध ७–२–३१)

समर्थ रामदास के उपर्युक्त वचन के अनुसार महाराष्ट्र में विविध जाति के और धर्म के जो सन्त हो गए उनके कार्य का उद्देश था परमार्थ की प्रस्थापना। परमार्थ ही सन्त साहित्य की आत्मा है और आत्मप्रत्यय ही पारमार्थिक जीवन की सबसे बडी कसौटी है। सन्त ज्ञानेश्वर से समर्थ रामदास तक सभी सन्तों के लिए परमार्थ ही श्रेय और प्रेय था। समर्थ रामदास ने भी सामर्थ्य, विवेक, चातुर्य और लोकसंग्रह का सबक दिया। और प्रयत्नवाद की बुलन्द पुकार लगाई। इसतरह सभी सन्तों ने भक्ति साधन से आत्मविकास का पथ उजागर किया है। मनुष्य की दुःख से मुक्ति करते समय इन सन्तों ने कभी पतितपावन विठ्ठल कभी मर्यादा पुरुषोत्तम राम, तो कभी धर्मसंस्थापना की ध्वजा लेकर आनेवाले कृष्ण की ओर अंगुली निर्देश किया है। अतः व्यापक मानवधर्म की आराधना यही सब सन्तों के साहित्य की मुख्य भूमिका है। वस्तुतः

"दुरितांचे तिमिर जावो
विश्वा स्वधर्म सूर्यो पाहो।
वांछिल तें ते लाहो। प्राणिजात ॥"

संतश्रेष्ठ ज्ञानेश्वर का यह पसायदान सभी सन्तों के साहित्य का सारतत्त्व है।

◆ ◆ ◆

अध्याय २

# श्री समर्थकालीन जन–जीवन

## सामाजिक परिवेश

लगभग सन १६२८ से १६४० तक तीर्थयात्रा के हेतु समर्थ रामदास ने देशभर भ्रमण किया। इस समय उन्होंने भारतीय जन–जीवन निकट से देखा।

विशेषत: 'अस्मानी सुलतानी' और 'परचक्रनिरुपण' इन दो स्फुट कविताओं में तत्कालीन सामाजिक स्थिति का वर्णन किया गया है। उस कालखंड में समाज आतंकित नि:सत्त्व और विकलांग था। महर्घता से समाज जीवन की बुनियाद उखड गई थी। समाज का अध:पतन हो गया था। उस कालखंड के दयनीय लोकजीवन पर प्रकाश डालते हुए समर्थ रामदास कहते हैं कि–

'जन बुडाले बुडाले पोटेंविण गेले ।
बहुत कष्टले कष्टले कितियेक मेले ।।'

(अस्मानी–सुलतानी १)

और

'पदार्थ मात्र तितुका गेला । नुस्ता देशचि उरला ।
येणे करितां बहुताला । कष्ट जाले ।।'

(परचक्रनिरुपण, १९)

विशेषत: कृषक– श्रमजीवियों का वर्ग शोषित था। अतिवृष्टि, अनावृष्टि और अकाल आदि के कारण इस वर्ग की सर्वोपरि कितनी हानि होती थी इसका बडा मार्मिक चित्रण 'दासविश्रामधाम' में किया गया है–

'वेळे पाऊस पडेना । नासकवणी उघडेना ।
ऐसे कुळवाडयाचे भंड । दु:ख जाहले उदंड ।।'

(दासविश्रामधाम- पृ. ३००)

इस कालखंड में नारी जीवन की स्थिति और भी शोचनीय थी। नारी को अपनी सम्पत्ति मानकर उसका मनमाने भोग लिया जाता था। सुंदर स्त्रियों को भगाकर भ्रष्ट किया जाता था। सतीत्व का अपहरण किया जाता था। नारीत्व की पावन प्रतिमाओं पर जघन्य वासना के दीप जलाये जाते थे। हाथ की चुडियाँ, माँग का सिंदुर और गोदी के लाल का अस्तित्व भय से आतंकित था। विलास के उपकरणों को जुटाकर सुरा-सुन्दरी की आराधना में शासक वर्ग मग्न था। शासित वर्ग में भी उसके अनुकरण का बोलबाला था। नारी जीवन की इस नारकीय स्थिति का चित्रण समर्थ रामदास ने निम्न शब्दों में किया है —

"किती उत्तमा त्या स्त्रिया भ्रष्टवीती ।
किती गुज्रिणी ब्राह्मणी भ्रष्टविल्या ।
किती शांमुखी जाहाजीं फांकवील्या ।
किती एक देशांतरीं त्या विकील्या ।
किती सुंदरा हाल होऊनि मेल्या ।
लोक नीलंड नीलंड काढुनि नेती पोरी ।।"

समाज में मतमतांतर का झमेला इतना बढ़ गया था कि, ' जो जे मती सांपडला। तयासि तेच थोर। ' की स्थिति निर्माण हो गई थी। इस स्थिति का वर्णन समर्थ ' अनायेक जालें ' इन शब्दों में कर देते हैं। सर्वत्र अनाचार, अन्याय और अनीति का साम्राज्य इतना बढ़ गया था कि ' जिसके हाथमें लाठी, उसकी भैंस ' वाली लोकोक्ति का ही अनुभव आता था। समाज का उच्च वर्ग भी अपने मूल्यों का त्याग करके प्रवाहपतित हो गया था। इस तरह समाज के सभी स्तरों में अवनति और अधःपतन का युग निर्माण हो गया था। वस्तुतः सामाजिक मूल्यों की बुनियाद ही डाँवाडोल हो रही थी। ऐसी भीषण अवस्था में समर्थ रामदास ने सामर्थ्य और श्रीराम की प्रतिष्ठा कर ' राष्ट्रधर्म ' का पुनरुद्धार किया। और समाजोन्नति के लिए संदेश दिया कि –

" धीर्धरा धीर्धरा तकवा। हडबडूं गडबडूं नका।
काळ देखोनि वर्तावे। सांडावे भय पोटिंचें॥"

## धार्मिक परिवेश

समर्थकालीन धर्म के क्षेत्र में अनास्था और अराजकता का राज्य फैला था। पंथ, मंत्र, तंत्र और ग्रंथ आदि प्रांतों में एकमत नहीं था। अंधश्रद्धा, मनो-दौर्बल्य, गुरुमार्ग और ईश्वर-चमत्कार सम्बन्धी समाज मे विकृत वातावरण फैला था। भक्ति के नामपर साधारण लोगों को पथभ्रष्ट करनेका कार्य शुरू था। अनेक देव-देवताओं का शोर मच गया था। समर्थ रामदास के शब्दों में कहना हो तो –

' देव झाले उदंड। देवांचें मांडिले भंड।
भूतां-देवतांचें थोतांड। एकचि जाहले॥ '

( दासबोध–११।२।२० )

इस सृष्टि का कर्ता एक है, यह बात सब लोग भूल गए थे। इसलिए तो " बहुत देवास नवस केले। बहुत गोसावी धुंडले। " ऐसी अंधःश्रद्धापूर्ण धर्माचरण की रीति के प्रति सर्वत्र प्रीति थी। ' जितुके देव तितुके मंत्र ' बन गए थे। सभी समाजपर अंधश्रद्धा का इतना प्रभाव था कि क्या सत्य, क्या असत्य, क्या धर्म, क्या अधर्म, क्या नीति, क्या अनीति और क्या उचित तथा क्या अनुचित इस संबन्ध में सर्वत्र संभ्रम फैल गया था। समर्थ रामदास इस स्थिति का मार्मिक चित्रण करते हुए कहते हैं कि,

' अवघें अनायक झालें। चहूंकडे। '

( दासबोध ११–२–२४ )

इस प्रकार धार्मिक क्षेत्र में जब सर्वत्र संभ्रम की बीमारी फैल गई थी तब–

‘ कैवारी हनुमान आमुचा । पाठीं असता जो जगजेठी ।
वरकड काय गुमान ।। ’

इस आत्मविश्वास के साथ समर्थ रामदास ने तत्कालीन समाज की धर्मग्लानि दूर करते हुए धर्मजागृति की नींव डाली ।

## राजनीतिक परिवेश

जब समाज का सभी स्तरों में अध:पतन जारी था तब राजनीतिक दृष्टि से भी यह कालखण्ड चिंतनीय था । यह बात सही है कि यह काल मुगल शासन के परमोत्कर्ष का काल था । इधर दक्षिण में अहमदनगर, बीजापुर और गोलकुण्डा राज्य की स्वतंत्र स्थापना हो गई थी । उधर दिल्ली में शहाजहाँ के रुग्ण होने के उपरान्त उनके पुत्रों में सत्ता के लिए संघर्ष आरंभ हुआ था । अन्त में दारा की हत्या करके औरंगजेब ने शासन की बागडोर सँभाल ली थी । औरंगजेब अपनी धार्मिक असहिष्णुता और अहम्मन्यता के कारण हिंदुओं में अप्रिय हो गया था । इसी समय महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज्य की बुनियाद डाली थी । फल–स्वरूप हिंदु–मुसलमानों में संघर्ष बढ़ रहा था । मुगलों के आक्रमण पर आक्रमण होते थे । आक्रमणकारी सैनिक विजय प्राप्त करते ही जनतापर पाशविक अत्याचार करते थे । कत्ले आम द्वारा निर्मम जनसंहार होता था । गाँव लुटे जाते थे । फसले जलतीं थीं । मंदिरों की दीवारें गिरती थी । फिर आक्रमण की आशंका से जनता संत्रस्त बन जाती थी ।

ऐसी भीषण राजनीतिक स्थिति में परकीय आक्रमण की आहट लगते ही नए, स्वतंत्र हिंदवी स्वराज्य की रक्षा के हेतु

‘ मारितां मारितां मरावे । तेणे गतीस पावावे ।
परत येता भोगावें । महद्भाग्य । ’

इन शब्दों में रामदास ने वीरवृत्ती का आवाहन दिया और–

“ मराठा तितुका मेळवावा । महाराष्ट्र धर्म वाढवावा ।
ये विषयीं न धरता तकवा । पूर्वज हासती ।। ”

ऐसा कहते हुए ‘ महाराष्ट्र धर्म ’ की नींव डाली ।

◆ ◆ ◆

## अध्याय ४

# समर्थ रामदास : आविर्भाव, सृजन और समालोचन

मराठवाडा के जांब नामक ग्राम में इ. स. १६०८ में श्री समर्थ रामदास का आविर्भाव हुआ। उनके पिता का नाम सूर्याजीपंत और माता का नाम राणूबाई था। सूर्याजीपन्त का कुलनाम 'ठोसर' था। वे देशस्थ ब्राह्मण थे। सूर्याजीपंत के पूर्व पुरुष में सर्व प्रथम कृष्णाजीपंत का नाम लिया जाता है। सूर्याजीपंत को ठोसर घराने का बाओसवाँ पुरुष माना जाता है। ठोसर घराने में रामोपासना की एक विशिष्ट परम्परा थी। परन्तु सूर्याजीपन्त सूर्योपासना करते थे। माना जाता है कि समर्थ रामदास का जन्म सूर्याजीपन्त की सूर्योपासना का ही प्रतिफल है।

श्री समर्थ रामदास का बचपन का नाम नारायण था। उनके बडे भाई का नाम गंगाधर था। गंगाधर का जन्म गंगा की उपासना का प्रतिफल माना जाता है। गंगाधर सत्शील, सदाचारसंपन्न और ज्ञानी पुरुष थे। 'श्रेष्ठ' और 'रामी रामदास' के नाम से भी वे प्रसिद्ध थे। उन्होंने 'भक्तिरहस्य' और 'सगुणोपाय' इन दोनों ग्रंथों की रचना की। इन दो ग्रंथों में नाम महिमा का उत्कटता के साथ वर्णन किया गया है। तत्कालीन सामाजिक और धार्मिक स्थिति का भी उसमें वर्णन है। एक भगवद्भक्त, ज्ञानी, सदाचारी और ग्रंथकार के नाते गंगाधर की ख्याति है।

### मैं विश्व की चिन्ता करता हूँ।

ठोसर कुलके संस्कारों का नारायण पर भी अधिक प्रभाव था। पाँच वर्ष की अवस्था में उनका मोंजीवन्धन हो गया। वे पाठशाला में जाने लगे। उनकी बुद्धि कुशाग्र थी। अक्षर सुन्दर था। शरीर पुष्ट और सशक्त था। खेलना, कूदना, तैरना, सैर करना और पेड़पर चढना आदि वालसुलभ क्रीडाओं में उन्हें विशेष अभिरुचि थी। कसरत करने का भी शौक था। परन्तु माँ राणूबाई को ये बातें पसन्द नहीं थी। एक दिन क्रोध के आवेश में आकर राणूबाईने कहा कि, 'पुरुषों को प्रपंच की चिंता करनी चाहिए।' यह सुनकर नारायण घर के अंधकारमय तहखाने में चुपचाप जाकर बैठ गये। वे चिंतन में मग्न हो गए। कारणवश राणूबाई उस अंधकारमय तहखाने में आ गई। अचानक नारायण का पद-स्पर्श हुआ। राणूबाई पहले डर गई और बाद में नारायण से बोली कि, 'नारोबा! तू यहाँ अँधेरें में क्या कर रहा है?' नारायण ने धीरगंभीर वाणी में कहा कि, 'मैं विश्व की चिंता करता हूँ।'

## आत्मसाक्षात्कार

अब नारायण ११ साल का हो गया था। पठन-मनन से उसकी आत्मज्योति प्रज्वलित होने लगी थी। भगवत्–साक्षात्कार के लिए मन में तीव्र जिज्ञासा निर्माण होने लगी थी। एक दिन भाई गंगाधर के पास अनुग्रह के सम्बन्ध में नारायण ने आग्रह किया। गंगाधर ने कहा कि, 'तू बालक है। अब ऐसी गडबडी मत करो।' नारायण को दु:ख हुआ। गाँव के निकटवर्ती हनुमान–मंदिर में जाकर यह प्रण करके बैठ गया कि, 'जब तक मुझे भगवान का साक्षात्कार नहीं होगा, मैं न तो अन्न–जल ग्रहण करूँगा, न मंदिर से हटूँगा।' कहा जाता है कि उस मंदिर में नारायण को श्री राम के दर्शन हो गए। उन्होंने नारायण के मस्तकपर हाथ रखते हुए 'रामदास' ऐसा कह दिया। श्री राम के साक्षात्कार के उपरान्त नारायण के मुखपर दिव्य आलोक फैल गया। नारायण नें समझ लिया कि यह भाई गंगाधर की ही कृपा है। यह बात सुनकर गंगाधर और माँ राणूबाई को अपार आनन्द हुआ।

प्रस्तुत प्रसंग समर्थ रामदास के अलौकिकत्व को स्पष्ट कर देता है। अत: वह सर्वसामान्य के लिए जितना अद्‌भूत उतना अनाकलनीय भी है। परंतु प्रस्तुत साक्षात्कार रामदास के जीवन विकास की एक महत्त्वपूर्ण सीढि है। वस्तुत: जब भक्त के मन में आराध्य के प्रति प्रेम भावना अपनी चरम अवस्थातक पहुँच जाती है तब उसके हृदय पटलपर आराध्य का स्वरूप सजीव हो उठता है। आराध्य का यह मूर्त स्वरूप ही साक्षात्कार है। ऐसा 'साक्षात्कार' अनुभूति का विषय होता है अभिव्यक्ति का नहीं। इसलिए तो वह शब्दातीत ही हो सकता है। जिसे 'विश्वकी चिन्ता' है उस व्यक्ति को यह 'साक्षात्कार' होता है, इसलिए तो उसे सन्त साहित्य की परम्परा में विशेष स्थान है। आगे चलकर यह 'आत्मसाक्षात्कार' ही आत्मोद्धार का सर्वश्रेष्ठ सोपान बन जाता है।

## समाज मंगलके लिए 'सावधान'

नारायण लौकिक जीवन से उदासीन होकर वैराग्य के प्रति आकृष्ट हो रहा था। तब माँ राणूबाई को उसके विवाह की चिन्ता थी। एक दिन राणूबाई ने नारायण के विवाह की बात छेड़ दी। माँ की आज्ञा मानकर नारायण विवाह के लिए सिद्ध हुआ। तिथि निश्चित हुई। 'शुभमंगल सावधान' का अवसर आया। नारायण ने अपने साले से 'सावधान' का अर्थ पूछ लिया। उन्होंने विनोद से कहा कि 'अब तुम्हारे पाँवों मे बेडी डाली जा रही है। अत: सावधान हो जाइए।' यह सुनकर 'मैं सावधान ही हूँ" ऐसा कहते हुए नारायण विवाह मंडप से भाग गया। नाशिक पंचवटी में आकर नारायण ने अपने आराध्य राम की शरण ली।

लोकसेवा, लोकसंग्रह और लोकोद्धार के लिए विवाह-मण्डप से भागकर श्रीरामचरणों में लीन होनेवाले किसी और सन्त का नाम भारतीय इतिहास में उपलब्ध नहीं है। विवाह के अवसर पर 'शुभमंगल सावधान' ऐसा मंगलगान सब सुनते हैं और दत्तचित्त बनकर और भी डटकर खडे हो जाते हैं। परन्तु 'सावधान' का सही अर्थ कोई विरला ही जान पाता है। गृहस्थाश्रम का उपभोग लेनेपर अन्त में ऊबकर सब ईश्वरभक्ति में मग्न हो जाते हैं। परन्तु गृहस्थाश्रम का त्याग करते हुए सत्यशोधन, ज्ञानप्राप्ति और जनसेवा के हेतु तपश्चर्या करने के लिए नाशिक–पंचवटी में जानेवाले नारायण का नाम मराठी साहित्य के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान रखता है।

अतः समाज-मंगल के लिए 'सावधान' होनेवाले नारायण (समर्थ रामदास) के सामने कवि मोरोपंत भी नतमस्तक होकर कहते हैं–

"द्विज 'सावधान' ऐसे सर्वत्र विवाह मंगलीं म्हणती।
ते एक रामदासे आयकिलें, त्यां सदा असो प्रणती॥"

'शुभ मंगल' से 'सावधान' होकर नारायण ने टाकली (जिल्हा. नासिक, महाराष्ट्र) की तपोभूमि में लगभग बारह वर्षोंतक (सन् १६२० से सन् १६३२ तक) तपश्चर्या आरम्भ की। इस समय–

"मुखी रामनाम चित्तीं घनश्याम।
होतसे विश्राम आठवीतां॥"

(समर्थ गाथा-४७१)

ऐसी उनकी वृत्ति हो गई। टाकली में आकर उन्होंने अनेक संस्कृत–प्राकृत ग्रंथों का अध्ययन किया। और—

"अखंड एकांत सेवावा।
ग्रंथ मात्र धांडोळावा॥"

इस उक्ति के अनुसार उन्होंने मुकुंदराज, ज्ञानेश्वर, नामदेव और एकनाथ जसे प्रतिभा संपन्न मराठी संतों के साहित्य का परिशीलन किया। विवेक-वैराग्य संपन्न नारायण 'राममय' हो गया। यहाँ फिर और एक बार नारायण को साक्षात्कार हुआ, ऐसा वर्णन महिपतीकृत 'संत विजय' में मिलता है। परन्तु जिस नारायण को एक बार साक्षात्कार हुआ था उसे और एक बार साक्षात्कार हुआ, यह लोककथा होने की भी संभावना लगती है। सत्य तो यह लगता है कि इस तपोभूमि में नारायण अपने आराध्य श्रीराम की भक्ति में मग्न हो गया था। अतः ऐसे अवसर पर जो साक्षात्कार हुआ है उसे भक्ति एवं ज्ञान

प्रधान साक्षात्कार मानना उचित होगा। यहाँ ध्यान देने की और एक बात है कि इसी काल-खण्ड से लोग 'नारायण' को 'रामदास' कहने लगे।

" जनी बोलती दास राघवाचा । "

ऐसा स्पष्ट उल्लेख समर्थ कृत 'करूणाष्टके' में मिलता है।

## तीर्थाटन और अवलोकन

मुक्ति की प्राप्ति के लिए निम्न सात तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा लाभदायक मानी जाती है–

" अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची अवंतिका ।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः ।। "

टाकली की पुण्य तपोभूमि से श्रवण मनन और निदिध्यास जैसे त्रिविध साधनों से प्राप्त शास्त्र–ज्ञान की धरोहर साथ में लेकर समर्थ रामदास ने उपर्युक्त समस्त तीर्थक्षेत्रों की ( इ. स. १६३२ से १६४४ तक ) यात्रा की। रामदास ने किस क्रम से यात्रा आरम्भ की, इस सम्बन्ध में मतभेद है, परंतु समस्त क्षेत्रों की यात्रा की इस सम्बन्ध में एकमत है। माना जाता है कि उन्होंने काशी से यात्रा आरम्भ की। उस के बाद अपने आराध्य देवता श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में वे आ गए। उसके बाद मथुरा, द्वारका होते हुए हिमालय पर बद्री केदार के भी दर्शन किए। फिर हिमालय से चलकर बंगाल, उडीसा, पूर्वी समुद्रतट, बरार और निजाम राज्य से होते हुए समर्थ दक्षिण भारत में आ पहुँचे। यहाँ मलबार तट, मैसूर, कर्नाटक आदि प्रान्तों का भी पर्यटन किया। बादमें वे दक्षिण काशी नाम से प्रसिद्ध करवीर क्षेत्र में आए। यहाँ मे परशुराम, महाबलेश्वर, पंढरपूर, त्र्यंबकेश्वर से होते हुए अन्त में पंचवटीं में आकर उन्होंने श्रीराम के दर्शन किए।

लगभग बारह साल की इस आसेतु हिमाचल यात्रा में तत्कालीन समाज का उन्होंने भली भाँति अवलोकन किया। उनके 'अस्मानी सुलतानी' और 'परचक्र निरूपण' में तत्कालीन समाज की दुर्वस्था का अवलोकन करते हुए संकट विमोचनार्थ उन्होंने श्रीराम की उपासना का उपदेश तो दिया है। फिर भी साहसहीन समाज के लिए 'सावधान' रहने का सन्देश भी दिया है, जैसे–

" धीर्धरा धीर्धरा तकवा । हडबडं गडबडं नका ।
काल देखोनि वर्तावे । सांडावें भय पोटिचे । "

अतः तीर्थाटन के उपरान्त समर्थ रामदास केवल श्रीराम की पूजा करते नहीं बैठे। क्योंकि उन्हें पतनोन्मुख समाज के नस–नसमें नई चेतना का सचार

करना था। पतन की गर्त में 'गिरे हुए' को 'उपर उठाना' था और प्रलोभन के कारण 'बिखरे हुए' को 'जोड़ना' था। समर्थ को मूलतः लोकोद्धार की धाम थी। अतः समाज की विश्रृंखलित शक्ति को श्रृंखलाबद्ध करने का उन्होंने निश्चय किया था। तीर्थाटन करते समय सामाजिक संगठन के हेतु उन्होंने देश के विभिन्न विभागों में संगठन केंद्रों की (मठों की) स्थापना की। वहाँ एक विशिष्ट केंद्राधिकारी (महंत) की भी नियुक्ति की। कुछ केंद्र (मठ) और केंद्राधिकारी (महंत) इनकी सूची निम्नप्रकार है—

| | मठ | महंत |
|---|---|---|
| १ | प्रयाग | वेणीमाधव |
| २ | अन्तर्वेदी | हरिश्चन्द्र |
| ३ | सोमनाथ | विश्वम्भर |
| ४ | मथुरा | हरिकृष्ण |
| ५ | द्वारका | रामकृष्ण |
| ६ | बद्रीकेदार | दयाळ |
| ७ | उज्जयिनी | गंगाधर |

इन केन्द्रों में तप ब्रह्मचर्य, वैराग्य और तितीक्षा की आरधना आरम्भ हुई थी। इस तरह बारह वर्षों की यात्रा में तत्कालीन सामाजिक स्थिति का अवलोकन करते हुए उन्होंने राष्ट्रहित के हेतु राष्ट्र-संगठन का मंत्र समाज के कानों में फूंक दिया था। अपनी तीर्थयात्रा समाप्त करते ही समर्थ जांब (जिला-बीड) आये और अपनी माता से मिले। इस अवसर पर—

"इतुकी माया कोठेचि नाही। माते वेगळी।"

इन शब्दों में उन्होंने माता की महत्ता का गान किया है। इस समय वृद्धावस्था के कारण माँ राणूबाई अन्धी हो गई थी। कहा जाता है कि समर्थ रामदास ने उन्हें लौकिक चक्षु प्रदान कर मातृऋण चुकाया। इस तरह समर्थ रामदास के जीवन का छत्तीस सालों का (१२ सालों तक बचपन, १२ सालों तक तपश्चर्या और १२ सालों तक तीर्थाटन) यह कालखण्ड उनके चरित्र का पूर्वार्ध है। इसके बाद इ. स. १६४४ में वे महाबळेश्वर के पास कृष्णा नदी के किनारे आ गए। यहाँ आकर उन्होंने स्वधर्म स्थापना के कार्य का शुभारम्भ कर दिया।

## स्वधर्म संस्थापनाय......

लगभग बारह वर्षों की तीर्थयात्रा समाप्त करने के उपरान्त समर्थ रामदास ने कृष्णा नदीके किनारे फैली हुई सह्याद्रि की सुन्दर भूमि को अपनी

कमभूमि बना दिया । महाबळेश्वर में जहाँ कृष्णा नदी का उगम-स्थान है वहाँ स्वयंभू शंकर का बडा प्राचीन स्थान है। इस उगमस्थान के पास समर्थ रामदास ने हनुमान–मंदीर की स्थापना की । धर्मसंस्थापना के लिए, समाज संगटन के लिए, समाजजागरण के लिए, हनुमान–मंदीर की स्थापना यह समर्थ रामदास के सामाजिक कार्य की कुंजी है । यह बात सर्व विदित है कि समर्थ रामदास ने 'ग्यारह हनुमान–मंदीर' की स्थापना की । समर्थ की एक शिष्या वेणुबाई ने इन ग्यारह हनुमान–मंदीर की स्थान–विशेषता को लेकर निम्न काव्य–पंक्तियों की रचना की है —

चाफळामाजी दोन उंब्रजेसी एक । पारगावी देख चौथा तो हा ॥१॥
पांचवा मसुरी, शहापुरी सहावा । जाणा तो सातवा शिराळचात ॥२॥
शिंगणवाडी आठवा, मनपाडळे नववा । दहावा जाणावा माजगांवीं ॥३
बाह्यांत अकरावा येणे रीती गावा । सर्व मनोभाव पुरविला ॥४॥
वेणी म्हणे स्वामी समर्थ रामदास । कीर्ति गगनात न समाय ॥५॥

हनुमान–मंदीर की स्थापना के साथ–साथ कृष्णा के किनारे श्री राम की स्थापना की । श्रीराम तथा हनुमान उत्सव की परम्परा का सूत्रपात भी किया । इस कार्य के लिए महाराष्ट्रभर मठ तथा मठाधिपती की संयोजना की । कुछ मठ तथा महंतों की सूची निम्म प्रकार है–

| | मठ | महंत |
|---|---|---|
| १ | जांब | श्रीसमर्थ रामदास |
| २ | चाफळ | ,, ,, |
| ३ | सज्जनगड | ,, ,, |
| ४ | टाकळी | उद्धवस्वामी |
| ५ | इंदूरबोधन | ,, |
| ६ | तंजावर | भीमस्वामी |
| ७ | डोमगाव | कल्याणस्वामी |
| ८ | शिरगाव | दत्तात्रयस्वामी |
| ९ | तिसगाव | दिनकरस्वामी |
| १० | कण्हेरी | बासुदेवस्वामी |
| ११ | दादेगाव | देवदास |
| १२ | कारंजे | बालकराम |
| १३ | भालगाव | त्रिबकराज |
| १४ | धोंडराई–गवराई | मुसलराम |

| | मठ | महंत |
|---|---|---|
| १५ | नीलंगे | आण्णाप्पा |
| १६ | शिरवळ | बाजी |
| १७ | मन्यारगुडी | अनंतस्वामी |
| १८ | तेलंगण | शिवराम |
| १९ | पारगांव | शंकर गोसावी |
| २० | मनपाडळे | जयराम गोसावी |
| २१ | मिरज | वेणाबाई (स्त्री शिष्या) |
| २२ | राशिवडे | अंबिकाबाई ,, |

इस प्रकार समर्थ रामदास ने महाराष्ट्रभर शक्ति, शील एवं शौर्य के देवता श्री राम की आराधना का एक आन्दोलन ही निर्माण किया । इस आन्दोलन का प्रधान हेतु था समस्त समाज में स्वधर्म के प्रति प्रीति पैदा करना । यहाँ और एक बात ध्यान देने योग्य है कि इस समय लोकनायक छत्रपति शिवाजी ने महाराष्ट्र में हिंदवी स्वराज्य की नींव डाली थी । सह्याद्रि का चप्पा चप्पा नव चेतना से आपूरित हो गया था । शील और शौर्य के देवता छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र का एक आलोकमय व्यक्तित्व बन गया था । इस समय उत्तर से दक्षिणतक मुगलों का आतंक बढ़ गया था । स्वाभाविक रुपमें हिन्दु–मुसलमानों में तीव्र संघर्ष हो रहा था । ऐसी अवस्था में एक ओर हिंदुधर्म की रक्षा करने के हेतु छत्रपति शिवाजी अथक प्रयत्न कर रहे थे । और दूसरी ओर शक्ति, शौर्य और प्रयत्नवाद की पताका लेकर " मराठा तितुका मेळवावा । महाराष्ट्र धर्म वाढवावा । " इस उक्ति की बुलन्द आवाज लगाने का कार्य समर्थ रामदास ने आरम्भ किया था ।

वस्तुतः सकृत दर्शन में ऐसा परिलक्षित होता है कि छत्रपति शिवाजी और समर्थ रामदास का कार्य मूलतः भिन्न है । एक का कार्य है स्वराज्य की स्थापना और दूसरे का कार्य है परमार्थ का प्रचार । वस्तुतः दोनों का कार्य भिन्न होते हुए भी अन्तिम लक्ष्य एक ही है– ' महाराष्ट्र धर्म की स्थापना । ' इसलिए तो महाराष्ट्र में ग्यारह हनुमान–मंदिरों की स्थापना करके समर्थ रामदास ने राष्ट्र में शक्ति और चरित्र–बल का आदर्श उपस्थित किया । चाफल में श्रीराम मंदिर की स्थापना करते हुए शक्ति, शील और दुष्ट–दलन का आदर्श समाज के सम्मुख स्थापित किया । ' यत्न तो देव जाणावा । ' इस वचन से समाज में प्रयत्नवाद की नींव डाली । प्रयत्नवाद के साथ साथ यश प्राप्ति के लिए समर्थ परमात्मा के अधिष्ठान की महति गाते हुए कहते हैं कि–

" सामर्थ्य आहे चळवळीचें।
जो जो करील तयाचें।
परंतु तेथे भगवंताचें।
अधिष्ठान पाहिजे।"

( दासबोध – २०–४–२६ )

इस तरह महाराष्ट्रभर राष्ट्रीय भावना को बढावा देते हुए छत्रपति शिवाजी ने हिंदवी स्वराज्य की संस्थापना का जो कार्य आरम्भ किया था, उस ओर समस्त समाज का ध्यान आकृष्ट कर देने का कार्य किया। संभव है कि छत्रपति शिवाजी जैसे एक आलोकमयी वीर व्यक्तित्व का समर्थ रामदास जैसे एक वैराग्य संपन्न व्यक्तित्व से संपर्क स्थापित हुआ होगा। क्योंकि दोनों के कार्य का ध्येय और क्षेत्र एक ही था। जो भी हो इन दो समकालीन महान विभुतियों के उज्ज्वल चरित्र से आज भी हम 'देश सेवा' का सबक ले सकते हैं।

इस प्रकार समर्थ रामदास ने इ. स. १६४४ से लगभग इ. स. १६८० तक स्वधर्म संस्थापना का कार्य किया। इ. स. १६८१ में सज्जनगड (जिला सतारा) में समर्थ रामदास का स्वर्गवास हुआ।

## सृजन

समर्थ रामदास का साहित्य ही उनके चरित्र का प्रमुख साधन है। सत्कार्योत्तेजक सभा, धुलिया द्वारा आमतौरपर समर्थ रामदास का समस्त साहित्य प्रकाशित हो चुका है। फिर भी आज 'समर्थ वाग्देवता मंदिर' धुलिया में रामदास का अप्रकाशित साहित्य हस्तलिखित बाड के रुप में उपलब्ध है। समर्थ रामदास के समस्त साहित्य की यह विशेषता है कि उस में रचनातिथि का कहीं भी उल्लेख नहीं है। इसलिए इतिहास के पदचिन्हों की आहट सुनते–सुनते उनके साहित्य के रचना काल का तर्क करना पडता है। वस्तुत: बाह्य साक्ष्य के अभाव में उन के साहित्य के रचना–काल का निर्णय करना कठिन है। अंतर्साक्ष्य के अनुसार प्रथम 'करुणाष्टकें' बाद में 'रामायण' और अन्त में 'दासबोध' इस तरह उनकी रचनाओं का क्रम लगाया जा सकता है। फिर भी यह क्रम आधारहीन है। इतिहास और समर्थ की जीवन–गाथा का अध्ययन कर लेनेपर ऐसा प्रतीत होता है कि 'करुणाष्टकें' समर्थ रामदास के साहित्य–मंदीर की बुनियाद है और 'दासबोध' उसका शिखर है। समर्थ रामदास के समग्र साहित्य की सूची निम्न प्रकार है।

| अ. नं. | रचना | रचना का प्रकार | रचना का स्वरूप | रचना का विषय | रचना–काल |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | करुणाष्टके | कविता (अष्टक) | छंदबद्ध और आत्मनिष्ठ कविता | परमार्थ | सन १६४४ के आसपास |
| २ | षड्रिपु | लघुकाव्य | अष्टाक्षरी अनुष्टुप छंद मुक्तकाव्य | आध्यात्म | आमतौरपर सन १६४४ से ८० तक |
| ३ | पंचीकरण योग | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ४ | चतुर्थमान | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ५ | मानपंचक | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ६ | पंचमान | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ७ | पूर्वारंभ | ,, | ओवीबद्ध काव्य | ,, | ,, |
| ८ | जुनाट पुरुष | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ९ | अंतर्भाव | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १० | आत्माराम | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ११ | पंचसमासी | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १२ | सप्तसमासी | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १३ | सगुण ध्यान | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १४ | निर्गुण ध्यान | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १५ | मानसपूजा | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १६ | एकवीस समासी | ,, | ,, | ,, | ,, |
| १७ | जनस्वभाव-गोसावी | ,, | ,, (पूर्वारंभ से यहाँतक ओवीसंख्या २५६५) | ,, | ,, |

| अ. नं. | रचना | रचना का प्रकार | रचना का स्वरूप | रचना का विषय | रचना-काल |
|---|---|---|---|---|---|
| १८ | रामायण (छोटा) | श्लोक (संख्या १२५) | प्रमाणिका छंदयुक्त युद्धकांड का वर्णन | रामकथा | लगभग सन १६४४ से ८०तक |
| १९ | रामायण (बडा) | श्लोक (संख्या १४६२) | भुंजगप्रयात छंद युद्धकांड और सुंदरकांड का वर्णन | ,, | |
| २० | चौदा ओवीशतें | ओवी (संख्या १४००) | अभंग छंद | आत्मज्ञान और आध्यात्मिकता | ,, |
| २१ | स्फुट कविता और स्फुट ओव्या | स्फुट रचना (संख्या ४००) | ओवी, अभंग, अनुष्टुप, प्रमाणिक और भुजंगप्रयात छंद | प्रवृत्ति, निवृत्ति, राजनीति, उपदेश उपासना और आत्मप्रत्यय | ,, |
| २२ | श्लोकबद्ध स्फुटें | श्लोक | अनुष्टुप और प्रमाणिक छंद | प्रयत्नवाद | ,, |
| २३ | मनाचे श्लोक | श्लोक (संख्या २०५) | भुजंगप्रयात छंद | परमार्थ | ,, |
| २४ | पदपदांतरें | पदावली | स्तोत्रबद्ध रचना | रामभक्ति | ,, |
| २५ | रामवरदायिनी | कविता | ,, | रामवरदायिनी की स्तुति | ,, |
| २६ | आनंदवन भुवन | ,, | ,, | साक्षात्कार-सृष्टी का अनुभव | ,, |
| २७ | कांही ऐतिहासिक प्रकरणे | ,, | ,, | शिव-समर्थ-संबंध क्षात्रधर्म | ,, |
| २८ | आत्मचरित्र | ,, | आत्मचरित्रपर रचना | आत्मप्रत्यय | ,, |
| २९ | दासबोध | ओवी (संख्या ७७५१) | इक्कीस दशक और दो सौ समास की रचना | परमार्थ | ,, |

उपर्युक्त प्रकाशित और अप्रकाशित ग्रंथों के सिवा स्फुट अभंग, स्फुट श्लोक, आरती, भुपाली, जागल्या, जोगी, पांडे, बहुरुपी, बैरागी, कुंटण और कानफाटया जिसे हम भारूड भी कह सकेंगे–इस तरह विविध प्रकार की पद-रचना उपलब्ध है। समर्थ रामदास के एक शिष्य अनन्त कवि ने समर्थ के समस्त ग्रंथों को समुद्र की उपमा दी है। वस्तुतः इसमें संदेह नहीं है कि समर्थ को साहित्य समुद्र की भाँति अथाह और गम्भीर है। उसमें ज्ञान, वैराग्य, परमार्थ, अनुभव और उपदेश के उज्ज्वल रत्न भरे पडे हैं।

## समालोचन

समर्थ रामदास की प्रथम रचना 'करूणाष्टके' में करूणा, असहायता, अगतिकता और आर्तता का आविष्कार हुआ है। यहाँ समर्थ की अंतर्मुखता पराकोटितक पहुँच गई है। यहाँ से परमार्थ का मार्ग प्रशस्त होने लगा। अतः 'करूणाष्टके' समर्थ रामदास के आत्मज्ञान का उषःकाल है। 'षड्रिपु' से 'जनस्वभाव गोसावी' तक की रचना अध्यात्मपर लघुकाव्य की रचना है। इस कविता का केन्द्रीय विषय 'आध्यात्म' है। 'रामायण' रामभक्ति की गाथा है। 'मनाचे श्लोक' में कर्म भवित और ज्ञान का समन्वय है। 'पदपदांतरे' में समर्थ के विविध पदों का संग्रह है। भक्ति, करुणा, वैराग्य, संतसंग, स्वानुभव और उपदेश को प्रस्तुत पदों मे स्थान दिया गया है। 'रामवरदायिनी' और 'आनंद भुवन' में दो स्वतंत्र रचनाएँ है। समर्थ प्रतापगड की भवानी को 'रामवरदायिनी' मानते है। तत्कालीन महाराष्ट्र की दुर्दशा देखकर वे भवानी माता से प्रार्थना करते हैं कि–

दुष्ट संहारिले मागें। ऐसे उदंड ऐकतों।।
परंतु रोकडें काही। मूळ सामर्थ्य दाखवी।।

(स्फु. प्र. ३६)

यहाँ समर्थ भवानी से 'रोकडे सामर्थ्य' दिखलाने की प्रार्थना कर रहे हैं, जो युग की माँग है। 'आनंदभुवन' में समर्थ के साक्षात्कार मृष्टि के तीव्र अनुभव हैं। 'महाराष्ट्र' को 'आनंदभुवन' मानकर 'महाराष्ट्र धर्म' की संस्थापना की ओर भी संकेत किया हैं। वह निम्न लिखित बहुचर्चित पद से भी प्राप्त होता है–

बुडाला औरंग्या पापी। म्लेंच्छ संव्हार जाहला।
मोडली मांडली क्षेत्रे। आनंदवनभुवनी।।

रामायण की पार्श्वभूमिपर शिवकालीन भविष्य की ओर संकेत करने का सफल प्रयास यहाँ दृष्टिगोचर होता है।

समर्थ रामदास के सभी ग्रंथों में 'दासबोध' सा अनन्यसाधारण महत्त्व है। पतनोन्मुख समाज को ऐहिक और पारमार्थिक मार्ग बताकर शाश्वत सुख की प्राप्ति करा देना प्रस्तुत ग्रंथ का प्रमुख उद्देश्य है। समर्थ के निम्न उद्गारों में 'दासबोध' का स्वरुप स्पष्ट हो गया है —

ग्रंथा नाम दासबोध। गुरुशिष्यांचा संवाद।
येथ बोलिला विशद। भक्तिमार्ग।।

(दासबोध १–१)

अतः प्रस्तुत ग्रंथ में मुख्य रुपसे परमार्थ का स्तवन हुआ है। समर्थ स्पष्ट ही कह देते हैं कि —

आतां स्तवूं हा परमार्थ। जो साधकांचा निज स्वार्थ।
ना तरी समर्थांमध्यें समर्थ। योग हा।।

(दासबोध १–९)

परमार्थ के साथ–साथ तत्कालीन समाज की दयनीय स्थिति का विवेचन भी 'दासबोध' में उपलब्ध है। समाज की दयनीय दशा देखकर समर्थ रामदास ने सावधानता, विवेक और प्रयत्नवाद का संदेश दिया है। क्रियाहीन समाज को 'क्रियाशील' बनाने के हेतु उन्होंने शक्ति और सामर्थ्य का उद्घोष किया है। इस प्रकार लोकोद्धार का संकल्प करते हुए नीति, शक्ति, सामर्थ्य और धैर्य की स्थापना कर के समाज को परमार्थ–मार्ग में लगाने का समर्थ ने जो निश्चय किया वह निश्चय ही 'दासबोध' इस ग्रंथ का मूल फल है।

'करूणाष्टके' से 'दासबोध' तक समर्थ की जो साहित्य–यात्रा है उसका मूल्यांकन करते समय स्पष्ट रुप से कई दोष भी दृष्टिगोचर होते हैं। उदाहरणार्थ भाषा की अशुद्धता, पुनरुक्ति और अर्थशून्य शब्द चमत्कार आदि। परन्तु रामदास की कविता में श्रेष्ठ कविता का संकेत भी है। 'कवित्व नसावे पाल्हाळ' बोलिलेचि न बोलावे,' 'छंद भंग न करावे,' और 'कवित्व नसावे दृष्टान्तहीन' आदि निषेधात्मक शब्दों में उन्होंने श्रेष्ठ कविता की कसौटियाँ भी बतलायी हैं। वस्तुतः इन कसौटियों में ही समर्थ की कविता का रहस्य छिपा है। समर्थ के ग्रंथों में परम्परागत काव्य–सौन्दर्य नहीं है बल्कि विचार–सौन्दर्य है। इस विचार–सौंदर्य की आधारशिला मनुष्य–स्वभाव का सूक्ष्म ज्ञान, मानव जीवन का सूक्ष्म अवलोकन और जीवन की ओर देखने का विशिष्ट दृष्टिकोण है। अतः रामदास की कविता अनलंकृत एवं कठोर है सही, परन्तु उस में आशय की जो उत्कटता' है वह अन्यत्र दुर्लभ है। विशेषतः निम्न सूत्रबद्ध आशय में जो 'उत्कटता' छिपी है वह दृष्टव्य है—

“ जाणावे पराचे अंतर । ... संकेते लोक वेधावा । ...
दोष देखोनि झाकावे । ... फड नासोचि नेदावा । ...
...दुसऱ्याचे अभीष्ट जाणावे ।...प्रीतिविण रूसो नये ।...
...मूर्खासि संबंध पडो नये ।...आधी कष्ट मग फळ ।...
...वन्हि तो चेतवावा रे ।...नफा पहावा देवाचा ।...
...प्रपंची मानिला आनंद ।... परमार्थी केला विनोद ।...

इन चुनें और चुभते हुए शब्दों में समर्थ रामदास ने एक स्वतंत्र मनोधर्म हमारे सम्मुख रखा है । उत्स्फूर्त विचारों की कवितापर प्रस्तुत परिभाषा लागू पड सकती है । वस्तुत: उक्ति का सहज और सरस आविष्कार ही उनकी कविता का सही अधिष्ठान है । ’ देवाचेन प्रसन्नपणे । जे जे घडे बोलणे । ’ वही सही कविता है, ऐसा समर्थ का कथन है । ‘ आत्मप्रत्यय ’ और ‘ प्रचीति ’ उनकी कविता का आधार है । ‘ मिळमिळीत अवघे टाकावें । उत्कट भव्य तेंचि घ्यावे । ’ यह उनकी कविता का उद्घोष है । सह्याद्रि की हवा में साँस लेनेवाली समर्थ की कविता को काव्यगत ध्वनि, वक्रोक्ति, अलंकार, पांडित्य लालित्य और सौन्दर्य अवगत नहीं है, ‘ बल्कि ’ ‘ नि:शंक सहज शब्दावली ’ अवश्य अवगत है । इसलिए तो समर्थ का समस्त साहित्य सहज विचार–सौन्दर्य का बृहद् कोश है । ‘ दासबोध ’ के प्रारम्भ में शब्दसृष्टी के ईश्वर को वंदन करते हुए समर्थ सहज शब्दों में कहते हैं कि–

“ कीं हे शब्द रत्नांचे आगर । कीं हे मुक्तांचे मुक्त सरोवर ।
नाना बुद्धीचे वैरागर । निर्माण जाले ।
कवि वैराग्याचे संरक्षण । कवि भक्तांचे भूषण ।
नाना स्वधर्मरक्षण । ते हे कवि ।
कवि प्रेमळांची प्रेमळ स्थिति । कवि ध्यानस्थांची ध्यानमूर्ति ।
आधी कवीचा वाग्विलास । तरी मग श्रवणी तुंवळे रस ।
कवीचे नि मतिप्रकाश । कवित्वास होये ।
नसता कवीचा व्यापार । तरी कैंचा असता जगोद्धार ।
म्हणोनि कवि हे आधार । सकळ सृष्टीसी ।
कीं हे अमृताचे मेघ ओळले । कीं हे नवरसांचे वोघ लोटले ।
नाना सुखाचे उचंबळले । सरोवर हें । ”

( दासबोध: १–७ )

समर्थ रामदास की इस अमृतवाणी में व्यक्त काव्य-दृष्टि जितनी व्यापक उतनी उत्कट भी है। सब के हृदय को स्पर्श करनेवाली इस समर्थ–शब्दावली में एक साथ कविता और विचार का सुन्दर समन्वय है। वस्तुत: रामदास की कविता रामदास के समान है। अर्थात इस कथन का आशय यह है कि रामदास की कविता उनके व्यक्तित्व का सुन्दर दर्पण है। विवेक संपन्न वैराग्य, समाजोन्मुखता उत्कटता, लोकोद्धार की आस और प्रयत्नवाद उनके व्यक्तित्व के उज्वल अंग हैं। अत: रामदास की कविता उनके ओजस्वी व्यक्तित्व का सहज और सरस आविष्कार मात्र है।

◆ ◆ ◆

# अध्याय ५

# हिन्दी साहित्य में पद-परम्परा

## सिद्धों की पदावली

हिन्दी साहित्य के इतिहास का अध्ययन करते समय इस बात का पता चलता है कि पद–रचना की परम्परा उसके आदिकाल में ही प्रतिष्ठित हो गई थी। आदिकाल में जब संस्कृत और प्राकृत भाषा बोलचाल की भाषा नहीं रह गई तब अपभ्रंश साहित्य का आविर्भाव हुआ। इस समय ( लगभग आठवी शताब्दी) बौद्ध धर्म का हीनयान, महायान और सहजयान में पर्यवसान हो गया था। अत: इस युग में अनेक सिद्धों ने चर्यापद रचे। ये चर्यापद संस्कृत के वर्णवृत्तों में नहीं रचे गए, बल्कि मात्रिक वृत्तों में रचे गए, जिन में मुख्यत: पादाकुलक पद्धडी एवं चौपाई छंद अपनाए गए। इन चर्यापदों की समतुकान्त पंक्तियों में लय एवं संगीत की ओर भी पूरा ध्यान दिया गया है। विशेषता यह है कि इन चर्यापदों के प्रारंभ में राग–निर्देश भी कर दिया है। इन चर्यापदों की रचना का वास्तविक श्रेय उन 'चौरासी सिद्धों' की परम्परा को ही देना उचित होगा। इन 'चौरासी सिद्धों' में सरहपा, शबरपा, भूसुक, लुईपा, विरूपा, डोम्बिया, कमरिया और धामपा आदि प्रमुख सिद्ध थे। इन सिद्धों की रचनाओं में से पंडित राहुल सांस्कृत्यायनजी ने कुछ पद संकलित किए हैं। सिद्ध डोम्बिया का एक पद निम्न प्रकार है—

राग धनसी

'गंगा जउँना माँझे बहइ नाई ।
तह बुडिली मातंगी पोइया, लीलँ पार करेई ।।
बाहतु डोम्बी, बाहलो डोम्बी, बाट भइल उछारा ।
सद्गुरन पाअ–प(सा)ए जाइव पुनु जिनंउरा ।।
पांच केडुआल पडन्ते माँगे पीठत काच्छी बाँधी ।
गअण दुखोले, सिचहू पाणी, न पइसइ साँधी ।।
चंद सूज्ज दुइ चक्का, सिठि संहार पुलिन्दा ।
वाम दहिन दुइ भाग न चेवइ, बाहतु छन्दा ।।
कवडी न लेइ, बोडी न लेइ, सुच्छडे पार करई ।
जो पथे चड़िया बाहव न जा(न)इ कूले कूल वडाई ।। '*

निर्गुण साधना से प्रभावित होकर इन सिद्धों ने विविध पदों की रचना की हैं । संभव है कि इनकी रचनाओं का प्रमुख उद्देश्य आचरण–सम्बन्धी निर्णय करना तथा दूसरों के लिए निर्देश करना भी रहा होगा । इन सिद्धों ने रहस्यपूर्ण ढंग से पद–रचना प्रस्तुत करते हुए साधना की गूढ बातों पर भी प्रकाश डालने का प्रयत्न किया है, जो सर्वसाधारण के लिए एक गूढ ही बन गया है । इस संदर्भ में सिद्ध लुईपा का एक रहस्यात्मक पद दर्शनीय है–

'काआ तरुवर पंच ' बिडाल[1] चंचल चीए पइट्ठा काल ।
दिढ करिअ महासुह परिमाण, लुई मणइ गुरु पुच्छिअ जाण[2] ।।

निर्गुण साधना से प्रभावित सिद्धों के ये पद सामान्य लोगों के लिए अनाकलनीय ही थे । अतः जन-जीवन में इनका प्रचार काफी मात्रा में नहीं रहा । आगे चलकर इनकी पदावली में साधना के बहाने अश्लीलता एवं बीभत्सता का अंतर्भाव होने लगा । अतः इन सिद्धों के चर्यापद शालीनता, सात्विकता एवं शुद्ध साधना के पद से च्युत हो गए ।

---

* हिन्दी काव्यधारा : राहुल सांस्कृत्यायन, पृ. १४० चर्यापद क्रमांक–१४

१. **पंच बिडाल** = बौद्ध शास्त्रों में निरुपित पंच प्रतिबंध–आलस्य, हिंसा, काम, विचिकित्सा और मोह । पंचविकारों की यही परम्परा आगे चलकर निर्गुण धारा के संतों और हिन्दी के सूफी कवियों तक बनी रही ।

२. 'हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकास': राम बहोरी शुक्ल, पृ. ६१

## नाथों की पदावली

चौरासी सिद्धों की परम्परा से ही गोरखनाथ के नाथपंथ का आविर्भाव हुआ। उन्होंने देश के पश्चिमी भागों में विशेषतः (राजपूताना और पंजाब में) अपने पंथ का प्रचार किया। सिद्धों में जैसे चौरासी सिद्ध प्रसिद्ध थे वैसे नाथों में भी 'नौ नाथ'[1] प्रसिद्ध थे। इन नाथों की पद-रचना का काल प्रायः दसवीं शताब्दी माना जाता है। नाथों की पद-रचना का अध्ययन करने के उपरान्त इस बात का पता चलता है कि सिद्धों की पद-परम्परा का उनकी पद-रचनाओं पर काफी प्रभाव पडा हुआ था। नाथों की रचना 'सबद' और 'पद' नाम से प्रचलित है। हठयोग साधना, ब्रह्मचर्य की अनिवार्यता, गुरु की महत्ता एवं ईश्वरवाद को लेकर नाथों की पद-परम्परा विकसित होती रही। उनकी रचना का प्रमुख उद्देश्य मूलतः सांप्रदायिक मत-प्रचार ही प्रतीत होता है। यहाँ पर साधारण को उपदेश भी देने का काम हुआ है। कहीं कहीं रहस्यमयी शैली के भी उदाहरण मिलते हैं। गुरु की महत्ता बतलानेवाला गोरखनाथ का एक पद देखिए—

'गुर कीजै गहिला, निगुरा न रहिला,
गुर बिन ग्यान न पायला रे भाईला ।।
दूधैं धोया कोइला उजला न होइला।
कागा कंठै पहुप माल हँसला न मैला ।।
अमा जैसी रोटली कागा लै जाइला।
पूछो म्हारा गुरु ने कहाँ बैसि षाइला ।।
उत्तर दिसि आविला, पछिम दिसि जाइला ।।'[2]

ब्रह्मचर्य की अनिवार्यता पर लिखा गया गोरखनाथ का निम्न पद भी दृष्टव्य है—

"घन जोवन की करै न आस,
चित्त न राषै कांमिनि पास,
नाद बिंद जाकै घटि जरै
ताकी सेवा पारबती करैं ।।"[3]

---

१. नौ नाथ= नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चंद्र सत्यनाथ, भीमनाथ, गोरखनाथ, चर्पट, जालंधर और मलयार्जुन।

२. 'गोरखनाथ और उनका युग'— रांगेय राघव, पृ. १७२

३. 'हिन्दी साहित्य का उद्भव और विकासः' रामबहोरी शुक्ल, पृ. ६४।

नाथों की पद-रचना का यही आदर्श मध्यकालीन संत-कवियों द्वारा भी स्वीकृत हुआ।

## वीरगाथाकालीन कवियों की पदावली

वस्तुतः हिन्दी के वीर गाथाकाल में प्रबन्ध काव्यों की रचना अधिक मात्रा में हुई हैं। कवि चन्दबरदाई से कवि श्रीधर तक की जो रचना परम्परा है उसमें आश्रयदाता राजाओं की स्तुति तथा युद्ध भूमि की ओर अग्रसर होनेवाले वीरों को प्रोत्साहित करने के लिए लिखी गई भावुकता प्रधान एवं अतिरंजनापूर्ण काव्य प्रशस्तियाँ हैं। इनकी रचनाओं का काल खण्ड लगभग बारहवीं-तेरहवीं शताब्दी माना जाता है। इस काल खण्ड में नरपति नाल्हकृत 'बीसलदेव रासौ' कवि जगनिक कृत 'आल्हखंड' ये दोनों रचनाएँ गेय हैं। गयेता पदावली का प्रमुख लक्षण होता है। 'बीसलदेवरासौ' में राजा बीसलदेव के विवाह के उपरान्त विरह-व्याकुल रानी राजमती का सन्देश निम्न पद में है-

"एक सरां धरि आविज्यो थारी बाट बुहारुँ सिरहका केसि।
जोबन भरि जल उलटचउ, थार न पावुं सुनहु नरेस॥[१]"

'आल्हखंड' भी एक वीररस प्रधान गेय रचना है। यद्यपि इसकी प्रति उपलब्ध नहीं है, फिर भी विविध ग्रामों में उन के पद गाये जाते थे। आल्हा और ऊदल की वीरता से परिपूर्ण एक पद देखिए।

"यह सुनि ऊदन बोलन लागे। दादा कहं है ध्यान तुम्हार॥
दयिता मारि उडीसा मारौ। बाजी सेतनन्द लौ टाप॥
अटक पार लौ झण्डा गाडौं। जीते खुरासान गुजरात॥
धुर दक्खिन ते औ काबुल लग। बाजी टाप बेंदुला वयार॥
घर में आयो टीका फेरैं। तो रजपूती जाय न साय॥[२]

इस के उपरान्त वीरगाथाकालीन पद-कर्त्ताओं में ऐसे कई हिन्दी कवि मिलते हैं जिन्होंने हिन्दी पदपरम्परा में नई पगडण्डीका निर्माण किया था। ऐसे कवियों में विशेषतः अमीर खुसरो तथा विद्यापति के नाम उल्लेखनीय हैं। इन दोनों कवियों का आविर्भाव काल आमतौरपर चौदहवीं शताब्दी माना जाता है। इन कवियों ने अपनी-अपनी प्रवृत्तियों के अनुसार ज्ञान, मनोरंजन एवं श्रृंगार के क्षेत्र में ऐसे पदों का निर्माण किया जो अपनी नवीनता एवं मौलिकता के

---

१. वही, पृ. ६४।

२ 'हिन्दी साहित्य का प्रवृत्तिगत इतिहास' डॉ. प्रतापनारायण टंडन, पृ. ९८

लिए प्रसिद्ध हैं। इन कवियों में से अमीर खुसरों की गणना प्रसिद्ध संगीतज्ञों में की जाती हैं। वस्तुतः लोकभाषा में लोकजीवन का चित्रण करनेवाला हिन्दी का यह पहला प्राचीन कवि है। इन्होंने प्रेम के संयोग–वियोगपूर्ण भावों का सरस पदावली में प्रणयन किया हैं। शुष्क उपदेश–दान के उद्देश्य से इनकी पदावली का निर्माण नहीं हुआ, उसके मूल में संगीत–परक उद्देश्य ही रहा हैं। इनके संगीत परक पदों में आन्तरिक भावों की जो सरस अभिव्यंजना हुई है वह दर्शनीय है। ' पहेलियाँ ' ' मुकरियाँ ' और ' दो सुखने ' में खुसरों के अनेक पद हैं, जिनमें उक्तिवैचित्र्य एवं प्रेमभावों का सरस चित्रण है। खुसरो का एक प्रेमपूर्ण पद देखिए—

" जो पिया आवन कह गये।
अजहुँ न आये स्वामी हो।
(ए) जो पिया आवन कह गये।
आवन आवन कह गये, आये न बारह मास[1]।"

खुसरो के समय में बोलचाल की स्वाभाविक भाषा को साहित्य में स्थान मिल रहा था। खुसरों के कई ब्रज भाषा के पद मुखप्रचलित काव्य–भाषा में भी देखने मिलते हैं। निम्न पद देखिए—

" उज्जल बरन, अधीन तन, एक चित्त दो ध्यान।
देखत में तो साधु है, निपट पाप की खान।
खुसरो रैन सुहाग की जागी पी के संग।
तन मेरो मन पीउ को, दोउ भउ एकरंग।
गोरी सोवै सेज पर मुख पर डारे केस।
चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहुँ देस[2]।

इस प्रकार वीरगाथाकालीन रक्तरंजित इतिहास में ज्ञान, मनोरंजन एवं श्रृंगार के सरस पदों का एक सुवर्ण पृष्ठ निर्माण करने का श्रेय निश्चित रुप से अमीर खुसरो को ही है। खुसरो की संगीत–परक सरस पद-रचना का मध्ययुगीन गायकों एवं कवियों पर भी अधिक प्रभाव परिलक्षित होता है।

वीरगाथाकालीन पद-परम्परा में अमीर खुसरो के बाद ' मैथिली कोकिल ' कवि विद्यापति का नाम आ जाता है। विद्यापति की पदावली का प्रमुख विषय राधा और कृष्ण की यौवनोचित क्रीडाएँ हैं जिनपर संस्कृत के ' गीत गोविन्द '

---

१. नागरी प्रचारिणी पत्रिका भाग २, पृ. ३२४

२. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आचार्य रामचंद्र शुक्ल, पृ. ५८

का प्रभाव है । विद्यापति की पदावली में राधा एवं कृष्ण प्रकृत नामक एवं नायिका की भाँति जब आचरण करते पाये जाते हैं तब उनकी विभिन्न केलियों द्वारा श्रृंगारपरक अनुभूतियों की अभिव्यंजना भी दृष्टिगोचर होती है । वस्तुत: विद्यापति की ख्याति का मूलाधार उनके श्रृंगार के सरस पद ही हैं । उनके पदों में संगीत के स्वर-माधुर्य से पदलालित्य तथा भाव सौन्दर्य का स्थान भी सर्वोपरि है । विद्यापति ने अपनी पदावली में जो माधुर्य भाव उँडेल दिया है वह अत्यंत हृदयग्राही है । विशेषत: उनके श्रृंगारपरक पदों में जो भावात्मकता, तल्लीनता और आत्मभिव्यंजना है वह अन्यत्र दुर्लभ है । आषाढ की नवीन मेघावली को उमड़ते-घुमडते देख विद्यापति की विरह-व्याकुल नायिका आर्द्र हृदय से जब पुकार उठती है तब स्वाभाविक रुप में 'आषाढस्य प्रथम दिवसे...' कालिदास की यक्षिणी का विरह-व्याकुल हृदय भी हमारे सम्मुख आ जाता है । विद्यापति की विरह-व्याकुल हृदय की तडपन दृष्टव्य है–

मोर पिया सखि गेल दुर देस,
जोवन दए गेल साल सनेस ।
मास असाढ़ उनत नव मेघ,
पिय विसलेस रह्यौं निरयेध ।
कौन पुरुष सखि कौन सो देश,
कैरब माय तहाँ जोगिनी वेस । [1]

आगे चलकर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि विद्यापति की पदावली का अनुकरण मध्ययुगीन कवियों द्वारा विशेष रुप से किया गया है ।

## भक्तियुगीन पदावली

पद-परम्परा की दृष्टि से हिन्दी साहित्य का वीरगाथा काल अगर नवोन्मेष का काल है तो भक्तिकाल चरम विकास का काल है । इस काल में अर्थात चौदहवीं शताब्दी से लगभग सत्रहवीं शताब्दीतक हिन्दी पदावली का बहुमुखी विकास हुआ । इस विकास के पथ का अवलोकन करते समय सर्वप्रथम रामभक्तिसंप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य रामानन्द का नाम आ जाता है ।

## रामानन्द

'भजन रत्नावली' रामानन्द की एक स्फुट रचना है । इस में रामानन्द के चार पद उपलब्ध हैं । सन्त रज्जबदास के संग्रह ग्रंथ 'सर्वांगी' में रामानन्दजी का निम्न पद है—

---

१. विद्यापति–पदावली-सं. रामकृष्ण बेनीपुरी, द्वितीय संस्करण, पृ. २७१

' हरि बिन जन्म वृथा खोये रे ।
कहा भयो अतिमान बड़ाई, घन मद अन्ध मति सोयो रे ।।
जेति उत्तंन तरु देखि सुहायो, सैचल कुसुम सूत्रा सेयो रे ।
सोई फल पुत्र कलत्र चिषै, अंति सींस धुनि रोयो रे ।।
सुमिरन भजन साध की संगति, अंतरि मन मैल न धोयो रे ।
रामानंद रतन जय त्रासे, श्रीपति पद काहे न जायो रे ।। '[1]

आचार्य रामानन्द की शिष्य-परंपरा में सेननाई, कबीर, पीपा, रविदास, धन्ना, अनन्तानन्द, सुरसुरानन्द, योगानन्द और सुखानन्द आदि का स्थान उल्लेखनीय हैं ।

## कबीर

हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल के क्षितिज पर जब से कबीर का अभ्युदय हुआ तब से हिन्दी पदावली के क्षेत्र में एक नूतन पर्व निर्माण हुआ । कबीर ने अपनी पदावली में जीवन्त अनुभूति को बडी सीधी-सादी भाषा में व्यक्त किया है । उनकी पदावली में उपदेश, नीति, वैराग्य तथा विरह-मिलन के विविध रूप उपस्थित हैं । परन्तु जहाँ कबीर का मनमौजी व्यक्तित्व निखर उठा है वहाँ अन्तर तम की समस्त कोमल भावनाएँ भी फूट निकल पडी हैं । अतः उनके पद हिन्दी पद-परम्परा के अमूल्य रत्न बन गए हैं । आत्मलीन स्थिति के आवेश में आकर उन्होंने संसार के बारे में बडे मार्कें की बात निम्न पद में बताई है—

" रहना नहीं देस बिराना है ।
यह संसार कागद की पुडिया, बूँद पडे घुल जाना है ।
यह संसार काँटे की वाडी, उलझ-पुलझ मरि जाना है ।
यह संसार झाड और झांखर, आग लगे बरि जाना है ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सद्गुरु नाम ठिकाना है । "[२]

कबीर की वाणी का संग्रह बीजक के नाम से प्रसिद्ध है । रमैनी, सबद और साखी-ऐसे उसके तीन भाग किए गए हैं । विशेषतः ' रमैनी ' और

---

१. हिन्दी साहित्य का प्रवृत्तिगत इतिहास : डॉ. प्रतापनारायण टंडन, पृ. ६३

१. ' कबीर-वचनावली – ' संपादक पं. अयोध्यासिंह उपाध्याय, 'हरिऔध'– पृ. १८२, पद २१०

'सबद' में गेय पद हैं। इनकी पदावली की भाषा परिष्कृत न होते हुए भी उनकी उक्तियों में विलक्षण प्रभाव है।

## रैदास

आचार्य रामानन्द की शिष्य–परम्परा में रैदास का स्थान महत्त्वपूर्ण है। वस्तुत: कबीर के परवर्ती सन्तों में रैदास का नाम आ जाता है। अत: उन परवर्ती सभी सन्तों की भावभूमि पर सन्त कबीर का व्यक्तित्व कुछ ऐसा हावी हो गया है कि उन सन्तों की मौलिक उद्भावनाएँ भी कबीर की उच्छिष्ट सी लगती है। सन्त रैदास की पदावली पर तो कबीर का प्रभाव स्पष्ट ही है। रैदास के फुटकल पद 'बानी' के नाम से 'संतबानी सीरीज' में संग्रहीत हैं। 'आदि गुरु ग्रंथ साहेब' में भी चालीस पद दिए गए हैं। रैदास का निम्न पद दृष्टव्य है–

'दूध व तछरै थनह विडारेउ। फुलुभँवर, जलु मीन विगारेउ।
माई, गोविंद पूजा कहा लै चरावउँ। अवर त फूल अनूप न पावउँ॥
मलयागिर वै रहै हैं भुअंगा। विष अमृत बस हीं इक संगा।
तन-मन अरपउँ पूज चढ़ावउँ पूज चढ़ावउँ। गुरू परसादि निरंजन पावउँ॥
पूजा अरचा आहि न तोरि। कह रविदास कवनि गति मोरी।
अखिल खिलै नहि, का कह पंडित, कोई न कहै समुझाई॥
अवरन बरन रूप नहि जाके कहँ लौ लाइ सभाई।
चंद्र सूर नहि, राति दिवस नहि, धरनि अकास न भाई॥
करम अकरम नहि सुभ असुभ नहि, काकहि देहुँ बडाई॥'[1]

रैदास की पदावली में ब्रज भाषा की प्रासादिकता एवं मधुरता दृष्टव्य है।

## सदना

चौदहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सदना ने जिस पदावली की रचना की है उसमें आध्यात्मिकता का अधिकतर पुट है। आध्यात्मिक विषय पर आधारित तथा 'आदिग्रंथ' में संकलित सदना का निम्न पद महत्त्वपूर्ण है—

"एक बूंद जल कारने, चातक दुख पावै।
प्रान गए सागर मिलै, पुनि काम न आवै॥

१. हिन्दी साहित्य का इतिहास : रामचन्द्र शुक्ल, पृ. ८३

प्रान जो थाके थिर नहीं, कैसे विरमाओ ।
बडि मुये नौको मिलै कहु काहु चढाओ ।।
मैं बनाही कछु हों नहीं, कछु आदि न मोरा ।
औसर लज्जा राखि लेहु सदना जन तोरा ।। [१]

## पीपा

लगभग पन्द्रहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में पीपा की रचना का अनुमान किया जाता हैं । 'श्री पीपाजी बानी' नामक उनकी रचनाओं का एक संग्रह उल्लेखनीय है । पीपाका एक भक्तिपूर्ण पद दृष्टव्य है —

"काया देवा, काया देवल, काया जंगम जाती ।
काया धूप दीप नैवेदा, काया पूजो पाती ।।
काया वहु खंड खोजते, नव निद्धी पाई ।
ना कछु आइबो ना कछु जाइबो, रामकी दुहाई ।।
जो ब्रह्मंडे सोई पिंडे, जो खोजे सो पावै ।
पीपा प्रनवे परम तत्त्व ही, सतगुरु होय लखावै ।" [२]

## धर्मदास

धर्मदास कबीर के समकालीन कवि थे । कहा जाता है कि कबीर के परलोकवास पर उनकी गद्दी धर्मदास को मिली । धर्मदासकृत पदावली की सब से बडी विशेषता है सरलता । उन्होंने बडी सरल भाषा शैली में कबीर के गूढ उपदेशों को सामान्य जनना तक पहुँचा दिया । उनकी पदावली का सभी सन्तों में बडा आदर या । धर्मदास ने सतगुरु के सम्बन्ध में निम्न पदमें विनय प्रकट किया है—

"झरि लागै महलिया गगन घहराय ।
खन गरजै, खन बिजली चमकै, लहरि उठै सोभा वरनि न जाय ।।
सुन्न महल से अमृत बरसै, प्रेम अनंद ह्वै साधु नहाय ।।
खुली केवरिया, मिटी अँधियरिया, धनि सतगुरु जिन दिया लसाय ।
धरमदास विनवै कर जोरी, सतगुरु चरन में रहत समाय [३] ।।

---

१. हिन्दी साहित्य का प्रवृत्तिगत इतिहास–प्रतापनारायण टंडन, पृ. ६८
२. वही, पृ. ६९
३. हिंदी साहित्य का इतिहास–आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृ. ८४

## गुरु नानक

गुरुनानक का रचनाकाल पन्द्रहवीं शताब्दी के लगभग अनुमानित किया जाता है। उन्होंने हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों को भी ग्राह्य उपासना का मार्ग प्रशस्त किया। विशेषत: उन्होंने कबीर की निर्गुण उपासना का प्रचार किया और अन्त में वे सिख संप्रदाय के आदि गुरु बन गए। "श्रीगुरु ग्रन्थसाहब" में उनकी रचनाएँ संकलित हैं। विनय और भक्तिभाव से परिपूर्ण इनके पदों में सरलता दृष्टिगोचर होती है। भक्ति और संत स्वभाव के सम्बध में उनका निम्न पद दृष्टव्य है–

"जो नर दुख नहि माने।
सुख सनेह अरु भय न हि जाके, कंचन माटी जानै।
नहि निंदा नहि अस्तुति जाकें, लोभ मोह अभिमाना।
हरष सोक तैं रहे नियारो, नाहिं मान अपमाना।
आसा मनसा सकल त्यागि कै जग तें रहे निरासा।
काम क्रोध जेहि परसै नाहि न तेहि घट ब्रह्म निवासा॥
गुरु किरपा जेहि नर पै कीन्ही तिन्ह यह जुगुति पिछानी।
नानक लीन भयो गोविंद सों ज्यों पानी सँग पानी॥"[1]

## दादू दयाल

दादू दयाल सन्त कबीर के अनुयायी थे सही, फिर भी उन्होंने 'दादू पंथ' के नाम से अपना एक अलग पंथ चलाया। लगभग सोलहवीं शताब्दी में उन्होंने गुजरात में निर्गुण उपासना का प्रचार किया। अत: भक्तिकालीन निर्गुण काव्य-प्रवृत्ति के अन्तर्गत दादू दयाल का नाम विशेष उल्लेखनीय है। 'अनभयवाणी' और 'कामावेलि' नामक इनकी दो कृतियाँ प्रसिद्ध हैं। इन्होंने गुजराती, राजस्थानी और पंजाबी में जो गेय पद रचे हैं वे सरस और सरल हैं। श्री० क्षितिमोहन सेन ने 'दादू' नाम से जो अध्यमन ग्रंथ प्रस्तुत किया है उसमें दादू दयाल के अनेकों पदों का संग्रह है। उदाहरणस्वरुप एक पद पढ़िए–

"अजहूँ न निकसे प्रान कठोर,
दरसन बिना बहुत दिन बीते सुन्दर प्रीतम मोर।
चार पहर चारहु जुग बीते रैनि गँवाई भोर।
अवधि गये अजहूँ नहि आये कतुहुँ रहे चित चोर।

---

१. हिंदी साहित्य का इतिहास–रामचन्द्र शुक्ल, पृ. ८६

कबहूँ नैन निरखि नहिं देखे मारग चितवन तारे ।
दादू अइसहि आतुर विरहिनि जैसहि चंद चकोर ।'[1]

दया के सागर दादू के पदों में ईश्वर की व्यापकता, सदगुरु की महिमा, संसार की अनित्यता एवं आत्मबोध आदि विषयोंपर प्रकाश डाला गया है ।

## तुलसीदास

रामभक्ति शाखा के मूर्धन्य कवि गोस्वामी तुलसीदास कोमलकान्त पदावली के श्रेष्ठ रचयिता है । जयदेव के पद विन्यास की कोमलता और विद्यापति के पद विन्यास की सरसता का सुन्दर समन्वय तुलसीदास की पदावली में दृष्टिगोचर होता है । उनकी ' कवितावली ' ' गीतावली ' और ' विनय-पत्रिका ' तो हृदय के विविध भावोंकी व्यंजना का मधुर थाल है । भक्ति कवितावली का स्थायी भाव है । ' गीतावली ' गीति शैली का उत्कृष्ट नमूना है । ' गीतावली ' को ' पदावली रामायण ' भी कहा जाता है । ' विनयपत्रिका ' तो राम के प्रति आत्मनिवेदन पर पदों का संग्रह है । निम्न पद में बिना सेवा किए दीन जनों को निहाल कर देनेवाले श्रीराम की मुक्त कंठ से स्तुति की गई है ।

राग सोरठ

" ऐसो को उदार जग माहीं ।
विनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाही ।।१।।
जो गति जोग विराग जतन करि नहिं पावन मुनि ग्यानी ।
सो गति देत गीध सवरी कहँ प्रभु न बहुत जिय जानी ।।२।।
जो सम्पत्ति दस सीस अरपि करि रावन सिव पहँ लीन्हीं ।
जो संपदा विभीषन कहँ अति सकुच-सहित हरि दीन्हीं ।।३।।
तुलसिदास सब भाँति सकल जो चाहसि मन मेरो ।
तौ भजु राम, काम सब पुरन करै कृपानिधि तेरो[2] ।।४।।

## सूरदास

कृष्णभक्ति शाखा के एक सर्वश्रेष्ठ कवि के नाते सूरदास का नाम सर्वोपरि है । ' सूर सागर ' उनकी काव्य-कीर्ति का स्थायी स्तंभ है । वात्सल्य और श्रृंगार रस का परिपाक है । कवि विद्यापति के पदों की मधुरता ' सूरसागर ' में

---

१. हिंदी साहित्य का उद्‌भव और विकास : रामबहोरी शुक्ल, पृ. १२४
२. ' विनय पत्रिका ' वियोगी हरि, संशोधित संस्मरण, पृ. २३१

दृष्टिगोचर होती है । सूरदास ने कृष्णलीला सम्बन्धी जो सरस पदों की रचना की है, वह हिन्दी साहित्य के इतिहास में एक बेजोड चीज़ है । रासभावना के सम्बन्ध में सूरदास का निम्न पद दृष्टव्य है–

" रास रस रीति बरन नहिं आवै ।
कहाँ वैसी बुद्धि कहाँ वह मन लहौ, कहाँ इह चित्त भ्रम भुलावै ।
जो कहौं कौन मने अगम जो कृपा बिन नहिं या रसहि पावै ।
भाव सों भजे बिन भाव में ए नहीं, भाव ही मांहि भाव यह वसावै ।
यहै निज मंत्र यह ज्ञान यह ध्यान है दरस दम्पत्ति भजन सार गाऊँ ।
इहै मांग्यौ बार-बार प्रभू सूर के नैन दोउ रहैं अरु नित्य नर देह पाऊँ ।[१]

सूरदास और तुलसीदास हिन्दी काव्य गगने के सूर्य और चंद्र हैं । इन दो कवियों की पदावली में भावों की जो सरसता पाई जाती है वह अन्य हिन्दी कवियों में दुर्लभ है । विशेषत: सूरदास के पद तो सरसता के जीते–जागते उदाहरण हैं ।

सूरदास की पदावली के सम्बन्ध में निम्न दोहा प्रसिद्ध है ।

" किधौं सूर को सर लग्यो किधौं सूर की पीर ।
किधौं सूर को पद लग्यो, बेध्यो सकल सरीर । "

इसी प्रकार निम्न दोहा भी प्रसिद्ध है

" उत्तम पद कवि गंग के, कविता को बलबीर ।
केवल अर्थ गभीर को, सूर तीन गुन धीर । "

सूरदास के उपरान्त कृष्णदास, परमानंददास, कुम्भनदास, चतुर्थदास, नंददास और छीतस्वामी आदि अष्टछाप कवियों की पदावली में भी मधुरता एवं सरसता पाई जाती है ।

## मीराबाई

श्री कृष्ण को इष्ट देव मानकर माधुर्य भाव की उपासना करनेवाली मीराबाई एक भक्त कवयित्री थी । मीरा के पदों मे विरह की आकुलता और भावना की मधुरता का मार्मिक रुप में चित्रण मिलता है । विशुद्ध साहित्यिक ब्रजभाषा में लिखे हुए मीरा के पदों में सर्वत्र प्रेम की तल्लीनता समान रुप से दृष्टिगोचर होती है । मीरावाई का निम्न पद दृष्टव्य है–

---

१. हिंदी साहित्य का प्रवृत्तिगत इतिहास: प्रतापनारायण टंडन, पृ. १८८

राग सोरठ

"बसो मेरे नैनन में नँदलाल ।
मोहनि मूरति साँवरि सूरति, नैना बने रसाल ।।
मोर मुकट मकराकृत कुंडल अरून तिलक दिए भाल ।
अधर सुधारस मुरली राजति, उर बैजंती माल ।।
छुद्र घंटिका कटि तर सोभित, नूपुर शब्द रसाल ।
मीरा प्रभु संतन सुखदाई, भक्त वछल गोपाल ।।"[1]

इस प्रकार जब सिद्धों और नाथों का आविर्भाव (आठवीं शताब्दी) हुआ तब हिन्दी साहित्य के इतिहास में पदावली का सूत्रपात हुआ । अतः आदि काल से लेकर मध्ययुग तक यह पद-रचना की परम्परा बराबर चलती रही । विशेषतः भक्तियुगीन कवियों ने इस परम्परा में बडा ठोस योगदान दिया । मीराबाई तक यह पद-परम्परा चरम विकास के पथपर अग्रसर हो गई थी । मीराबाई के बाद भी सूरदास मदनमोहन, श्रीभट्ट, व्यासजी, रसखान और ध्रुवदास की पदावली में प्रेममाधुर्य का जो सुधा स्त्रोत बहता रहा उससे भक्ति-युगीन हिन्दी काव्य-क्षेत्र में सरसता और प्रफुल्लता बरावर बनी रही ।

लगभग सत्रहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में मीराबाई का देहान्त हुआ । और इधर मराठी सन्त परम्परा में समर्थ रामदास का आविर्भाव हुआ । अतः इस समयतक मराठी साहित्य में हिन्दी पदावली की जो परम्परा थी उसका अवलोकन करना भी लाभदायी होगा ।

◆ ◆ ◆

## अध्याय ६

# मराठी साहित्य में हिन्दी पद-परम्परा

### महात्मा चक्रधर

लगभग १२ वी या १३ वीं शताब्दी में महाराष्ट्र में जन-जागृति का जो पर्व निर्माण हुआ उसके प्रवर्तक थे महात्मा चक्रधर । चक्रधर महानुभाव पंथ के संस्थापक भी थे । अहिंसा, निस्संग, निवृत्ति और भक्ति यह उनके जीवन-कार्य की चतुःसूत्री थी । आत्मपरीक्षा और वैराग्य के बलपर उन्होंने बहुत बडी

१. हिन्दी साहित्य का इतिहास : रामचन्द्र शुक्ल, पृ. १७९

शिष्य-परंपरा का निर्माण किया। उनके शिष्यों ने उनकी हिन्दी वचन संपदा का संग्रह किया है। उनकी हिन्दी वाणी हिन्दी मराठी और गुजराती मिश्रित है। चक्रधर की एक गेय चौपदी दृष्टव्य है–

" मूल स्थानीं भिउ बंध बांधो हो जोई ना काल कलाई "
गुरु वचनें उठीयाना दृढ़ बंधाई जे वीना चंचल नाहीं।
सुती बंधी स्थिर होई जेणे तहमी जाई
सो परी मोरो वैरी, आपणाँ काई ।।[१]

## महदायिसा

महानुभाव पंथीय साहित्य परम्परा में एक भावपूर्ण कवयित्री के नाते महदाइसा का नाम विशेष उल्लेखनीय है। महदाइसा के ' धवळे ' तो भक्तिरस से आप्लावित एक थाल है। महदाइसा का गुरुभाक्ति सम्बन्धी एक हिन्दी पद भी प्राप्त है, जो नीचे दिया गया है–

" नगर द्वार हो भिच्छा करो हो बापूरे मोरी अवस्था लो।
जिहाँ जावो तिहाँ आप सरिसा कोउ न करी मोरी चिंता लो।
हाट चौहाटां पड रहुं हो मांग पंच घर भिच्छा
बापुड लोक मोरी आवस्था कोउ न करी मोरी चिंता लो।[२]

## सन्त ज्ञानेश्वर

मराठी साहित्य गगन में सन्त ज्ञानेश्वर का उदय हुआ और मराठी साहित्य क्षेत्र में अमृत धाराओं की वरसात शुरु हुई। ज्ञानेश्वर की ' ज्ञानेश्वरी ' तो माँ भारती के भाल-प्रदेश का मुकुट बन गई। ज्ञानेश्वरी में भक्ति, कवित्व और प्रसाद का बडा-बेजोड संयोग हुआ है। ज्ञानेश्वर ने लगभग तेरहवीं शताब्दी में निष्काम भक्तिपरक भावना से जिस भागवत मत को प्रतिष्ठित किया वह ' वारकरी पंथ ' के नाम से महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है। तीर्थाटन करते समय ज्ञानेश्वर ने भी हिन्दी पद-रचना की है। परन्तु उनकी हिन्दी पदावली काल-कवलित होने की अधिकतर संभावना लगती है। श्री. भास्कर रामचन्द्र भालेरावजी ने ज्ञानेश्वर के दो हिन्दी पद प्रकाशित किए हैं। ज्ञानेश्वर ने परमार्थ पथ को प्रशस्त करनेवाले गुरु की महत्ता निम्न हिन्दी पदमें बताई है —

सोई कच्चा बे नहीं गुरु का बच्चा
दुनिया तजकर खाक रमाई, जाकर बैठा वनमों

---

१ हिन्दी को मराठी सन्तों की देन: विनयमोहन शर्मा, पृ. ८४
२ वही, पृ. ८५

खेचरि मुद्रा वज्रासन मां ध्यान धरत है मनमों
तीरथ करके उम्मर खोई जागे जुगति मो सारी
हुकुम निवृत्ति का ज्ञानेश्वर को तिनके ऊपर जाना
सतगुरु की (जब) कृपा भई तब आपहि आप पिछाना [1] ।।

## मुक्ताबाई

मराठी साहित्य-परम्परा में एक सन्त कवयित्री के नाते मुक्ताबाई का स्थान गौरवास्पद है । ' ताटीचे अभंग ' उनकी एक अ-भंग रचना है । उनके अभंगों में ज्ञान समन्वित भक्ति का आग्रह है । सन्त मुक्ताबाई के नामपर भी एक हिन्दी पद प्राप्त है, जिसमें गुरु-शिष्य सम्बन्ध पर प्रकाश डाला गया है–

" वाह वाह साहबजी सद्गुरुलाल गुसाईंजी
लाल बीच मो उडाला काला ओंठ पीठसों काला
पीत उन्मनी भ्रमर गुंफा रस झूठनवाला ।।
सदगुरु चेले दोनों बराबर एक दस्तयों भाई ।
एक से एक दर्शन पाये महाराज मुक्ताबाई ।। [2]

## सन्त नामदेव

सन्त नामदेव मराठी के साथ साथ हिन्दी के भी कवि थे । मराठी में जैसे उनका ' अभंग गाथा ' प्रसिद्ध है वैसे वैसे उनकी हिन्दी वाणी ' गुरु नानकसाहब' ग्रंथ में संग्रहित है । नामदेव की ' उत्कट भक्ति ' हिन्दी पदावली को एक श्रेष्ठ देन है । सब के लिए रामनाम का सबक देते हुए नामदेव निम्नपद मे कहते हैं कि–

राग भैरु

" जागि रे जीव कहा भुलाना ।
आगै पीछै जाना ही जाना ।।
दिवस चारिका गोबलि बासा ।
ता मैं तोहि क्यौं आवै हासा ।।१।।
इहि भ्रमि लागि कहा तू सोवै ।
काहे कूं जनम बादि ही षोवै ।।२।।

---

१. नागरी-प्रचारिणी प्रत्रिका, भाग १०, पृ. २४
२. नागरी–प्रचारिणी पत्रिका; भाग–१०, पृ. ९४

कहां तू सोवै बारंबारा ।
रामनाम जपि लेउ गंवारा ।।३।।
भणत नामदेव चेति अयांना ।
औघट घाट अरु दूरि पयांना ।।४।।[1]

## सन्त एकनाथ

महाराष्ट्र में लगभग सोलहवीं शताब्दी में लोकजागृति के एक अग्रदूत के रूप में संत एकनाथ का आविर्भाव हुआ। उन्होंने समाज मंगलता के हेतु मराठी सरस्वती के मंदिरपर भागवत धर्म की पताका फहराने का कार्य किया। अपनी भ्रमणशील जीवन यात्रा मे उन्होंने हिन्दी-मराठी में उपदेश देने का कार्य भी किया है। अतः उनके कई हिन्दी स्फुट पद भी उपलब्ध है। सन्त एकनाथ जीवन में सुख-दुःख का स्थान निर्धारित करते हुए, नियति के चंगुल में फँसे हुए मनुष्य को जगानें का प्रयत्न करते है—उनका निम्न पद पढ़िए—

" कोई दिन सीर छता उडावै
कोई दिन सीर पर घडा चढ़ावै
कोई दिन तुरंग ऊपर चढ़ावै
कीई दिन पांवमें खासा चलावे
कोई दिन राजा बडा अधिकारी
एक दिन होवे कंगाल भिकारी [2] ।।

## सन्त तुकाराम

वारकरी पंथ-परम्परा में एकनाथ के बाद सन्त तुकाराम का नाम बडे आदर के साथ लिया जाता है। उनकी " अभंग-गाथा " मराठी सरस्वती के प्रांगण की अभंग दौलत है। विशेषतः महाराष्ट्र की सन्त-परम्परा में उनका स्थान इसलिए मूर्धन्य है कि उन्होंनें अपने विचार सहज उक्तियों द्वारा जन-मन तक पहुँचा दिए। जनता की भाषा में जनजागरण कर दिया। नीति, उपदेश और भक्ति से उनकी हिन्दी वाणी ओतप्रोत है। परोपकार का उपदेश देते हुए सन्त तुकाराम निम्न पद में कहते है कि —

आप तरे त्याकी कोण वराई, आउरणकुं भलो नान धरा ही।
काहे भूमि येलना भार राषे, दुमत धेनु नहीं दुध चाषे ।।

१. सन्त नामदेव की हिन्दी पदावली=सं. डॉ. भगीरथ मिश्र, पृ. ५६
२. हिन्दी को मराठी सन्तों की देन: विनयमोहन शर्मा, पृ. १४३

बरसत मेघ फलत है बीरख, कोणकाम आपणी उन्हों ती रीषा ।
काहे चंदा सुरीज पावे फेरा, बीन येक बैठ नहीं नहीं पावत छोरा ।।'[1]

## समर्थ रामदास

लगभग सत्रहवीं शताब्दी में समर्थ रामदास का आविर्भाव हुआ । दक्षिण भारत से उत्तर भारततक तीर्थयात्रा करनेवाले समर्थ रामदास ने जनजीवन को निकट से अनुभव किया और अन्त में महाराष्ट्र में आकर 'महाराष्ट्र धर्म' की नींव डाली । 'दासबोध' समर्थ रामदास की साहित्यिक कीर्ति का उज्ज्वल प्रकाश–स्तंभ है । 'समर्थ गाथा' में रामदास के कुछ हिन्दी पद प्रकाशित हो चुके हैं । धुलिया (महाराष्ट्र) के श्री समर्थ वाग्देवता मंदीर के जीर्ण–शीर्ण बाडों में समर्थ रामदास के कई हिन्दी पद प्राप्य हैं । उनमें से निम्न पद पढ़िए–

"कोउ न आवे सात ।
रामबीन कोउ न आवे सात ।।
योही मेरा योही मेरा ।
झुटी है सब बात ।।१।।
जो कछु है सो झुटा है रे ।
दो दिन का सांगात ।।२।।
दास कहे सुन हो जन चातुर ।
छोरी चले एक गात ।।४।।"[2]

भाव और भाषा की दृष्टि से देखा जाय तो समर्थ रामदास के हिन्दी पदों में काव्योचित रस है । विवेक, वैराग्य, प्रयत्नवाद और लोकोद्धार की तीव्र आस भी उनकी हिन्दी पदावली में दृष्टिगोचर होती है । वस्तुतः हिन्दी का यह सबसे बडा सौभाग्य है कि महाराष्ट्र के जर्रे जर्रे में अपूर्व क्रांति का और रामभक्ति का संचार करनेवाले इस कर्मयोगी सन्त ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति के लिए राष्ट्रभाषा के रुप में हिन्दी का स्वीकार किया ।

अब तक हिन्दी एवं मराठी साहित्य में हिन्दी पद–परम्परा का जो विकास हुआ उसका सोदाहरण विवेचन प्रस्तुत किया है । प्रस्तुत विवेचन का अध्ययन कर लेनेपर ऐसा प्रतीत होता है कि यह पदरचना की परम्परा बहुत पुरानी है । वस्तुतः सिद्धों और नाथों से ( आठवी शताब्दी में ) हिन्दी पदावली का

---

१. तुकाराम की अस्सल अभंग गाथा, पृ. १५३

२. समर्थ वाग्देवता मंदीर, धुलिया, बाड क्रमांक १३७

आविर्भाव होता है। इन दोनों की वाणी में आचरण–सम्बधी विवेचन आवश्य था, परन्तु जनता के चित्त को आर्कषित कर देने का सामर्थ्य नहीं था तथा जन–मन को मुग्ध कर देने का राग–रस भी नहीं था। शुष्क ज्ञान से लबालब भरे हुए प्याले वे जनता के ओंठोंतक पहुँचा रहे थे। परन्तु कितने लोगोंने उनका सानन्द प्राशन किया और कितने लोगोंने इन्कार किया, केवल इतिहास को ही मालुम होगा !! यह बात स्पष्ट है कि वीरगाथाकालीन रचनाओं से हिन्दी पदावली में विकास के अंकुर फूट निकल पडे। विविध रागरागिनियों में सरस पदों की रचना होने लगी। उनकी गेयता के कारण तो पदावली में चार चाँद लग गए। विशेषत: जगनिक कृत आल्हाखंड की पदावली जनता के कंठ का हार बन गई। कवि अमीर खुसरो, और कवि विद्यापति की रचनाओं ने 'पदावली' के माध्यम से ज्ञान, मनोरंजन और खासकर श्रृंगार रस का जो युग निर्माण किया वह हिंदी साहित्य के इतिहास का एक सुवर्ण पृष्ठ ही मानना चाहिए। क्या भाषा, क्या भाव दोनों में भी ऐसा प्रभाव था कि जनता की चित्तवृत्तियों में आनन्द का ज्वार ही उमड पड़ता था। और यही तो पदावली की सार्थकता भी है।

ज्ञानाश्रयी निर्गुण शाखा के कवि कबीर से हिन्दी पदावली में भक्ति का बीजवपन होता है। रामभक्तिशाखा के कवि तुलसी के कालखंड में उसे अंकुर फूट निकल पडते हैं। कृष्णभक्ति शाखा के कवि सूरदास के काल में वह सुरभित होता है। और मीराबाई के कालखण्ड में आकर हिन्दी पदावली के चरण अपने चरम विकास पर पहुँचते हैं। भक्तिकाल के उपरान्त रीतिकाल का आविर्भाव हुआ और सवैया एवं घनाक्षरी का प्रचार बढ़ने लगा। भारतेन्दु युगतक पद–रचना की यह परम्परा बहुत धीमी हो गई। परन्तु यह बात सच हैं कि कवि कबीर की आत्मानुभूति, धर्मदास की सरलता, गुरु नानक की अहंभाव-शून्यता, दादू दयाल की भावात्मकता, तुलसीदास की कोमलता, सूरदास की सरसता और मीराबाई की मधुरता का जो सौरभ भक्तियुगीन हिन्दी पदावली में सिमट गया है, उसने आज की हिन्दी कविता को भी सुरभित कर दिया है। विशेषत: पदावली की सारी विशेषताओं का भक्तियुगीन पदावली में ऐसा स्वाभाविक विकास हुआ है जैसे कली से फूल का।

उत्तरी भारत में हिन्दी कवियों की पदावली ने जन–मानस को आन्दोलित करने का जो प्रयास किया उसका मराठी सन्तों की हिन्दी पदावली पर भी प्रभाव पडा है। इस संदर्भ में महाराष्ट्र के सभी सन्तों में नामदेव का नाम सब से पहले आता है कि जिनकी हिन्दी पदावलीपर पूर्ववर्ती तथा परवर्ती। कवियों की छाप है। इस सिलसिले में आचार्य रामचन्द्र शुक्लजी का निम्न

कथन महत्त्वपूर्ण लगता है– 'कबीर में जो सूफियों का भावात्मक रहस्यवाद, हठयोगियों का साधनात्मक रहस्यवाद और वैष्णवों के अहिंसावाद तथा प्रपत्तिवाद का मेल है, वह सब नामदेव में विद्यमान है'। "वस्तुतः जब हिन्दी पदावली में कोई एक विशिष्ट परम्परा स्थापित नहीं हुई थी तब विशिष्ट राग–रागिनियों में हिन्दी पद-रचना करने का श्रेय महाराष्ट्र के सन्त नामदेव को दिया जाता है। नामदेव की हिन्दी पदावली कितनी मँजी हुई थी, उनमें छन्दों का निर्वाह हुआ था या नहीं, उनकी भाषा शुद्ध थी या नहीं इसके वावजूद नामदेव जैसे मराठी सन्त कविने खडी बोली हिन्दी को पदावली में व्यवहृत करने का जो प्रयास किया, यह सबसे अधिक गौरव की बात है। वस्तुतः हिन्दी को मराठी सन्त की यह एक अपूर्व देन ही है।

जब जब मराठी सन्तों की उत्तर भारत की तीर्थयात्रा करने का समय आता था तब तब अनुमान है कि उपदेश देनेके लिए उन्हें हिन्दी में पद-रचना करनी पडती होगी। मराठी सन्त ज्ञानेश्वर से लेकर समर्थ रामदास तक लगभग सभी सन्त भ्रमणशील थे। इसलिए तो एकनाथ की हिन्दी पदावली में मराठी के साथ-साथ गुजराती का भी प्रभाव है। तुकाराम की हिन्दी पदावलीपर कबीर का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। कारण यह है कि तुकाराम के युग में 'दोहा' और 'साखी' बहुत प्रचलित हो गए थे। अतः तुकाराम की हिन्दी पदावलीपर दोहा और साखी का प्रभाव परिलक्षित होता है। समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली भी तत्कालीन जनभाषा में रची गई है। अतः उसमें तामिल, उर्दू, मराठी तथा फारसी शब्दों की भी भरमार है। वस्तुतः समर्थ की हिन्दी पदावली का महत्त्व भाषा में नहीं है, जन–जागरण के लिए प्रयुक्त विचारों में है।

## अध्याय ७

# समर्थकृत हिन्दी पदावली की भावधारा

### भक्ति–भावना

समर्थकृत हिन्दी पदावली का मुख्य प्रतिपाद्य विषय भक्ति है। समर्थकृत मराठी साहित्य में भी 'मुख्य हरिकथा निरुपण' को महनीय स्थान दिया गया है। अन्यान्य मराठी संतों के समान रामदास भी 'ईश्वरभक्ति' को प्रधान स्थान देते है। वस्तुतः ईश्वर के प्रति जो अनुरक्ति होती है उसे 'भक्ति' कहा जाता है। समर्थ रामदास की कविता में इस 'भक्ति' की सहज अभिव्यक्ति

दृष्टिगोचर होती है। समर्थ की यह सहज अभिव्यक्ति आत्मा से हो गई है। अतः उसमें छंद, अलंकार एवं गुण आदि का स्थान अत्यंत गौण है। यह सहज अभिव्यक्ति आत्मा के अनिर्वचनीय आनन्द रस का कारण मात्र है। इसतरह आत्मा की अनुभूति से जड़ भी चेतन हो जाता है और भक्त उसमें तन्मय हो जाता है। ऐसे अवसर पर आत्मा और परमात्मा की अभिन्न एकता का जो अनुभव आ जाता है वह श्रेष्ठ भक्त के जीवन में सर्वोपरि होता है। यही स्थिति 'ब्रह्मानन्द सहोदर' की स्थिति होती है और सर्वत्र उस 'परम सत्ता' के दर्शन हो जाते हैं। समर्थ रामदास ठीक ही कहते हैं–

"ज्याहां देखुं ताहां प्रगट गुसाइ।
कैसे लिज्यांउ हो।"
(बा. क्र. ५३)

ऐसे अवसरपर भक्त और भगवान के दरम्यान एक उज्ज्वल रेषा खींचना असंभव हो जाता है। भक्त और भगवान दोनों एकाकार हो जाते हैं। इस स्थिति का वर्णन समर्थ रामदास निम्न प्रकार करते है।

"तुज में ठाकुर ठाकुर में मैं।
जान न पाउं हो।।"
(बा. क्र. ५३)

रामदास की इस स्थिति का वर्णन संतश्रेष्ठ कबीर की निम्न पंक्तियों के साथ मिलता जुलता है।

"जल में कुम्भ कुम्भ में जल है बाहर भीतर पानी।
फूटा कुम्भ जल जलहिं समाना यह तथ कथ्यो गियानी।"

अज्ञात को जानने की इस भावना को हम 'रहस्यवाद' कहते हैं। इस स्थिति में आत्मा परमात्मा से मिलनें का प्रयत्न करती है और उसे प्राप्त कर उसमें लय हो जाना चाहती है। इस अवस्था में आत्मा की जो पुकार होती है वह समर्थ रामदास के निम्न शब्दों में स्पष्ट है—

"तुज्य मे है ही मज मे है हि।
समज्यत कछु येक है ही ।।१।।
देव न ज्यानु भगत न ज्यानु।
अंतर ज्यानुरी ।।२।।
(बा. क्र. ५३)

समर्थं रामदास की भक्ति हृदय का विषय है। इसलिए वे 'अंतर ज्यानुरी'

ऐसा कहते हैं । रामदास के आराध्य देवता राम है । राम के अंतर्दर्शन हो जाने पर रामदास आनन्द विभोर होकर कहते है—

" भगतन कि तन हो दयाल भगतन की तन हो ।।धृ०।।
अंतर कि गत अंतर ज्यानें ।
ज्यानत हे मन हो ।।१।।
मनकि पिरत मनमो राखि ।
च्याखि संतन हो ।।२।।
रामदास कि अंतर लिला ।
आंतर भावन हो ।।३।।

( बा क्र. ५३ )

ऐसे अवसर पर रामदास 'राममय' हो जाते है । तनमन से वे राम के साथ सामीप्य प्रस्थापित कर देते है । अतः समर्थ रामदास कहते है—

" तनु मनु धनु रे राघवा । "

( बा. क्र. ५३ )

रामदास निर्गुण उपासना करनेवाले भक्त है । अतः वे हृदयस्थ राम का गुणगान करने में व्यस्त है–

" कहे दास जन निरगुन के गुन ।
ज्यब तब गाउं हो ।। "

( बा. क्र. ५३ )

श्रीराम का गुणगान करना समर्थ रामदास की भक्ति का अभिन्न अंग है । अतः राम को लेकर उनकी भक्ति भावना का जो विकास हुआ है वह दृष्टव्य है ।

## रामदास के राम

### कर्मयोगी राम

समर्थ की हिंदी पदावली में राम का जो रुप निखर उठा है उसके मूल में तत्कालीन सामाजिक पृष्ठभूमि है । तत्कालीन सामाजिक धरातल पर अधिष्ठित राम के प्रति समर्थ संकेत करते हैं कि—

" कर शरच्याप सलिल जे लोचन ।
ठाडे भयो रणधिर । "

( बा. क्र. ५३ )

इस तरह 'सशर चाप' राम–उपासना की नींव डालने का कार्य रामदास ने किया है। वस्तुतः रामदास की रामोपासना कर्माधिष्ठित है। उनकी भक्ति भावना में प्रयत्नवाद का बीजवपन हुआ है। उनकी भक्ति–भावना की निम्न चतुःसूत्री चिंतनीय है—

" आधी ते करावे कर्म। कर्म मार्गे उपासना।
उपासकां सांपडे ज्ञान। ज्ञाने मोक्षचि पावणे॥

( दासबोध )

समर्थकृत दासबोध में व्यक्त यह कर्ममय भक्ति–भावना का मार्ग अपनी हिन्दी पदावली में प्रशस्त करते हुए वे कर्मयोगी श्रीराम का गुणगान करते हैं। इस गुणगान के मूल में तत्कालीन महाराष्ट्र की सामाजिक एवं राजनीतिक दुरवस्था अभिहित है। इस दुरवस्था से दुखित होकर उन्होंने प्रच्छन्न रुप से कर्मयोगी राम की आराधना आरम्भ की है।–

" रघुबीर ऐसो काहा और रनधीर हयतीर कीते गसुर कवन राखे।
दान दातार करता खुगुन सिंधु सभ शरन को मरन हरि दुरि राखे।"

( बा. क्र. १ )

इस तरह सृष्टि के सभी क्षेत्रों में कर्माधिष्ठित 'रामत्व' की विजय प्रस्थापित करना समर्थ रामदास की भक्तिभावना का प्रधान लक्ष्य है )

## निर्गुण राम

भारतीय भक्ति-मार्ग में निर्गुण भक्ति की एक परम्परा चली आई है–यथा–

" अपरोक्षानुभूतिर्मा वेदान्तेषु निरूपिता
प्रेमलक्षणभक्तेः स परिणामः स एवहि।

( भागवत )

तथा समर्थ रामदास भी रणधीर 'रघुवीर' को निराकार भाव की भक्ति का आलम्बन स्वीकार करते है। निर्गुण निराकार राम ही उन के आराध्य देवता है। ऐसे निर्गुण राम की सेवा करते हुए वे 'रिद्धि–सिद्धि' प्राप्त करना चाहते हैं–

" मेरे तो हरिदास कि सेव।
तातें निकट हरि देव॥ धृ०॥
जिन के नामसे राम सुमिरण रुप सरुप दीखावे॥
चितवन गुन निरगुण मन भावे रिद्धि सिद्धि ग्रहें आवें॥१॥

( बा. क्र. १ )

रामदास के राम सब घट–घट में व्याप्त है। ऐसे निर्गुण राम को वे हृदय की वस्तु मानते हैं।

"सब घट भय नजरे न आवे।
नज्यर न आवे छपावे ज्यावे ॥१॥
दील दील माही ॥
समज्यत नहीं सब आलम कां सांहि ॥२॥

(बा. क ५२)

इस निर्गुण राम के अस्तित्व से सारा विश्व भरा है। इस अस्तित्व का स्वीकार करते हुए समर्थ अपने मन–मंदीर में राम की स्थापना कर देते हैं–

"जीत देखों तीत रामहि राम ॥ धृ० ॥
जीत देखौ तीत पुरनकाम।
त्रुण तरुवर सातो सागर।
जीत देखो तीत मोहन नागर ॥ १ ॥
जल थल काष्ट पखान अकाष।
चंद्र सुरीज निज तेज प्रकाष ॥२॥
मेरे मन मानस राम भयो रे।
रामदास प्रभु ने ऐसा कीयो रे ॥३॥

(बा. क्र. २५६)

## पतित पावन राम

रामदास अपने को बड़ा पतित मानते है। अपराधी मानते है। 'फुकट खावन' समझते है। अत: श्रीराम के सम्मुख नतमस्तक होकर वे पावन बनने की अभिलाषा व्यक्त करते हैं। क्योंकि राम दीन पर दया करते हैं। पापीयों को पावन कर देते हैं। इसलिए तो समर्थ रामदास कहते हैं।

'महाराज मैं तो पतित ॥ धृ० ॥
पतित पावन नाम तुम्हारो।
कर हो प्रभु कछु हित ॥ १ ॥
रामदास कहे मैं अपराधि ॥
कोण करे हो गणीत ॥ २ ॥

(बा. क्र. ५३)

और भी वे कहते हैं —

'पतित पावन हो दयाल पतित पावन हो ॥ धृ० ॥
ज्ञान न ज्यानु ध्यान न ज्यानु मुक्ति सुभावन हो ॥१॥
दान न किया धर्म न किया मुक्ति कुंजावन हो ॥२॥
रामदास कहे मैं तो ऐसा फुकट खावन हो ॥३॥
( बा. क्र. ५३ )

रामदास के महाराज ( राम ) 'गरीब नवाज' है। ऐसे 'महाराज' की वे सेवा करना चाहते हैं। एक कमीन बंदा होंते हुए भी वे राम की सेवा करते करते स्वोद्धार की कामना करते हैं —

'महाराज गरिब नवाजे ऐसा सुनत आवाजे है ॥ धृ० ॥
मै सेवक हुं सेवा मांगु ॥
इतना हय सब काज ॥ १ ॥
बंदा कमीन कमीन कमीन ॥
तुं साहेब तेरि लाज हो ॥ २ ॥
( बा. क्र. ११७१ )

रामदास अपने को, हीन-दीन, पतित, गुणहीन तथा ज्ञानहीन मानते हैं। अतः राम को 'साहेब' समझकर पतितों को पावन बना देने के ब्रीद को दूहराते हैं।

"चेरा तेरा हो दयाळा चेरा तेरा हो।
तुं तो साहेब मेरा हो मै तो छंड घने राहो ॥
तुं तो दीन को प्यारा हो ॥ धृ० ॥
पाळे तो पाळ ब्रिद संभाळ ।
जानत कोन कगाळ ॥ १ ॥
गुन हीन फुन शरन चरन के ।
कोन गुमान धरे ज्यु तन के हि ॥
बिन पाळे गत्ति नाहि ॥ २ ॥ ( बा. क्र. १ )

रामदास 'राम-कृपा' के प्यासे हैं। ज्ञान, ध्यान, तप और आसन न जानते हुए भी वे राम-कृपा के अभिलाषी हैं —

" ज्योग न ज्यानु ज्युगुनि न ज्यानु ।
न ज्यानु आसन ध्यान राम कि क्रिया रामदास पाइया ॥
आलेख संपुर्ण ॥ १ ॥ ( बा. क्र ३६ )

## रामनाम : एक सार

रामदास के लिए 'राम' ही सब कुछ है। ज्ञान, ध्यान, राग, रंग, रस, तंत्र, मंत्र, सिद्धि, बुद्धि, आगम, निगम, योग, मुक्ति और भक्ति आदि सब कुछ 'राममय' ही है-

"मेरे तो ग्यान ध्यान सब राम।
केवळ दुई अक्षर को नाम ॥ धृ० ॥
(बा. क्र. १)

'राम' दो अक्षरों का एक नाम है। ऐसे 'रामनाम' को ही एक सार मानकर रामदास कहते हैं-

"गौरी रामनाम एक सार।
राखिली नोहीं ये माहि मौं तो ॥ धृ० ॥
आगमु निगमु शास्त्र पुराना विद्या भाई सभमों से।
सार सकळ को रामनाम हय
आय कहत हतो सें ॥ १ ॥
(बा. क्र. १)

राम सब दुनिया का पालनकर्ता है। इसलिए दुनिया में रहते समय 'मैं-मैं-तू-तू' ऐसा झगडा करते रहेंगे तो समयरुपी सर्प हमें निगलकर ही रहेगा। क्योंकि 'यह मेरा, यह तेरा' यह झगडा झूठ है। अत: इस झूठी माया का त्याग कर रामनाम सब के लिए हितकर है ऐसा रामदास का विश्वास है-

"कोउ न आवे सात।
रामबीन कोउ न आवे सात ॥ धृ० ॥
यो ही मेरा यो ही मेरा ॥
झुटी है सब बात ॥ १ ॥
(बी. क्र. )

२२८८
२१२४८ काव्य

## लोकाभिमुख राम

समर्थ रामदास की भक्तिभावना में व्यक्तिगत साधना के स्तर पर एक ओर निर्गुण भगवद्भक्ति का पक्ष है तो दूसरी ओर सामाजिकता के स्तर पर लोक धर्म का पक्ष भी वर्तमान है। उनकी भक्ति भावना में सब के विकास का पथ उजागर हुआ है। अत: उनकी भक्ति पद्धति की सब से बडी विशेषतः यह है कि वह सब के लिए सुलभ एवं हितकर है। संत श्रेष्ठ तुलसी के समान 'सुरसरि सम सब कहँ हित होई।" की भावना भी उस में विद्यमान है।

उस में न ज्ञान का, योग का, शास्त्र का एवं आसन का आग्रह है बल्कि उस में चित्त की एकाग्रता का अधिक महत्व है। इसलिए 'रामभक्ति' रामदास के हृदय का विषय है। रामदास कहते हैं–

"भगतन कि तन हो दयाल भगतन की तन हो ॥ धृ० ॥
अंतर कि गत अंतर ज्यानें।
ज्यानत हे मन हो ॥ १ ॥
मन कि पिरत मन मो राखि, च्याखि संतन हो ॥
रामदास कि अंतर लिला
अंतर भावन हो ॥ ३ ॥"

(बा क्र. ५३)

संतश्रेष्ठ तुलसी 'नानापुराणनिगमाग' से निर्मित सुष्ठ एवं पांडित्यपूर्ण भाषा में रामभक्ति का वर्णन करते हैं। उन के राम 'मर्यादापुरुषोत्तम' है। परन्तु वे ग्रथनिष्ठ हैं। रामदास के राम लोकनिष्ठ है। लोकाभिमुख है। लोकसंग्रह की भावना को बढावा देनेवाले हैं। पौरूष के देवता है। रामदास के राम 'जनता के राम' हैं। अत: जनभाषा में जनता के सामने 'रणधीर' राम का आदर्श उपस्थित करना रामदास का ध्येय था।

## संतसंग

भक्तिमार्ग में सत्संग और सद्‌गुरु को महनीय स्थान है। भगवान से भी गुरु को अधिक महत्त्व देने की एक विशेष परम्परा सन्त साहित्य में परिलक्षित होती है। कबीर की उक्ति है –

'गुरु गोविन्द दोऊ खडे काके लागूँ पाई।
बलिहारी गुरु आपने जिन गोविन्द दियो बताई ॥

प्राय: समस्त सन्त कवियों का यह विश्वास है कि ईश्वर की कृपा तभी हो सकती है, जब गुरु की कृपा होती है। यों तो सगुण और निर्गुण भक्त कवि गुरु एवं सत्संग की महत्ता मान लेते हैं, परन्तु निर्गुण भक्त कवि गुरु एवं सत्संग को कुछ अधिक महत्त्व देते हैं। समर्थ रामदास निर्गुण काव्यधारा के कवि है। वे सत्संग को मुक्ति का सर्वोत्तम साधन मानते हैं। इसलिए तो 'दासबोध' में समर्थ कहते है –

"या कारणे सत्सगती। धरितां प्राणी मुक्त होती।
ज्ञानामृत हें सेविती। जेणें चुके जन्म मृत्यु भेट ॥"

सत्संग की महत्ता व्यक्त करते हुए समर्थ कहते हैं कि पारस–स्पर्श से जैसे लोहा

भी सुवर्ण बन जाता है, वैसे सत्संग मे परमार्थ का स्पर्श हो जाता है। ऐसा सत्संग कल्पतरु के समान होता है। और संत तो 'गार में हीरा' जैसा होता है। समर्थ रामदास ठीक ही करते हैं—

" गुनीजन अपना हैं रे भाई।
काम करुं लोक दुनियाई ॥ धृ० ॥
ज्या गुन में मन मगन होत है ॥
ज्यो गुन ज्या के मन में ॥
बहुत गार में हीरा जैसा ॥
तैसा हय सो जन में ॥ १ ॥
( स. गा. प. क्र. १६७७ )

सत्संग एक "गुणागार" है। अतः सत्संग का एकाग्र चित्त से पालन करना बहुत लाभदायी होता है। सत्संग के कारण ही हम ऐहिक दुनिया का सुख-दुःख भूल जाते हैं। समर्थ रामदास का कथन है कि—

" हृदय कमल में एक चित्त से।
हरजि कि भगत धरी ॥ १ ॥
भगत कहे येक साधु कि संगत।
सुख दुःख बिसरी ॥ ३ ॥
( बा. क्र. ५३ )

समर्थ का मत है कि सत्संग के आलोक में जीवन का मार्ग उजागर होता है। संत तो जीवन के अंधेरे में दीप बनकर हमारे सम्मुख आ जाते हैं। अभक्ति का कोहरा दूर करते हुए वे हमें सुमार्ग दिखलाते हैं। इसलिए तो समर्थ रामदास सत्संग पर विश्वास प्रकट करते हुए कहते हैं कि—

" गुनबीन मारग कोन चलावे
गुनिगुन समज्यावे गावे ॥ "
( बा क्र. ५३ )

## संसार

यह संसार एक महासागर है। जो इस सागर में उतरता है वह आमतौरपर बहता जाता हैं। कारण स्पष्ट है कि धन और यौवन का साथ होने पर सब परमतत्त्व को भूल जाते हैं। समर्थ रामदास कहते है। —

“ मन रे काये भुल्यो संसार ।
येक घरी मोल की ज्यावे ॥
भुलि रह्यो गव्हार ॥ धृ० ॥
धन जोबन का संग पकरी ।
यो कोहु नहि उत्तरे पार ॥
ज्यानत ज्यानत मुरख भयो ।
ह्यो के ताकहुं बारे बार ॥ १ ॥

( बा. क्र. ५३ )

इस संसार–सागर के पार उतर जाने का उपाय भी समर्थ रामदास बताते हैं–

“ रामदास कहे येक रामबीन ।
कोउ उतारे पार ॥ ” ( बा. क्र. ५३ )

संसार की असारता बताते हुए समर्थ स्थान–स्थान पर कहते हैं कि, ‘ दुनिया दोज्यख खाली पसारा ’, ‘ झुटी ह्यरे दुन्याई ’, ‘ दुनिया दो दिन की है रे राजा ’ । अतः दुनिया से दूर रहने का उपदेश देते हुए रामदास कहते हैं कि–

“ दुन्याकाहि घंदा सबों छोड देना ।
गुमान छोडो नजीक है मरना ॥
...... दुनिया सब फना ।
कोई नही अपना रे बाबा ॥ धृ० ॥

( स. गा. प. क्र. १७१५ )

संसार की असारता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने हमें संसार-त्याग का उपदेश नहीं दिया बल्कि संसार की असारता पहचान कर रामभक्ति का संदेश दिया है ।

## माया

समर्थ रामदास के मायासम्बन्धी विचारों पर पूर्ववर्ती सन्तों की छाप है । जीव और ब्रह्म के बीच तादात्म्य होने में बाधक बननेवाली सबसे बडी शक्ति है माया । इसलिए रामदास ने माया की निंदा की है । जैसे कबीर माया को ‘ परम ठगनी ’, ‘ परम सुन्दरी ’ और ‘ डायन ’ कहकर उसका विविध रुपों म वर्णन करते हैं वैसे समर्थ रामदास भी माया को ‘ जुठी माया ’ कहकर ‘ साच्याराम ’ की ओर अंगुली निर्देश करते हैं ।

“ चतुरा रामही साच्या रामहि साच्या केवळ राम ॥
जुठी काया जुठी माया झुटा मीठा काम ॥ धृ० ॥

( बा. क्र० १ )

रामदास के मतानुसार यह 'माया' जीव को 'भरम करम' में फँसानेवाली हैं। यह माया दुखरुप होती हैं, बंधनरुप होती है। परिणामस्वरुप रावण जैसे बलसंपन्न लक्ष्मीपुत्र की सारी संपत्ति नष्ट हो जाती हैं। रानी द्रौपदी का सारे गहने उतार कर पाँच पति होते हुए भी विधवा जैसा जीवन व्यतीत करना पड़ता है। पांडवों को बन में जाना पड़ता है। माया के फंदे में अटक कर भटकनेवालों का वर्णन रामदास निम्न प्रकार करते हैं।–

"वय रावन की संतत संपत सभही छाडी पधारे ।।
रानि कोटि च्यारि बिघवा भयीं गिरी गहना के उतारे ।।१।।
कौरो मारि बिजई भये पांडों ते फुनगरि गरिज्यात ।।
जिन्हज्या धौंकी गैरन पाईय औरन की काला बात ।।२।
(बा. क्र. १)

काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, मान-बडाई आदि माया के ही अनेक रुप हैं। मूर्ख लोग माया के इन विविध रुपों में फँस जाते हैं और अंत में पछताते हैं। माया से श्रेष्ठ देवता तक नहीं बच सकते तो साधारण मनुष्य की क्या बात? इसलिए समर्थ रामदास उसी को चतुर मानते है जो माया को 'भरम करम' मानकर उससे बच जाता है।

"रामदास कहे चतुर सोही ज्यो कोउ अळ खळ खावे ।।
मुरख बपुरा काम हि ध्यावे अंतकाळ पछतावे ।।३।।
(बा. क्र. ३)

## अलख निरंजन

नाथ साहित्य में 'ब्रह्म' के लिए 'निरंजन' शब्द का प्रयोग किया है। आमतौरपर 'निरंजन' शब्द 'निर्गुण ब्रह्म' एवं शिव का वाचक है। 'अलख निरंजन' निर्गुण ब्रह्म का ही पर्यायवाची शब्द है। समर्थ रामदास 'अलख निरंजन' का अर्थ केवल परम्परा से वर्णित अर्थमात्र से ही स्वीकार नहीं करते। रामदास के 'अलख निरंजन' को व्यापक धरातल प्राप्त हुआ है। क्या मुसलमानों का 'अल्ला' और क्या हिंदुओं का 'निरंजन' दोनों भी एक है–

"अल्ला निरंजन दो नहि रे ।।
समज्यत समज्याना हारे ।।२।।
(बा. क्र ५३)

रामदास ने इसी 'निरंजन' के लिए राम, कृष्ण, मोहन, हरि, शंकर, नाथ, अल्ला, खुदा आदि अनेक नामों का प्रयोग किया है। हर कोई अपनी शक्ति के अनुसार इसे जान सकता है। यह निरंजन घट-घट में व्याप्त है। जैसे–

"सब घट माई रे खुदाई ।।
सब घट माई रे खुदाई ।ध्रु०।
खालि ज्यागा नहि रे ।
खुदा बिन जानत नहि ।। १ ।। ( बा. क्र. ५३ )

समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली में निर्गुण ब्रह्म की सत्ता का संकेत स्थान स्थान पर मिलता है ।

'आलख वो निरंजन कैसा हयेरे किसेहि सरिखा नहि ।
क्या कहु रे नहि रंग ना रुप रेखा कछुहि ।
मुसें हि कहेसा नहि वो ईलाहि ।।१।।
हरा ना पिला रंग काला नहि रे सफेदी नहि ।
क्या कहुं में ईसें रे सबे रंग से वो नियारा खुदाहि ।
मुसेंहि कहेसा नहिं वो ईलाहि ।।२।।
दिखाये सरिखा नहि क्या दिखाउं लखाये सरिखा नहि ।
क्या लखाऊ सबों से सच्या हे न आवे न ज्योहि ।
मुसें हि कहेसा नहिं वो ईलाहि ।।३।।
( बा. क्र. ६६८ )

रामदास के 'निरंजन' गुणातीत है । विलक्षण और अनिर्वचनीय है । रंग, आकार और उच्चार के आधार पर भी उसकी अभिव्यक्ति असंभव है । वह इन्द्रियगम्य और भाषागम्य भी नहीं । वह सर्व शक्तिमय, सर्वव्यापक और अखण्ड ज्योति-स्वरूप है । उसे जानने के लिए 'आत्मज्ञान' की आवश्यकता है ।

'आत्मज्ञान की खबर न ज्याने ।
और ध्यान जबक हुवा तो क्या जी ।।६।।
रामदास प्रभु आत्म रघुबीर ।
इस नैनन नहि छ्याया तो क्या जी ।।८।।
( बा. क्र. ११६६ )

रामदास का विश्वास है कि आत्मज्ञान के आधार पर ही कोई भी भक्त 'अनहात ध्वनि' सुन सकता है ।

## यथार्थ उपदेश

समर्थ रामदास का कार्य केवल भक्ति–निरुपण नहीं था बल्कि व्यवहार-बोध का निरुपण करना भी था । 'दासबोध' में 'आता सांगतो उत्तम गुण'

इस शीर्षक के अंतर्गत उन्होंने निषेधात्मक भाषा में समाज के लिए सर्वोत्तम मार्ग दिखलाया है। अंत में 'विवेके दृढ धरावी। वाट सत्याची।' इस 'सत्यधर्म' का उपदेश भी दिया है। रामदास का 'सत्यधर्म' केवल वह 'परमतत्व' नहीं है, अपितु प्रयत्नवाद है, कर्मवाद है, कर्तव्य–भावना है। रामदास ने समाज का जडत्व नष्ट कर उसमें चेतना भर देने का कार्य किया है। जनजागरण के हेतु उन्होंने सम्यक उपदेश को समाज के सम्मुख रखा है। समाज में निर्भयता का वातावरण निर्माण करने का काम किया है। अतः तत्कालीन समाज की दुरवस्था को देखकर उन्होंने जो उपदेश किया है उसमें यथार्थता परिलक्षित होती है। जैसे–" संग न किजे मुरख को।' 'आब धर लाज्य थोरी।' 'दरद बीन कोउ नहि रे।' 'कबो दरद देना नहि औरन कुं।' 'बडाई सबो छोड देना।' 'लडाई न कर्ना।' 'गुमानि न कर्ना।' 'कहे बात वैसा राहासो च्यले सो।' 'भला साधु सो वो हरामि न लेवे।" ऐसा यथार्थ उपदेश देकर अंत में 'करे बंदगी हमेशा खुदा कि।', 'रे भाई याद करो अल्ला की।' इसतरह 'हरिगुणगान' का संदेश भी दिया है।

तत्कालीन हिन्दु–मुसलमानों का झगडा देखकर उन्होंने सबके सामने एकता का सबक रख दिया है। जाति एवं धर्म के नामपर जो झगडते हैं उनके अज्ञान पर रामदास कहते हैं—

"बमन्मो कहे मै बड़ा बमन्ही
सबों से बडा मै मुसलमान सोहि। १।
सबों में बडा ईन्नन्न सा कहेना।
कहे रामदासो ईनो को समज्यना। २।
(बा. क्र. ६६८)

अतः एकता का उपदेश देते हुए समर्थ कहते है कि –

"येक ही जुमीन येकहि पानी।
येक आतश आसमान।
येक बाउ आलम च्यलाबत।
येक ही चंद्रश्रुभान। १।
रे भाई कायकुं लडतें लडतें सब पडतें। धृ०।
(बा. क्र. ५३)

आगे चलकर समर्थ रामदास कहते है कि जो बुरा है उसका त्याग करो और जो अच्छा है उसका स्वीकार करो। ऐसा करने पर ही वह "आछया पद"

प्राप्त हो जाता है। रामदास के निम्न शब्दों में सामाजिक एकता और जागरण का पथ उजागर हुआ है –

" सबो छोड देना बुरा कुफराना ।
कुफर्मो नहि फायदा सो सज्याना ।
आछया पद है रे धरो दिल्ल मोंहि ।
कहे रामदासो नहि झुट भाई । १ ।
( बा. क्र. ६६८ )

## रामदास की समन्वय-साधना

'समन्वय' से तात्पर्य है दो अथवा अधिक मतों के वीच समानता का सोता निर्माण करना। फलस्वरुप दो विभिन्न मतों के बीच का विरोध नष्ट होता है और उनमें एक अभिन्न एकता का भाव पैदा होता है। समर्थ रामदास के समय ( सत्रहवीं शताब्दी ) महाराष्ट्र में हिन्दू–मुसलमानों के बीच राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में संघर्ष निर्माण हुआ था। हमारे देशमें यह संघर्ष कोई नया संघर्ष नहीं है। जब संत कबीर का आविर्भाव हुआ (पन्द्रहवीं शताब्दी) तब हिन्दू-मुसलमान धर्म के बीच यही संघर्ष जारी था। इस संघर्ष के मूलाधार पर कुठाराघात करने का प्रयास मराठी एवं हिन्दी सन्तों ने समय-समयपर किया है। सन्तश्रेष्ठ नामदेव ने हिन्दु-मुसलमानों की मिथ्या रुढियों का विरोध करते हुए कहा था कि–

' हिंदु पूजै देहुरा मुसलमाणु मसीत ।
नामें सोई सेविआ जह देहुरा न मसीत ।। '

'जाति-विभाग हेय तथा हानिप्रद है' ऐसी घोषणा करने का साहस करनेवाले तथा भारतीय समाज में एकता और बंधुत्व की भावना के बीज बोनेवाले संतश्रेष्ठ कबीर ने भी कहा था कि–

' जाति पांति पूछे नहि कोई,
हरि को भजे सो हरिका होई ।। '

इस प्रकार समर्थ रामदास ने भी तत्कालीन भारत की और विशेषतः महाराष्ट्र की दुरवस्था को पहचान कर हिन्दू और मुसलमान धर्म की दो सरिताओं को एकमुख करने का प्रयास किया। हिन्दू-मुसलमान धर्म के बीच द्वेष की जो ऊँची दीवारें थी उन्हें नष्ट करने का कार्य किया। समर्थ रामदास के समय श्रीछत्रपति शिवाजी महाराज हिन्दू धर्म की रक्षा कर रहे थे तो उधर औरंगजेब धर्मान्ध बनकर हिन्दुओं के मंदीर जला रहे थे। धर्मान्धता का यह कोहरा नष्ट करते हुए

सभी धर्मों के लिए एक प्रशस्त पथ उजागर करने का कार्य समर्थ रामदास कर रहे थे। समर्थ की पदावली में स्थान–स्थानपर राम, कृष्ण, शिव, खुदा, अल्ला और निरंजन, ऐसे ईश्वरवाचक शब्दों का जो प्रयोग हुआ है उसका उद्देश्य हिन्दू–मुसलमानों के बीच धर्म की स्वस्थ धारा निर्माण करना था। समर्थ हिन्दू–मुसलमानों को नवजागरण दिलाते हुए बार–बार कहते हैं कि, 'भाई यो! खुदा की याद करो, सत्यमार्ग का अवलंब करो, क्या हिंदू क्या मुसलमान मरण का समय आनेपर दोनों को भी जाना पडता है। खुदा का हुक्म ( धणी की तलब ) होनेपर सब को जाना पडता है। अतः क्या अल्ला या क्या 'निरंजन' दोनों में अभेद है। इस अभेद का जिसे अनुभव होता है वह 'खुदा का प्यारा' होता है।" समर्थ रामदास करते हैं–

"रे भाई याद करो अल्ला की
हक चलना सब दिलपाखी।
कुवल बखत हिंदु ज्यायेंगे
ज्यायेंगे ज्याई गे मुसलमाना ।।
बेग धणी की तलब आवे।
तब तो अलवत ज्याणा ।।
अल्ला निरंजन दोउ नही रे।
समज्यत समज्यत हा रे ।।
बंदा कहे समज्यो रे भाई।
सोई खुदा के प्यारे ।।"

( स. गा. प. क्र. १७२१ )

एक ही जमींनपर एक ही अस्मान के नीचे रहनेवाले सभी लोग धर्म के नामपर अगर लडते रहेंगे तो उसमें सबका विनाश है। रामदास यही बात निम्न शब्दों में व्यक्त करते हैं–

" येक ही जुमीन येक हि पानी।
येक अतश आसमान।
येक बाउ आलम च्यलावत।
येक ही चंद्रश्चुभान।
रे भाई कायकुं लडते, लडते सब पडतें। धृ०।

( बा. क्र. ५३ )

इस तरह समाज मंगल भावना को विकसित करने के हेतू समर्थ रामदास का कथन है कि–

" मुसलमान हिंदु कछु बि कहेना ।
कहे रामदासी लडाई न कर्ना ॥२॥

समर्थ के उपर्युक्त विचारों में समन्वय साधना के बीज हैं ।

## समर्थ की पदावली में कविता

" जें जें दृष्टीनें देखिलें ।
जें जें शब्दे वोळखिलें ।
जें जें मनास भासलें ।
तितुकें रूप जियेचें ॥

( दासबोध १।३।२४)

उपर्युक्त शारदास्तवन में रामदास ने कवित्व शक्ति के व्यापक क्षेत्र पर प्रकाश डाला है । ज्ञात का सीमोल्लंघन करते हुए अलौकिकता की तलाश करनेवाली कवि–कल्पना का संकेत उपर्युक्त मराठी पद्य पंक्तियों में दृष्टिगोचर होता है । अतः उत्तुंग कल्पना के आधारपर रसिकों का हृदय एक क्षण के लिए आन्दोलित करना इसमें कविता की सफलता नहीं है बल्कि धर्म जागरण, अध्यात्मनिरुपण एवं लोकोद्धार की आस ही श्रेष्ठ कविता की आत्मा है– ऐसा समर्थ का कथन है । इस संदर्भ में समर्थ की निम्म स्पष्टोक्ति दृष्टव्य हैं

" नसतां कवींचा व्यापार । तरीं कैंचा असता जगोद्धार ।
म्हणोनि कवि हे आधार । सकळ सृष्टीसी ॥

( दासबोध १–७ )

अनन्य भक्ति, विवेक, वैराग्य, ज्ञान, प्रमाद पूर्ण शब्दावली और आत्मप्रचीति को वे कविता के अभिन्न अंग मानते हैं । निम्न पंक्तियों में समर्थ रामदास का श्रेष्ठ कविता के सम्बन्ध में जो दृष्टिकोण हैं वह स्पष्ट हुआ है—

" जेणें ज्ञान हें प्रबळे । जेणें वृंति हे मावळे ।
जेणें भक्ति मार्ग कळे । या नांव कवित्व ।
जेणें देहबुद्धि तुटे । जेणें भवसिंधु आटे ।
जेणें भगवंत प्रगटे । या नाव कवित्व ।
जेणें सद्बुद्धि लागे । जेणें पाषांड भंगे ।
जेणें विवेक जागे । या नांव कवित्व ॥ "

( दासबोध ३, ४९, ५०, ५१ )

उपर्युक्त कसौटियों के आधार पर समर्थ कृत हिन्दी पदावलीगत कविता पर प्रकाश डालना सुलभ है। वस्तुतः समर्थ रामदास की पदावली का मुख्य विषय भक्ति है। उनकी पदावली में निर्गुण भक्ति की पावन गंगा प्रवाहित है। अपने निर्गुण राम एवं कृष्ण से मिलने की आतुरता है। आत्मा को प्रेयसी (दासी) और परमात्मा को प्रियतम मानकर उस के संग-रंग में नहाने की अभिलाषा है। निम्न सरस शब्दावली में वह व्यक्त हुई है।

"प्रभु मेरे तेरे संग कुंज्यहुं आउंगी।
बन मों ही आऊँगी चरण खटाऊंगी ।।
सगर सेवा सुख पाऊंगी रे नाथ।
प्रभु मेरे तेरे संग कुंजहु आउंगी ।। ध्रु० ।।
अज्युधा न राहुंगी : मीथीला न कहुंगी।
तीहांरे झुटे फल खाउंगी रे नाथ ।। १ ।।
सरिता मो न्हाऊंगी तब रुप ध्याऊंगी।
दासी छोरि काहां ज्याऊंगी रे नाथ ।। २ ।।
(बा. क्र. ३९९)

रामभक्ति का गुणगान करनेवाली रामदास की सरस रसना की निम्न प्रसादपूर्ण अभिव्यक्ति भी दृष्टव्य है। –

'सुन मेरि रसना राम उच्यारो।
राम रस लीये और रस डारो ॥ धृ० ॥
खीर खांउ तुकुं मानत नी को।
रामरस पाइयें और रस फीको ॥ १ ॥
रामदास कहे सुन रसना मेरि।
रामभगती बीन गती नहीं तेरि ॥ २ ॥
(बा. क्र. ३९९)

समर्थ रामदास की पदावली में स्थान-स्थान पर निर्गुण ब्रह्म-सम्बन्धी ज्ञान-चर्चा भी विद्यमान है। इसमें विशेषता यह है कि रामदास ने सरल एवं प्रभावोत्पादक ढंग से उस ज्ञान का प्रतिपादन किया है। रामदास की ज्ञान-सम्बन्धी उक्तियाँ भी सरसता से ओतप्रोत हैं। जैसे –

'तन मन ले गयो री ॥ धृ० ॥
भली न सुचे बुरी न सुचे।
मैं तो भई बावरी ॥ १ ॥

घट घट मेरा साहीया ।
ताकूं देखत भूली परी ॥ २ ॥
अंतर जामी अंतर जाने ।
भगतन कू मुगत घरीं ॥ ३ ॥

( स. गा. प. क्र. १६७३ )

प्रसादपूर्ण शब्दावली में अभिव्यक्त कृष्ण–लीला के निम्न पदमें जो सरलता है वह भी दृष्टव्य हैं –

'खेलत है नंदलाल बसंत खेलत है नंदलाल ॥ धृ० ॥
अबिरा सिला रस मृग मद केशर ।
डारत लाल गुलाल ॥ १ ॥
तेल फुलेल गुलाव कुसुंबा ।
छिरकत मदन गुपाल ॥२॥
केतकि चंपकि मालति माला ।
मारते गंद रसाल ॥३॥
आपे रंस भिनें गोपि भिनाइ ।
तन मन दिजे हो ॥४॥

( बा. क्र. ५३ )

समर्थ की हिन्दी पदावली में करूणा, वात्सल्य वीर और शान्त रस का भी चरम विकास हुआ है। रामदास की भक्ति भावना का खडी बोली के माध्यम से जो विकास हुआ है वह शान्त रस से सिक्त है। निम्न पद पढ़िए–

" नयन मो रघुवीर मेरे नयन मो रघुबिर ।
ललित तनु नव नागर लिला ।
जेव तव देखत धिर मेरे ॥ १ ॥
करशरच्चाप सलिल जे लोचन ।
ठाडे भयो रणधिर ।
रामदास कि प्रेम पिरत है झरकत नयन निर ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

समर्थ की हिन्दी पदावली में प्रसाद, माधुर्य और ओज ये तीन काव्य गुण विद्यमान हैं। प्रसाद गुण से परिपूर्ण निम्न पद पढिए–

" महाराज मैं तो पतित । ध्रु० ।
पतित पावन नाम तुम्हारो ।
कर हो प्रभु कछु हित । १ ।
रामदास कहे मैं अपराधि ।
कोण करे हो गणीत ।। २ ।।

( बा. क्र. ५३ )

समर्थ रामदास पहले संत थे, बाद में कवि । ' लोकरंजन ' उनकी कविता का लक्ष्य नहीं था । ' लोकोद्धार ' ही उनकी कविता का परम ध्येय था । जिस समय सारा समाज भीषण परिस्थितियों से त्रस्त और पथ-भ्रष्ट हो गया था उस समय रामदास ने समस्त समाज के सम्मुख प्रयत्नवाद, पुरुषार्थ एवं क्षात्रधर्म का सबक रख दिया । जनता की भाषा में जनजागरण का कार्य करते समय उन्होंने पदावली के कला पक्ष पर अधिक ध्यान नहीं दिया । जनसाधारण की भाषा में उत्कृष्ट विचारों एवं भावों का जो हृदयंगम विकास हुआ है, इसी में उनकी श्रेष्ठ कविता का गुर छिपा हुआ है ।

♣ ♣ ♣

## अध्याय ८

# समर्थकृत हिन्दी पदावली का भाषासम्बन्धी अध्ययन

## पदावली का प्रयोजन

समर्थकृत हिन्दी पदावली का भाषा सम्बन्धी अध्ययन करने के पूर्व इस बात का विचार करना आवश्यक है कि उन्होंने पदावली का ही अवलंब क्यों किया । वस्तुत: जन-मन को स्पर्श करनेवाले साधनों में ' पद ' यह एक प्रभावपूर्ण साधन है । वह एक भावसंपन्न काव्य प्रकार है । चुने हुए शब्दों में अपनी अनुभूतियों को अभिव्यक्ति देने का एक बलशाली साधन है । भावाभिव्यंजना पदावली का प्रधान उद्देश्य है और गेयता उसकी आत्मा है । अत: जनभाषा में जन-हृदय के तारों को झंकृत करते हुए जन-जागरण के हेतू समर्थ रामदास ने पदावली का अवलंब किया है । वस्तुत: ' रामभक्ति ' यह समर्थ की पदावली का साध्य है और पद-रचना साधन मात्र है । जब उत्तर भारत में संतश्रेष्ठ तुलसीदास और मीरा, राम और कृष्ण को लेकर सरस पदावली का सृजन कर रहे थे, तब दक्षिण महाराष्ट्र में समर्थ रामदास हिन्दी पदावली के

माध्यम से लोकोद्धार के हेतू 'रामगुणगान' कर रहे थे। यह कार्य करते समय उन्होंने पदावली की शब्दावली की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया। 'का भाषा का भाव चाहिए साँच' इसी बात की ओर उनका अधिक ध्यान था। समर्थ रामदास जैसे अहिन्दी भाषा-भाषी समाजाभिमुख सन्त ने समाज-प्रबोधन के लिए हिन्दी भाषा के माध्यम से जिस भावसौंदर्य का सृजन किया वह हिन्दी भाषा के लिए गौरव की वस्तु है। अतः इस बात को ध्यान में रखते हुए समर्थ-कृत हिन्दी पदावली का भाषासम्बन्धी अध्ययन प्रस्तुत है।

## १. वर्णमाला और वर्णप्रक्रिया

समर्थकृत हिन्दी पदावली की भाषा में वर्णमाला के प्रायः सभी स्वर और व्यंजन विद्यमान हैं। निम्न अपवाद लक्षणीय है। 'क', के स्थान पर 'ख', 'ष', के स्थान पर 'स' 'ब' के स्थान पर 'भ' 'क्ष' के स्थान पर 'छ' 'ऋ' के स्थान पर 'रि' 'न' के स्थान पर 'ण' 'ल' के स्थान पर 'र' और 'ळ' 'श' के स्थान पर 'ष' और 'स' 'ज्ञ' के स्थान पर 'गिअ' 'ड' के स्थान पर 'र' 'ठ' के स्थान पर 'ट' 'थ' के स्थान पर 'थ' और 'द' तथा 'य' के स्थान पर 'छ' का और 'ह' के स्थान पर 'घ' का प्रयोग मिलता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | शेष | शेस | १७ | छोडि | छोरि |
| २ | सब | सभ | १८ | झूठी | झुटी |
| ३ | भिक्षा | भीछा | १९ | दर्शन | दरशन |
| ४ | अक्षर | अछर | २० | शरन | छरन |
| ५ | लछमन | लक्षमन | २१ | मूर्ख | मुरुख |
| ६ | हृदय | न्हिदय | २२ | मार्ग | मारग |
| ७ | कहना | कहणा | २३ | दर्द | दरद |
| ८ | झलकत | झरकत | २४ | उम्र | उमर |
| ९ | कृपा | क्रिपा | २५ | कंधा | कंथा |
| १० | प्रीत | पीरत | २६ | कुछ | कुच्य |
| ११ | पाषाण | पाशाण | २७ | अच्छा | आछा |
| १२ | शिव | सीव | २८ | जिधर | जिदर |
| १३ | सुधी | शुधी | २९ | उधर | उदर |
| १४ | ज्ञान | ग्यान | ३० | वक्त | वख्त |
| १५ | प्रकाश | प्रकाष | ३१ | गुपाल | गुपाळ |
| १६ | आकाश | अकाष | ३२ | पहचान | पछान |

## 'अ' का 'उ' में परिवर्तन

समर्थ की पदावली में शब्दान्त की 'अ' ध्वनि प्रायः 'उ' में परिवर्तित पाई जाती है। जैसे मनकुं, कछु, बिछु, तनु, जनमु, मनु, धनु, ताकुं, चंदकुं, नींदु, वंदु, गुमसु, तुमकु, मोकु, रघुकु, कसाइकु, तुकुं, अजहु, देखुं, मांगु, रामदासकु, प्रेमसु, रामकु, थकिसु, रातकुं, दुनीयाकुं, गुमरु, छोरकु, ईनोकु, औरनकुं, पंथीकुं, पंछीकुं, कामकुं, खुदाकुं, सबकुं, दिनकिरु, आगमु, निगमु,

## हलन्त के बाद वर्ण का आगम

समर्थ की पदावली में जहाँ 'ज' या 'च' आया है वहाँ हलन्त के बाद 'य' का आगम हो गया है। यथा—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | जानत | ज्यानत | १० | जामी | ज्यामी |
| २ | जात | ज्यात | ११ | जावे | ज्यावे |
| ३ | तिनजु | तिनज्यु | १२ | चारि | च्यारि |
| ४ | जो | ज्यु | १३ | जुझे | ज्युझे |
| ५ | जाको | ज्याको | १४ | चाप | च्याप |
| ६ | जोग | ज्योग | १५ | जाने | ज्याने |
| ७ | जुगत | ज्युगत | १६ | चलाये | च्यलाये |
| ८ | राज | राज्यु | १७ | लाज | लाज्य |
| ९ | चाम | च्याम | १८ | जब | ज्यब |

## २. कर्तृवाचक संज्ञा

कर्तृवाचक संज्ञा का एक रूप पढ़िए—

उदाहरण— 'कहे रामदासो हि कन्फि किया हे।'

( पद— कन्फि खुदाने बनाई )

## ३. कारक ( परसर्ग चिह्न )

कर्ता— कोई चिन्ह नहीं मिलता।

कर्म— कुं—उदाहरण—मोकुं सुधि नहिं मेरे तनकि।

( पद—बेग दिखावन दिदार )

करण— सुं—उदाहरण—चुकीसुं चुकीर हिरे।

( पद—मेरा जी मेरा हरजी )

सम्प्रदान— कुं-उदाहरण—ज्यानत ज्यानत मानत मनकुं।

( पद—दया करे हो राम )

अपादान— सुं—उदाहरण—चुकीसुं चुकीर हिरे।

संबंध– का, के, की,

उदाहरण– दो दिनका सांगात। (का)
रघुराज के दरबार। (के)
सांवरे की बातें। (की)

अधिकरण–में–उदाहरण– तुज्यमे है, मजमे है हि।

संबोधन– रे, हो–उदाहरण झुटी हय रे दुन्याई।

## ४. सर्वनाम

| पुरुषवाचक | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| उत्तम पुरुष कर्ता | मैं, मै, | हम |
| मध्यम पुरुष कर्ता | तु, तुं | |
| अन्य पुरुष | सो | |

उदाहरण– महाराज **मैं** तो पतित।
**मै** तो छंड घने राहो।
**हम** ध्यान धरे ज्याको।
**तु** रामदास रास पद मारे।
**तुं** साहेब तेरि लाज हो।
रामदास कहे चतुर **सो** ही

## ५- क्रिया

| वर्तमान काल– | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| | हुं, हूं | है |
| उदाहरण – | मैं सेवक हुं। | रंग सब भये है। |
| | ज्याती हूं। | घट मे रहतु है। |

## ६. विदेशी शब्द

समर्थ रामदास का आविर्भाव सत्रहवीं शताब्दी में हुआ। इस समय महाराष्ट्र में मुसलमानी सत्ता का आतंक था। फल स्वरूप फारसी अरबी शब्दों का प्रचलन हो गया था। समर्थ की हिन्दी पदावली में भी फारसी–अरबी शब्दों का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। यथा–

| | | | |
|---|---|---|---|
| खुदा | ( फारसी ) | दिदारा | ( फारसी ) |
| लष्कर | ( फारसी ) | बदन | ( फारसी ) |
| गुमान | ( फारसी ) | दुनिया | ( अरबी ) |
| साहेब | ( अरबी )– साहब | दरवेश | ( फारसी ) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| दरीया | ( फारसी ) | खबर्दार | ( फारसी ) |
| सलाम | ( अरबी ) | फना | ( अरबी ) |
| फौज | ( अरबी ) | सुलताना | ( फारसी ) |
| अक्लबंद | ( फारसी ) | बख्त | ( अरबी ) वक्त |
| गरीब–नवाज | ( फारसी ) | तमाशा | ( अरबी ) |
| बंदा | ( फारसी ) | दौलत | ( अरबी ) |
| दिल–दील | ( फारसी ) | औरत | ( अरबी ) |
| आलम | ( अरबी ) | गाफिल | ( अरबी ) |
| आरज–जा– | ( अरबी ) | फिकीर | ( अरबी ) |
| कसाई | ( अरबी ) कस्साब | खबर | ( अरबी ) |
| हुकुम | ( अरबी ) हुक्म | खलख | ( अरबी ) |
| सिरताज | ( फारसी ) | खुशामद | ( फारसी ) |
| बंदगी | ( फारसी ) | ज्यमीन | ( फारसी ) जमीन |
| अस्मान | ( फारसी ) | खजीना | ( अरबी ) |
| हक | ( अरबी ) | गुमान | ( फारसी ) |
| दोज्यख | ( फारसी ) | दर्द | ( फारसी ) |
| वास्ते | ( अरबी ) | अतश | ( फारसी ) |
| राह | ( फारसी ) | गैबी | ( अरबी ) |
| उमर | ( अरबी ) उम्र | मस्ती | ( फारसी ) |
| ईलाही | ( अरबी ) | गस्ती | ( फारसी ) गश्ती |
| आल्ला | ( अरबी ) | मुस्कील | ( अरबी ) मुस्किल |
| कुबल | ( फारसी ) | मौत | ( अरबी ) |
| अजब | ( अरबी ) | आदमी | ( अरबी ) |
| बाजिगर | ( फारसी ) | निशानी | ( फारसी ) |
| जिंदा | ( फारसी ) | खातीर | ( फारसी ) |
| किताब | ( अरबी ) | येकीन | ( अरबी ) यकीन |
| फायदा | ( अरबी ) | यारी | ( फारसी ) |
| प्याला | ( फारसी ) | हुशारी | (फारसी) होशियारी |
| दीवानी | ( फारसी ) | हिसाब | ( अरबी ) |
| जीकीर | ( अरबी ) | तलब | ( अरबी ) |
| आखैर | ( फारसी ) आखिर | अलबत | ( अरबी ) |
| माहाल | ( अरबी ) महाल | काफी | ( अरबी ) |
| मुरिद | ( अरबी ) मुराद | गलीम | ( अरबी ) गनीम |

◆ ◆ ◆

# अध्याय ९

# समर्थकृत हिन्दी पदावली पर मराठी का प्रभाव

समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली पर मराठी का प्रभाव होना, एक स्वाभाविक बात है। चूंकि उनकी मातृभाषा मराठी थी और मराठी में विपुल साहित्य–रचना भी की थी। उन्होंने भारतवर्ष की तीर्थयात्राएँ की थीं। फलस्वरुप उत्तर भारत की भाषा से परिचय हो गया था। सत्रहवीं शताब्दी में उत्तर भारत में खडीबोली का जो सामान्य स्वरुप दिखाई देता था वह समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली में भली भाँति प्रतिबिंबित हुआ है। खडीबोली के साथ साथ उर्दू फारसी और अरबी भाषाओं की विपुल शब्दावली भी उनकी पदावली में विद्यमान है। परन्तु भाव और भाषा की दृष्टि से मराठी का प्रभाव लक्षणीय है।

## भाषा की दृष्टि से प्रभाव

| | हिन्दी | मराठी | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| १ | केवल | केवळ | '**केवळ** दुई अछर को नाम। |
| २ | अठारह | अठरा | 'पदम **अठरा** लष्कर सारा ..। |
| ३ | पाताल | पाताळ | 'स्वर्ग और मृत्यू **पाताळ**...। |
| ४ | मंगल | मंगळ | 'राघव **मंगळ** मुरत। |
| ५ | दयाला | दयाळा | '**दयाळा** चेरा तेरा हो। |
| ६ | सम्भाल | संभाळ | 'पाळे तो पाळ ब्रिद **संभाळ**। |
| ७ | पालना | पाळणे | 'बिन **पाळे** गत्ति नहि। |
| ८ | कौन | कोण | '**कोण** है रे ऐसा **कोण** है रे। |
| ९ | फोकट | फुकट | 'मैं तो ऐसा **फुकट** खावन हो। |
| १० | करना | करणे | 'घडि घडि **करणा धणी** कि जिकिर। |
| ११ | धनी | धणी | |
| १२ | प्रान | प्राण | 'त्राटिका **प्राण** एक **बाण** सो लियो। |
| १३ | बान | बाण | |
| १४ | नहीं | नाही | 'बिन पाळे गत्ति **नाहि**। |
| १५ | तैंतीस | तेहतीस | 'कोटी **तेहतीस** वद छुरावे। |
| १६ | समझना | समजणे | 'उमजत **समजत** नहि। |
| १७ | ठिकाना | ठिकाण | 'लागे बिरला पाये **ठिकान**। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| १८ | टूटना | तुटणे | 'आशा **तुटि** ममता क्षुटि । |
| १९ | हुक्म | हुकूम | '**हुकूम** श्रीरामकों में तो ले आई । |
| २० | तुझमें | तुजे | '**तुज** में ठाकुर ठाकुर में मैं । |
| २१ | क्या | काय | '**काय** करुं लोक- दुनियाई । |
| २२ | होना | होणे | 'फकीर **होणा** जीकिर करणा । |
| २३ | हाथी | हत्ती | '**हत्ती** घोरे माल दछनी ... । |
| २४ | लोग | लोक | 'काय करुं **लोक**-दुनियाई । |
| २५ | हररोज | दररोज | 'खाना पीना **दररोज** भाना ... । |
| २६ | होशियारी | हुशारी | 'बं **हुशारी** खबर्दारी । |

## भाव की दृष्टि से प्रभाव

१. मराठी– 'नभासारखे रूप या राघवाचे ।

हिन्दी– नजीक देखता नहि रे ।
चौफेर सामने खुदा ।
**आस्मान देख रे कैसा ।**
**वैसा वाहि खुदा बडा ।**

२. मराठी– 'प्रगट निरंजन प्रगट निरंजन प्रगट निरंजन आहे ।
आगम निगम संत समागम सद्गुरु वचनें पाहे ।

हिन्दी– 'प्रगट कोण रे राम प्रगट कोण रे ।। धृ० ।।
आगम निगम शेष विरंचि ताकुं भूलि परी ।। १ ।।
आलख निरंजन सब जन माही ।
देखत रुप सरे ।। २ ।। ( बा. क्र. ५३ )

३. मराठी– 'कैवारी हनुमान आमुचा ।। धृ० ।।
पाठी असतां तो जगजेठी । वरकड काय गुमान ।।

हिन्दी– 'राज्याराम सिर पर होइ ।
तो मार न सके कोइ ।। धृ० ।। ( बा. क्र. ११७१)

४. मराठी– 'बहुत पाहिलें खरें । परंतु दोनि अक्षरें ।
चुकेल येम यातना । श्री राम राम हे म्हणा ।।

हिन्दी– 'मेरे तो ग्यान ध्यान सब राम ।
केवळ दुई अछर को नाम । ( बा. क्र. १ )

५. मराठी– 'उदंड ऐकिली कीर्ती । पतीत पावना प्रभो ।
मी एक रंक निबुद्धी । बुद्धि दे रघुनायका ।

हिन्दी– 'पतित पावन हो दयाल पतित पावन हो ।। घृ० ।।
ज्ञान न जानु ध्यान न ज्यानु मुक्ति सुभावन हो ।

( बा. क्र. ५३ )

६. मराठी– 'बोले तैसा चाले ।
त्याची वंदावी पाऊले ।।

हिन्दी– 'जैसि कहनि तैसि रहनि ।
सोहि नाथ का पयारा ।।'

( बा. क्र. ३६ )

निम्न वाक्यों पर भी मराठी का प्रभाव परिलक्षित होता है—

१ महिमा **कळलि** न जाये महिमा ।
२ **कोण** करे हो **गणीत** ।
३ **उच्चाटले** मन रे राघवा **उच्चाटले** मन रे ।
४ **म्हणे** दास जन जिव **उदास** ।
५ **नको** गुमरु की यारी ।
६ **नउ सोळा** आवर बहात्तर कोट ।
७ तुं तो **साहेब** मेरा ।
८ राम भजेन कुं **ढील** न करिये ।
९ बन **हिंडत** राजाराम कु **भेटे** ।
१० **फडकती** गजढाल दुर्जना पर **हाल** ।
११ पर कामीनी **संगत** पीरत चलावत ।
१२ धंदा सो **सर्व** गंदा ।
१३ ईनो कि कहु ज्यातसे **कोण** भाई ।
१४ देह धरी त्यागी **तो** अखंड वीतरागी ।
१५ दास **म्हणे** रे **तो** सिद्ध तो सिद्धचि प्रसिद्ध ।
१६ सत्ये **उडालें** कर्म **बुडाले** ।
१७ **भल्या भल्यासी भीक** न मिले ।
१८ **चांभार खाटिक धनगर** धोबि ।
१९ **खोटा** मठ लगाये ।
२० समयो **आला खोटा** ।
२१ नहि **बोवडा** भुतखाना ।

२२ **फुटता तुटता** नहि रे ।
२३ रामदास का पत्र **भरपूर** ।
२४ रामभगत बीन **फजीयत** होगो ।
२५ **काय करूं लोक** दुनियाई ।

इसतरह समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली पर मराठी का प्रभाव यत्र तत्र परिलक्षित होता है । हिन्दी और मराठी आर्य-परिवार की भाषाएँ हैं । इन दोनों भाषाओं की लिपि देवनागरी हैं । दोनों भाषाओं की वर्णमाला में भी समानता हैं । दोनों भाषाओं में उच्चारण, प्रत्यय, प्रक्रिया एवं शब्द–निधि में भी अधिक साम्य है । फलस्वरूप समर्थ की हिन्दी पदावली पर मराठी का प्रभाव बडा स्वाभाविक लगता है । उसमें तत्कालीन जनभाषा में प्रचलित मराठी शब्दों का सहज प्रयोग हुआ है ।

♦ ♦ ♦

## अध्याय १०

# समर्थ की पदावली में विशिष्ट शब्द–प्रयोग

समर्थ रामदास ने अपनी हिन्दी पदावली में कई पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया है । यथा निरंजन, आनहात नाद ( ध्वनि) निगम–सुगम, नवरस-नागर, रघुकुल, आगम-निगम, योग ( ज्योग ) भुगत-मुगत ( भक्ति-मुक्ति ) तीन लोक, आदिः मध्य अंत, आलेख, गोरख, निर्गुण, अष्ट सिद्धि, चौऱ्यासी फेरे, अंजनी के सुत, कल्पतरु, मुद्रा-आसन-ध्यान, भेद-अभेद, आदि-अनादि, खलक, फना, माया, वैरागी और पंचभुत । समर्थ रामदास कालीन सभी मराठी सन्तों ने उपर्युक्त पारिभाषिक शब्दों का अपनी कृतियों में उपयोग किया है । प्रायः सिद्धों की रचनाओं से सत्रहवीं शताब्दी तक की सभी सन्तोंकी रचनाओं तक उपर्युक्त शब्दों का प्रयोग परिलक्षित होता है । समर्थकृत पदावलीं के कुछ विशिष्ट शब्द प्रयोग निम्न प्रकार हैं ।

### निरंजन

' निरंजन ' नाथ पंथ का एक वहुत प्रचलित शब्द है । उसका विभिन्न अर्थो में प्रयोग हुआ है । गोरखनाथ निरंजन और ब्रह्म में कोई भेद नही मानते । यथा " सकल भवन उजियारा होई, देव निरंजन और न कोई । " संत कबीर ब्रह्म और जोगी के सम्बन्ध में इस शब्द का प्रयोग करते है ।

वस्तुतः निरंजन का अर्थ है अंजनरहित अर्थात माया विनिर्मुक्त, निर्लिप्त। 'गोरक्ष-सिद्धान्त–संग्रह' में निरंजन का साक्षात्कार ही 'परम पद' माना गया है। समर्थ रामदास निरंजन को अपने 'राम' का एक पर्यायवाची शब्द मानते हैं। जो राम सर्वत्र व्याप्त है। जैसे –

" आलख निरंजन सब जन माही।
देखत रुप सरे।"

( बा. क्र. ५३ )

रामदास के 'निरंजन' अलख निरंजन है। रामदास कहते है–

" आलख वो निरंजन कैसा हये रे किसे हि सरिखा नहि।
कया कहु रे नहि रंग ना रुप रेखा कछु हि।

( बा. क्र. ६६८ )

## अंजनि के सुत

अंजनी कुंजर नामक वानरी की कन्या और केशरी नामक वानर की पत्नी थी। मतमतान्तर से अंजनी को गौतम की पुत्री भी बताया गया है। माना जाता है कि हनुमान इन्हीं के पुत्र थे। वस्तुतः हनुमान की उत्पत्ति पवन से मानी गई है। इस सम्बन्ध में रोचक कथा भी प्रचलित है। एक बार किसी कारण वश महादेव का वीर्यस्खलन हो गया। पवन ने उसे उड़ाकर अंजनी के कान में फूंक दिया। फलस्वरूप हनुमान का जन्म हुआ। अतः 'अंजनी' का पुत्र होने के कारण ही हनुमान को 'अंजनीकुमार, 'अंजनी–सुत' आदि नामों से अभिहित किया जाता है। समर्थ रामदास भी हनुमान को 'अंजनि के सुत' इस नाम से सम्बोधित करते हैं। —

" अरत किजो अंजनि के सुता।
बल बल जयो सीताराम के दुता ।। धृ० ।।
बन हिंडत राजारामकु भेटे।
चरण कमल पर प्रेमसु लेटे ।।१।।
जब लछीमन रणमो खत खायो।
द्रोणागीरी परबत लेकर आयो ।।२।।
रामदास अती सादर कीयो ।।
वो सेवा वर दासकु दीयो ।।३।।

( बा. क्र. १३७ )

## अनहत नाद ( अनाहत ध्वनि )

'अनहत नाद' को कुण्डलिनी–योग कहते हैं। कुण्डलिनी के सम्बन्ध में 'गोरख–शतक' में कहा गया है–

"कुण्ड अर्थात रीढ़ के निम्न भागस्थित स्वयंभू लिंग के ऊपर कुण्डलिनी शक्ति आठ तरह का कुण्डल बनाकर अपने मुख से ब्रह्मद्वार को नित्य ढाँप कर पडी रहती है। इड़ा (बाँई नाडी) और पिंगला (दाँई नाडी) का जब सुषुम्ना ( रीढ़ के मध्य स्थित नाडी) से बहनेवाली प्राणवायु के साथ प्राणायाम आदि द्वारा मेल होता है तब कुण्डलिनी जागृत होती है और उसकी ऊर्ध्व गति होती है। वह षट्–चक्रों को बेधती हुई सहस्त्रधार अथवा ब्रह्म–रंध्र में प्रवेश करती है। जहाँ अमृत झरता है और जीवात्मा उसका पान करती है। इसी अवस्था में 'अनहत नाद' सुनाई पडता हैं, 'प्रकाश' दिखाई देता है। आत्म ज्योति परमात्म ज्योति से एकाकार हो जाती है। यहीं पहुँचनेपर समाधि की अवस्था सिद्ध होती है। इसी को कुण्डलिनी योग अथवा लय–योग कहते हैं।"

अतः कुण्डलिनी को जाग्रत कर योगी लोग जब उद्बुद्ध कर लेते हैं, तब वह ऊपर की ओर उठ जाती है। उसकी इस ऊर्ध्व गति से जो स्फोट होता है उसे 'नाद' कहते है। यह नाद अनहत रुप से सारे ब्रह्मांड में व्याप्त है। इसी अनहत नाद को 'सोहं ध्वनि' भी कहा जाता है।

अपनी योग–साधना में प्रवृत हुए समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली में 'अनहात ध्वनि' सुनाई देती है–

"सब है सो सुमिरन में ।। धृ० ।।
ग्यान ध्यान तप आसन मुद्रा ।
जो कछु हम तन में ।। १ ।।
धोती पोती और भुजंगी ।
अनहात ध्वनि में ।। २ ।।
( बा. क्र. ११६६)

समर्थ रामदास की योग–साधना का अन्तिम लक्ष्य 'अनहात ध्वनि' ही है।

## माया

सिद्ध साहित्य से लेकर भक्तिकालीन सन्त साहित्य तक 'माया' शब्द का प्रयोग बराबर मिलता है। प्रायः सभी सन्तों ने 'माया' इस शब्द का प्रयोग भ्रम के पर्याय रुप में किया है। यह भ्रम ही सभी को भ्रष्ट कर देता है। राम भक्ति से भी विमुख कर देता है। समर्थ रामदास इस भ्रममय माया के विनाश-हेतु 'साच्या राम' नाम का संदेश देते है—

" चतुरा रामही साच्या रामहि साच्या केवळ राम ।
जुठी काया जुठीं माया झुठा मीठा काम ।। धृ० ।।

( बा. क्र. १ )

## भक्ति-मुक्ति ( भुगत-मुगत )

ईश्वर विषयक अनुरक्ति ही भक्ति का स्थायीभाव है। ऐसी भक्ति भावना में भगवान के प्रति पूज्य-भाव, श्रद्धा एवं प्रेम आदि कई चित्तवृत्तियों का संयोग होता है। संसारगत दुख से निवृत्ति को मुक्ति कहा जाता है। समर्थ ' रामनाम ' को मुक्ति का श्रेष्ठ साधन मानते हैं। कहते हैं कि–

" सिद्धि बुद्धि और बिधी शास्त्र को आगम निगम भेद ।
ज्योग ज्युगत और भुगत मुगत सभ रामदास पर मोद ।। २ ।।

( बा. क्र. १ )

## कल्पतरु

मनोवांछित फल देनेवाले वृक्ष को कल्पवृक्ष, कल्पतरु, कस्पलता, कल्पवल्ली आदि नामों से अभिहित किया जाता है। यह कल्पवृक्ष अविनश्वर माना जाता है। समर्थ संतसंग को ' कल्पतरु ' के समान मानते हैं। मनोवांछित फल दाता के रुप में समर्थ संत को महनीय स्थान देते हैं।—

' रसिक कहे समजो रे भाई ।
धन्य धन्य गुनिजन की ।।२।।
खंड खंड वन बहुत तरुवर ।
कल्पतरु सो नहीं ।।३।।

( स. गा. प. क्र. १६७७ )

## मुद्रा

साधन पद्धतियों में मुद्रा के कई अर्थ हैं। शारीरिक, अंगों–उपांगों आदि की स्थितियों का इसमें समावेश होता है। प्राय: आसक्त और विषयी मन मुद्रा के लिए अयोग्य माना जाता है। समर्थ रामदास अपनी साधना पद्धति में मुद्रा, आसन, ध्यान आदि में कुछ भेद नहीं मानते।

' मुद्रा आसन ध्यान समाधी ।
देखन भेद न लागे ।।२।।

( बा. क्र. ५३ )

## योग ( ज्योग )

भारतीय दर्शन के अनुसार जीवात्मा और परमात्मा के सम्बन्ध को योग कहा जाता है। योग को विशिष्ट प्रणाली का पर्याय भी माना जाता है। जैसे– भक्तियोग, ज्ञानयोग और कर्मयोग। प्रायः चित्तवृत्ति के निरोध के अर्थ में 'योग' यह शब्द रुढ हो गया है। समर्थ रामदास निर्गुण भक्तियोग के संदर्भ में 'योग' शब्द का उपयोग करते है —

'ज्योग ज्युगत और भुगत मुगत सभ रामदास पर मोद।'

( बा. क्र. १ )

## निर्गुण

अपनें पारिभाषिक रूपमें ' निर्गुण ' यह शब्द एक अनिर्वचनीय सत्ता का बोधक है। 'निर्गुण' को परमात्मा, ब्रह्म, परमतत्त्व अथवा ब्रह्म आदि संज्ञाओं से भी अभिहित किया जाता है। अतः ' निर्गुण ' एक ऐसा परमतत्त्व है जो सर्वत्र व्याप्त है, सभी भूतों में समाविष्ट है सभी कार्यों का अधिष्ठान है और सब का साक्षी भी है। समर्थ रामदास सर्वव्यापी ' राम ' को ' निर्गुण ' मानते है।

' रामदास साहि सब घट व्यापक आनंद की घटका ' ॥२॥

( बा. क्र. ५३ )

अथवा —

' घटघट साहि यारे आज्यब आलमीयारे ॥ धृ०॥

( बा. क्र. ५३ )

समर्थ ' राम ' को ' निर्गुण ब्रह्म ' मानते है। समर्थ के राम गुणातीत है। नामहीन है। रंगहीन है। रुपहीन है। ऐसे 'राम' की सेवा करना समर्थ अपना धर्म मानते —

' जिनके ना नामसे राम सुमिरण रुप।
सरुप दीखावे ॥
चितवन गुन निरगुण मन भावे।
रिद्धि सिद्धि ग्रहें आवें ॥१।

( बा. क्र. १ )

## रघुकुल

रघुकुल महाराजा रघु का कुल है जिसमें राम पैदा हुए थे। समर्थ रामदास के मनमें रघुकुल के प्रति नितान्त आदर की भावना है। रघुकुल की प्रशंसा करते हुए समर्थ कहते हैं —

' नवरस नागर चरित मनोहर।
रघुकुल तीछ कोरी ॥१॥ ( बा. क्र. १ )

◆ ◆ ◆

अध्याय ११

# समर्थ की हिन्दी पदावली का सम्पादन

## सामग्री के स्रोत

महाराष्ट्र के मराठी सन्तों ने भक्तियुक्त हृदय से भारतवर्ष की तीर्थयात्राएँ की थीं। फलस्वरुप उनका उत्तर भारत की भाषा से सहज परिचय हो गया। समर्थ रामदास तो भ्रमणशील थे। उनके समय में तो मुसलमानों का महाराष्ट्र जीवन से सम्पर्क प्रस्थापित हो गया था। ऐसी अवस्था में समर्थ की हिन्दी रचना का महाराष्ट्रभर बिखर जाना स्वाभाविक लगता है। अतः आज भी ऐसे सुधी एवं भ्रमणशील शोधकर्ता की आवश्यकता है कि जो महाराष्ट्र का कोना कोना छान डालकर समर्थ के हिंदी पदों का संकलन करें। समर्थ रामदास की हिन्दी रचना मुद्रित और अमुद्रित दोनों रुपों में प्राप्त होती हैं।

## मुद्रित प्रतियाँ

### अ) मराठी गाथा

मुद्रित प्रतियों में 'श्री समर्थांचा गाथा' एक प्रसिद्ध ग्रंथ है। इसकी प्रथमावृत्ति ( शके १८५० ) श्री समर्थ गोसेवा मठ, वाई में प्रकाशित हुई। इसके संकलन कर्ता अनंतदास रामदासी है। प्रस्तुत ग्रंथ के शीर्षक से ही विदित होती है कि इस में अभंग तथा अन्यान्य स्फुट पदों का समावेश होगा। गाथा की पदसंख्या १७८९ है। इसमें समर्थ की हिन्दी पदावली भी समाविष्ट है। पृष्ठ क्रमांक ४७६ पर ( प्रकरण सहावे- हिंदी पदें ) नाम से हिन्दी पदावली प्रारंभ होती है। पृष्ठ क्रमांक ४७६ से पृष्ठ क्रमांक ४९१ तक समर्थ रामदास के लगभग ७६ ( पद १६५९ से १७३५ तक ) पद है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, संतसंग, करुणा, भक्ति और अध्यात्म आदि विविध विषयोंपर हिंदी पदावली की रचना विद्यमान है। प्रायः प्रत्येक पद के प्रारम्भ में 'राग' और 'ताल' का निर्देश है। आमतौर पर प्रथम एक-दो पंक्तियों के बाद 'ध्रुपद' भी है।

### ब ) हिन्दी ग्रंथ रचना

आचार्य विनय मोहन शर्माकृत 'हिन्दी को मराठी सन्तों की देन' नामक एक शोध ग्रंथ उपलब्ध है। सन १९५७ में विहार-राष्ट्रभाषा परिषद पटना द्वारा यह ग्रंथ प्रकाशित हुआ है। इस बहद् ग्रंथ में पृष्ठ क्रमांक ३४३ से पृष्ठ क्रमांक ३४४ तक समर्थ रामदास के पाँच पद हैं। ये पाँचों पद 'श्रीसमर्थ

गाथा से लिए गए हैं। परन्तु यहाँ राग और ताल का स्वतंत्र निर्देश नहीं किया गया है।

## २ अमुद्रित प्रतियाँ

### अ ) हस्तलिखित प्रतियाँ

अमुद्रित प्रतियों में धूलिया के श्रीसमर्थ वाग्देवता मंदिर की हस्तलिखित प्रतियों का समावेश होता है। ये हस्तलिखित प्रतियाँ ' बाड ' नामसे प्रसिद्ध हैं। इस में दादू दयाल, कबीर, मीराबाई और तुलसीदास आदि संतों की बाणियों का भी संग्रह है। इन हस्तलिखित प्रतियों का काल-निर्णय करना बड़ा कठीन है। फिर भी उपरिनिर्दिष्ट सभी सन्त प्राय: समकालीन होने के कारण संभवत: सोलहवीं या सत्रहवीं शताब्दी की ये हस्तलिखित प्रतियाँ हो सकती हैं। इसके पन्ने बडे जीर्ण-शीर्ण हैं। लिखावट की परम्परा भी प्राचीन है। इसके पन्ने लगभग १५ से २० सें. मी. लम्बे और ११ से १६ सें. मी. चौडे है, जो लाल कपड़े की जिल्द में बंधे हैं। इन उपलब्ध बाडों में समर्थ रामदास के हिन्दी पद बिखरे हुए हैं। प्राय: कई पदों के शीर्ष स्थान पर राग का निर्देश है। समग्र शोध कार्य के अभाव में प्रस्तुत बाडों की हिन्दी पद-संख्या का निर्णय करना भी असंभव है। तंजावर, धूलिया, जांब, सज्जनगड, सतारा, वाई और चाफळ में अमुद्रित हस्तलिखित प्रतियाँ होने की संभावना है। कई समर्थ भक्तों के पास भी प्राचीन हस्त लिखित प्रतियाँ होने की अतीव संभावना है। अत: शोधकार्य के लिए काफी अवसर है।

## सामग्री का विश्लेषण और वर्गीकरण

पूर्व निर्दिष्ट सभी सामग्री मुख्यत: दो परम्पराओं की है। प्रथम मराठी गाथा की परम्परा ( प्रकाशित सामग्री ) और दूसरी हस्तलिखित बाडों की परम्परा (अप्रकाशित सामग्री)। इसके अतिरिक्त ' हिन्दी को मराठी सन्तों की देन ' नामक शोध ग्रंथ में जो फुटकल हिन्दी पद हैं, उन्हें किसी विशेष परम्परा में नहीं रखा जा सकता। इन सभी परम्पराओं में प्राप्त पदों का विश्लेषण और वर्गीकरण प्रस्तुत है।

मराठी साहित्य में गाथा परम्परा कोई नई परम्परा नहीं है। प्राय: वारकरी संप्रदाय के सन्तों की वाणी गाथा के रुप में संकलित करनें की परम्परा मराठी साहित्य में दृष्टिगोचर होती है। आमतौरपर गाथा में अभंगों को अग्रस्थान दिया गया है। प्राय: सारे अभंग गेय हैं। अत: गेयता के कारण ये जन-जबान के अलंकार बन गए हैं। ' श्रीसमर्थांचा गाथा ' एक

अहिन्दी भाषाभाषी विद्वान ने संपादित किया है। उन्होंने महाराष्ट्र की 'भजन-पद्धति' को ध्यान में रखते हुए विविध विषय के अभंगों का संपादन किया हैं। इस गाथा का आरम्भ 'मंगलाचरण' से होता है। श्रीगणपति, श्रीराम, श्रीमारुती, श्रीकृष्ण आदि देवता विषयक अभंगों के साथ साथ नरदेह, तीर्थयात्रा, कर्मकांड, संतसंग, करुणा, वैराग्य, भक्ति, उपदेश, भारूड, कानफाटचा, गाय, गोंधळ और चेटुक आदि विविध विषय के अभंगों का भी उस में समावेश हैं। गाथा की निम्न मराठी पंक्तियाँ–

'सुख कर्ता दुख हर्ता वार्ता विघ्नाची'...
'ध्यान लागलें रामाचे। दुःख हरले जन्माचे॥'...
'तो हा राम आठवावा। हृदयात साठवावा॥'...
'नांव मारुतीचे घ्यावें पुढे पाऊल टाकावे॥'...
'सोनियाचा दिवस जाला। पांडुरंग रंगीं आला॥'...
'सत्राणे उड्डाणे हुंकार वदनीं।
करि डळमळ भूमंडळ सिंधुजळ गगनीं॥'

आज भी जन-मन को भक्तिरस से सराबोर कर देती हैं। इस गाथा का उत्तरार्ध देवता विषयक पदों से प्रारंभ होता है। पृष्ठ क्रमांक ४७६ से हिन्दी पदों की शुरुआत होती है। समर्थ रामदास के मराठी अभंगों के बीच ही ये हिन्दी के पद आए हैं। हिन्दी पदों के संपादन कार्य में समर्थ भक्त से प्राप्त २१३ पुराने बाडों का आधार लिया गया है। धूलिया एवं सज्जनगड से प्राप्त हस्तलिखित प्रतियों का मूलाधार उल्लेखनीय है।

'श्री समर्थांचा गाथा' इस ग्रंथ के लगभग ७६ हिन्दी पदों से केवल १८ हिन्दी पदों को प्रस्तुत ग्रंथ में स्थान दिया है। पाठ-भेद के आधार पर ही यह निर्णय लिया है।

'हिंदी को मराठी सन्तों की देन' इस शोध ग्रंथ में संकलित समर्थ रामदास के हिन्दी पद 'श्री समर्थांचा गाथा' इस ग्रंथ से लिए गए हैं। इसमें समर्थ रामदास के केवल पाँच पद है।[1] इन पदों के संकलन में कई हस्तलिखित प्रतियों की छाप भी दृष्टव्य है। इन पदों के संकलन में एक बात ध्यान देने योग्य है कि ये पाँचों पद पाठान्तर के साथ दिए गए हैं। अतः इन पदों से एक भी पद प्रस्तुत ग्रंथ में संकलित नहीं किया गया है।

---

१. 'हिन्दी को मराठी सन्तों की देन' इस ग्रंथ में संकलित समर्थ रामदास के हिन्दी पद—

१ जित देखो उत रामहिं राम ।
जित देखो उत पूरण कामा ॥ धृ० ॥
तृण तरुवर सातो सागर
जित देखो उत मोहन नागर ॥ १ ॥
जल थल काष्ठ पषाण अकाशा ।
चंद्र सुरज नय तेज प्रकाशा ॥२॥
मोरे मन मानस राम भजो रे
रामदास प्रभु ऐसा करो रे ॥३॥ ( पृष्ठ ३४३ )

२ ( राग सिंध काफी; ताल दादरा )
राम न जाने नर तो क्या जी ॥ धृ० ॥
धन दौलत सब माल खजीना ।
और मुलुख सर किया तो क्या जी ॥१॥
गोकुळ मथुरा मधुवन द्वारका ।
और अयोध्या कर आया तो क्या जी ॥२॥
गंगा गोमति रेवा तापी ।
और बनारस न्हाया तो क्या जी ॥३॥
दर्वेश शवड़ा जंगम जोगी ।
और कानफाडी हुआ तो क्या जी ॥४॥
आत्मज्ञान की खबर न जाने ।
और ध्यानन बक हुआ तो क्या जी ॥५॥
वेद पुरान की चर्चा घनी है ।
और शास्तर पढ़ आया तो क्या जी ॥६॥
रामदास प्रभु, आतम रघूविर ।
इस नयन नहिं छाया तो क्या जी ॥७॥ ( पृष्ठ–३४३ )

३ ( राग–काफी, ताल–दीप चंदी )
रे भाई गैबी, मरद सो न्यारे
वे ही अल्ला मिया के प्यारे ॥ धृ० ॥

देहरा तुटेगा, मशीदी फुटेगा
लुटेगा सब हय सो
लुटत नहीं, फुटत नहीं
गैबी सो कैसो रे भाई ॥ १ ॥

हिंदु मुसलमान महज्यब चले
येक सरजिन हारा
साहब अलम कुं चलावे
सो अलम थी न्यारा ॥ २ ॥

अवल एके आखीर येक
दोऊ नहीं रे भाई
हम भी जायेंगे
तुम भी जायेंगे
हक सो इलाही रे ॥ ३ ॥

( पृष्ठ ३४४ )

४ घट घट साहिया रे अजब अलामिया रे ॥ धृ० ॥
ये हिन्दु मुसलमाना दोनों चलावे, पछाने सो भावे ॥ १ ॥
सुरिजन हारा बडा करता है, कोई एक जाने पार ॥ २ ॥
अवल अखेर समझ दिवाने अकलमंद पछाने ॥ ३ ॥
गरीबन काज बडा धनी है, बंदेकमीन कमीन ॥ ४ ॥

( पृ. –३४४ )

५ रघुनाथ के दरबार घमडी दे गाजतु है ॥ धृ० ॥
तथ्थै थै थै पखवाज वाजतु है,
सुरवर मुनिवर देखन आवतु है ॥ १ ॥
नारद किन्नर सुरवर गावतु है
शंख मेरि सुनिकै राम थरकतु है ॥ २ ॥
लाल घुसर तब के उडावतु है
रामदास तहाँ वलि जावत हैं ॥ ३ ॥

( पृष्ठ–३४४ )

अप्रकाशित सामग्री में धूलिया के वाग्देवता मंदिर में प्राप्त हस्तलिखित बाडों का * स्थान सर्वोपरि है। देवनागरी लिपी के ये हिन्दी पद विविध बाडों में विखरे हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में उपरिनिर्दिष्ट अप्रकाशित हस्तलिखित बाडों से समर्थ रामदास के २०७ हिन्दी पद लिए गए हैं। जिन जिन बाडों से ये पद लिए गए हैं उनके क्रमांक और आकार के सम्बन्ध में विवरण निम्न प्रकार है-

| अनुक्रम | बाड क्रमांक | आकार<br>ल. चौ जा. ( सें. मी. ) |
|---|---|---|
| १ | १ | २४ × १४·५ × ३ |
| २ | ३६ | २१ × ११ × २ |
| ३ | ५१ | २३ × २५ × ९ |
| ४ | ५३ | २१ × १६·५× ३ |
| ५ | ५९ | १५ × ११ × १ |
| ६ | ६२ | १६·५ × १०·५× २ |
| ७ | ६४ | १३·५ × ८ × २ |
| ८ | ६६ | १५ × ११ × २ |
| ९ | १२३ | ११ × ८ × २·५ |
| १० | १३७ | १५·५ × ११·५ × १·५ |
| ११ | १६३ | २२·५ × २०·५ × २ |
| १२ | १९२ | २६ × १३ × ½ |
| १३ | २५६ | १७·५ × १० × १ |
| १४ | ३५३ | २२ × १६ × १·५ |
| १५ | ३९९ | २२ × १६ × १·५ |
| १६ | ४७० | १७ × ११ × १·५ |
| १७ | ४७४ | १२ × ९ × १·५ |
| १८ | ६०९ | ३१ × १७ × २·५ |
| १९ | ६५७ | १७·५ × ११ × १·५ |
| २० | ६६८ | १६·५ × ११ × १ |
| २१ | ७९८ | १५ × ११ × १ |
| २२ | ११६६ | २१·५ × १४ × ·५ |
| २३ | ११७१ | १३·५ × ११ × १ |

| * संकेत | स्पष्टीकरण |
|---|---|
| १) बा. क्र. | बाड क्रमांक |
| २) स. गा. प. क्र. | समर्थ गाथा पद क्रमांक |

धुलिया के शोधकर्ता श्री शंकर श्रीकृष्ण देव का यहाँ गौरव के साथ उल्लेख करना परमावश्यक है। क्योंकि उन्होंने जीवनभर महाराष्ट्र का कोना कोना छान डाला और उपरिनिर्दिष्ट बाडों का संग्रह किया। उन्होंने धुलिया में 'सत्कार्योत्तेजक सभा' की स्थापना करके समर्थ साहित्य का संशोधन और प्रकाशन का कार्य भी शुरु किया। यह कार्य आज भी अधूरा है। वस्तुत: धुलिया के वाग्देवता मंदिर में प्राप्त ये बाड धूल के फूल ही हैं। इन बाडों के जीर्ण-शीर्ण पन्नों में रामभक्ति की पावन गंगा प्रवाहित है।

प्रस्तुत ग्रंथ में समाविष्ट समर्थ रामदास के हिन्दी पदों का वर्गीकरण निम्न विभागों में किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ | बंदना | १८ | सुमिरन |
| २ | श्रीराम | १९ | मनपंछी |
| ३ | श्री हनुमान | २० | खोटा मठ |
| ४ | शूर्पणखा | २१ | सुर-सुंदरी |
| ५ | राम-रावण युद्ध | २२ | एकता |
| ६ | बिभीषण | २३ | जागरण |
| ७ | शबरी | २४ | परम पद |
| ८ | भक्ति | २५ | प्रचीति |
| ९ | संत-संग | २६ | आल्ला |
| १० | संसार | २७ | बडा पीर |
| ११ | माया | २८ | बहुरुपी |
| १२ | उपदेश | २९ | बैरागी |
| १३ | अभेद | ३० | कुंटण |
| १४ | अलख निरंजन | ३१ | श्रीकृष्ण |
| १५ | अलख पंचक | ३२ | मुरली |
| १६ | जोगी | ३३ | रास रंग |
| १७ | आत्मज्ञान | | |

समस्त पदावली की भावधारा का अध्ययन करते हुए विभाग निर्धारित किये गए हैं। प्रत्येक विभाग के अंतर्गत जो पद लिए गए हैं, वे विशिष्ट विभाग की भावधारा को परिपुष्ट करनेवाले हैं। प्रत्येक पद को जो शीर्षक दिया गया है वह पदगत भाव को ध्यान में रखकर तथा पदगत शब्दावली में ही दिया गया हैं। इस तरह भाव और भाषा को आधार मानकर उपरिनिर्दिष्ट वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया है।

## पाठभेद और निर्णय

गाथा परम्परा की प्रति 'श्रीसमर्थांचा गाथा' में जो हिन्दी पद प्रकाशित हुए हैं, उन का मूलाधार हस्तलिखित प्रतियाँ ही हैं। गाथा के संकलनकर्ता ने पाठ संशोधन-वृत्ति से संकलित अवश्य किए हैं परन्तु उस में संशोधन-दृष्टि का अभाव-सा लगता है। अतः पद जैसे प्राप्त हुए वैसे उनका संकलन नहीं किया गया है। उदाहरणार्थ हस्तलिखित बाड क्रमांक २५६ का निम्न पद पढिए और उस के साथ साथ गाथा का भी पद पढिए। मालुम हो जायगा कि जहाँ की भाषा संकलन कर्ता को समझ में आयी और उन्हें लगा कि अमुक पाठ न होकर अमुक पाठ होना चाहिए तो उन्होंने स्वज्ञान और स्वविवेक से वैसा कर दिया है। जैसे —

"जीत देखों तीत राम हि राम।
जीत देखौ तीत पुरन काम ॥ धृ० ॥
त्रुणतरुवर सातो सागर।
जीत देखौ तीत मोहन नागर ॥ १ ॥
जल थल काष्ट पखान अकाष।
चंद्रसुरीज निज तेज प्रकाष ॥ २ ॥
मेरे मन मानस राम भयो रे।
रामदास प्रभु ने ऐसा कीयो रे ॥ ३ ॥
(बा. क्र. २५३)

(चाल- 'इन तन धन.)

"जित देखो उत रामहि रामा।
जित देखो उत पूरणकामा ॥ धृ० ॥
तृण तरुवर सातो सागर।
जित देखो उत मोहन नागर ॥ १ ॥
जल थल काष्ठ पाखाण आकाशा।
चंद्र सूरज नच तेज प्रकाशा ॥ २ ॥
मोरे मन मानस राम भजो रे।
रामदास प्रभु ऐसो कियो रे ॥ ३ ॥
(स. गा. प. क्र. १६५९)

प्रस्तुत पदों में 'जीत' के स्थान पर 'जित' 'तीत' के स्थान पर 'उत' 'त्रुण के स्थान पर 'तृण' 'परवान' के स्थान पर 'पाखाण,' 'अंकोषा' के स्थान पर 'आकाशा', 'सुरीज' के स्थान पर सूरज', 'प्रकाषा' के स्थान पर 'प्रकाशा', 'मेरे के' स्थान पर 'मोरे'– ऐसे पाठों को रख दिया है। गाथाकार ने प्रत्येक पद पाठान्तर के साथ लिया है। पाठान्तर के निम्न उदाहरण भी लक्षणीय है।

१ 'ललित तनु नव नागर लिला' (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'ललित तनु नवनागर लीला' (स. गा. प. क्र. १६६०)

२ 'जेव तब देखत धिर मेरे' (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'जव तब देखन थीर। (स. गा. प. क्र. १६६०)

३ 'करशरच्चाप सलिल जे लोचन' (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'कर शर चाप सलीलज लोचन' (स गा. प. क्र. १६६०)

४ 'नाथ सिधारे सिला तारे' (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'नाथ सीधारे सीला तारे' (स. गा. प. क्र. १६६१)

५ 'ज्याहा नाथ चले मथुरा को (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'जहां नाथ चले मथुरा को (स. गा. प. क्र. १६६३)

६ 'गाउ चरावत वंसि बजावत' (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'गाय चरावत बन्सि बजावत' (स. गा. प. क्र. १६६३)

७ 'मोहन नागर दासज्यु के घर (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'मोहन नागर दासन के घर' (स. गा. प. क्र. १६६३)

८ 'अज्यब गौरी को तान' (बा. क्र. ५३) के स्थान पर–
'अजब गौरि को तान' (स. गा. प. क्र. १६६५)

९ 'निरखीत चेत हे औठमान' (बा, क्र. ५३) के स्थान पर–
'निरखित चलत है अस्मान' (स. गा. प. क्र. १६६५)

धूलिया के हस्तलिखित बाड एवं समर्थ गाथा के हिन्दी पदों का पाठ-सम्बन्धी तुलनात्मक अध्ययन करने के उपरान्त ऐसा प्रतीत होता है कि समर्थ गाथा के प्राय: सभी हिन्दी पद पाठान्तर के साथ लिए गए हैं। अत: पाठ के सम्बन्ध में समर्थ गाथा के पद विश्वसनीय नहीं है। काल, भाषा एवं रचना–पद्धति की दृष्टि से समर्थ वाग्देवता मंदिर धूलिया की हिन्दी पदावली विश्वसनीय है। उक्त पदावली की प्रामाणिकता एवं मौलिकता ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत ग्रंथ में उसे (पाठान्तर के सिवा) स्थान दिया गया है। उक्त पदावली की प्रामाणिकता

का और एक साक्ष्य यह है कि प्रत्येक पद की अंतिम एक–दो पंक्तियों में, 'कहे रामदास, रामदास प्रभु, दास फक्कर और बंदा कमीन आदि शब्दों का प्रयोग भी है। प्रसिद्ध मराठी अभ्यासक एवं आलोचक डॉ. शं गो. तुळपुळे जीका मत है कि समर्थ रामदास ने पद–रचना करते समय निम्न चौदह ( उप ) नामों को धारण किया था– कवि, रसिक, भगत, राघवदास, रविकुळ-टिळकदास, दासजन, फकीर, राम को च्येरा, महंत, बंदा, बंदे कमीन, सेवक, सेवकजन और राम उपासक। समर्थकृत हिन्दी पदावली से यह प्रतीत होता है कि उसमें भी दास, रामदास भगत, बंदे कमीन, दासी, दासजन, दास फकीर, बंदा, बंदा फकीर और रामी रामदास, आदि ( उप ) नामों का सर्वत्र प्रयोग है। अतः धूलिया के हस्तलिखित बाडों की पदावली को विश्वसनीय मानना चाहिए।

♣ ♣ ♣

# द्वितीय खण्ड

## ।। समर्थ रामदास की हिन्दी पदावली ।।

### वंदना

**दया करे हो राम**

दीन दयाल दया करे हो राम दीनदयाल दया करे हो ।।
येहि संसार अपार को, जिये उदास भया ।।१।।
ज्यानत ज्यानत मानत मनकुं ।। ऐसा काम किया ।।२।।
दास दीन जन शरणागत ।। मारो कहत सब गया ।।३।।

**श्रीराम** (बा. क्र. ६६)

**पतित पावन**

काहे न मानी गुमानी ।
निगम सुगम सुखबानी ।। ध्रु. ।।
राम बिना नर सुंदर काया ।
व्यर्थ ज्यात अभिमानी ।। १ ।।
जन धन जोबन बादल छाया ।
निकसि ज्यात पचतानि ।। २ ।।
क्यौं छंगर काला अमर भयो हेय ।
ज्यमकि नाहीं पछानि ।। ३ ।।
काहा सकुच्य कछु खरच्यत नाहि ।

राम कहत बरदानी ॥ ४ ॥
रामदास प्रभु पतित पावन ब्रीद च्यलावे निशानी ॥ ५ ॥

( बा. क्र. १ )

## प्रभु तुम जितोगे

प्रभुज्यु मौं तो देखी सीता ।
आब ही छोरि आयो आज्यु ॥ ध्रु. ॥
सागर बिछु त्रिकुट गडलंका ।
रावन राकस राज्यु ।
अशोक बनमो तिनज्यु रखाई ।
राज तुहारी था ॥ १ ॥
रतन जरीत सुने की नगरी ।
रीद्धि सिद्धि सभ माही ।
त्रीभुवन मों सभ ढुढत आयो ।
यैसी सो और नाहि ॥ २ ॥
असुर सकळ खळ अटळ ज्यु
झामों सुर पकरि दिये बंद ।
रामदास प्रभु तुम हि जितोगे ।
औरन की गती मंद ॥ ३ ॥

( बा क्र. १ )

## राम सुमीरन

सरस रस छा गोरी ।
राम सुमीरन सार ॥ ध्रु. ॥
नवरस नागर चरित मनोहर ।
रघुकुल तीछ कोरी ॥ १ ॥
छाढि सुधारस पिबत,
त्रिदश अंतर दुःख भामारी ॥ २ ॥
दास उदास परम रसला
छस पान करत सब घोरी ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १ )

## रामनाम

गौरी रामनाम येक सार ।
राखिलो नोहीं ये माहिमौं तो ।। धृ. ।।
आगमु निगमु शास्त्र पुरान विद्याभाई सभमों से ।।
सार सकळ को रामनाम हय ।
आप कहत हतोसें ।। १ ।।
अश्रित पान समान न होवे सोम पान नही भावे ।
रामनाम रसना रस ना गरबि खुदाह सभ षोवे ।। २ ।।
शेस असे समुखसें ज्याको अनज्याने महिमान ।
राम बिरोधि काम का ज्यारीकें दास भयो हनुमाना ।। ३ ।।

( बा. क्र. १ )

## सब राम

मेरे तो ग्यान ध्यान सब राम ।
केवळ दुई अछर को नाम ।। धृ. ।।
तान मान बधान रागरंग सकळ कळा सुघराई ।
मंत्र तंत्र और जंत्र उधारण सभ मेरे रघुराई ।। १ ।।
सिद्धि बुद्धि और बिधी शास्त्र को आगम निगम भेद ।
ज्योग ज्युगत और भुगत मुगत सभ रामदासपर मोद ।। २ ।।

( बा. क्र. १ )

## रामदास बलिहारा

पदम अठरा लष्कर सारा रुवा नही या मुशारा हो राम ।। धृ. ।।
ऐसो नाहिं देह मेरा खयबे को तो च्याहू थोरा ।। १ ।।
बनचर उधरा पात को च्यारा ।
नाज हूं खावन हारा ।। २ ।।
तिनको ज्यो राज्यु घ्रठलारा ।
हूं निःकाम फुन चेरा ।। ३ ।।
दास पियारा किन्ह नहि तारा ।
षठकोंबी दत्ती यारा ।

रामदास बलिहारा ॥ ४ ॥

( बा. क्र. १ )

## गुन धाम

आज्यु मेरो अंतर ज्यामी राम हा रत आपकु नाम ॥ धृ. ॥
अति सरूप सें छे गयो राकस ।
हयब गुमानी च्याम ॥ १ ॥
अनळ न्हाउं बिमल दिखाऊं ।
दास पाउं गुन धाम ॥ २ ॥

( बा. क्र. १ )

## रामबीन दुःख पावे

आवोरी सुनावो सखी ।
सांवरे की बातें नीकीं ।
सुनि सुनि मोरे मन की पीर ज्यावे ॥ धृ. ॥
कुंद कुदरे कवे शाम मेरो कब आवे ।
रामबीन दुःख पावे जीयरो मेरो ॥ १ ॥
बोल री सगुन सारो कब मीले रामा
काम धाम मन मेरो ॥ २ ॥
रामदासन को साई कब मीले मेरे ताई ।
तब हि सारी हे देहि आनंद भरो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १ )

## रघुबीर

रघुबीर ऐसो काहा और रनधीर हय तीर कीते
गसुर कवन राखे ।
दान दातार करता खुगुन सिंधु सभ शरन को
मरन हरि दुरि राखे ॥ धृ. ॥
ज्यब कव रघन नील अद्भुत हत ताटका वधि
सुबाहू मरीचो उडायो ।
धनुभंग अबिनास सुनि कडक कैलास मोतम के आयो ।

घमक मदढ हायो ॥ १ ॥
बिराध जितकाक कीं आंख फोरी तबें भुवन
भटकत नहि न कोउ छूरायो ।
खर दूषन त्रीसिरा काटि सिर सभन के बाळी
बळी मारि ज्यौं गिरि गिरायो ॥ २ ॥
ज्याकें कुमसे शैल नहि जळद्रु बावन सकें
कन कन गरी तबहिं आगिनबारे ।
सूर संग्राम दस सिर को दल्ल सभ छोरी लगुर हि
लंगर विडा रे ॥ ३ ॥
घटक रन को देह लख च्यारि ज्यो ज्यन बडोसू
कुच्य तनु रहतमह काळ ज्योधा ।
ज्यु निगळे कपीरोम दरवाज निकसें बशर च्योटसे
प्रगट ज्यों मेरु छेदा ॥ ४ ॥
अयुत गजवाजि सभ नियुत रथ पंच गज खेत शत
कोटि तब असिर ज्युझे ।
उन कोटिसे च्याप घंटारनत्काहिं सात दिन रात
ज्युंझत हिवाजे ॥ ५ ॥
दश कंठके ज्युद्धसें बिबुथ अति चकित सभ भूमि
डगमगित काहां सुर्ज्य तारे ।
सिर काटि किन दे रिपुन फेर निकसत तबहिं
थकित सभ फारि हियें ढौर मारे ॥ ६ ॥
दास अति रंक को लंक दिन अमर किन देवता
आये भ दास पाये ।
स्वर्ग और मृत्यू पाताळ तिन्ह लोक शत कोटि
ज्यस किरत हर आप गाये ॥ ७ ॥
( बा. क्र. १ )

## रामबिना कछु न भावत

र मोज करे करे आय धरे मति खिजो करो
प्रभु हीज भये काहा ।

ऐसी सुहागिनि मानिनि या बन मेरो तो बंधुसो
मर्द कलेवाला
रामदास पर नारि नपुसक दुरिकसमल
काहे खिज्यावत ।
सुंदर शाम मनोहर मुरत रामबिना कछु
और न भावत ।। १ ।।

( बा. क्र. १ )

## राम सहबास

मेरे तो हरिदास कि सेव । तातें निकट हरि देव ।। ध्रु. ।।
जिनके ना नाम से राम सुमिरण रुप । सरूप दीखावे ।।
चितवन गुन निरगुण मन भावे । रिद्धि सिद्धि ग्रहें आवें ।। १ ।।
रामदास पदई कांहा पांऊ । दासन को ही दास होये रहूं ।।
तो जनमु सुफल हय राम करत सहबास ।। २ ।।

( बा. क्र. १ )

## प्रेम धरो रामचरन पर

प्रेम धरो रे रामचरन पर ।। धृ. ।।
ह्रिदय कवळ मो मधुप मधुसुदन करि राजो
अति प्रिति करो रे ।। १ ।।
काम धाम और दाम काहा तब जब सभ काल के
हात परारे ।। २ ।।
दास कहे अब काहा रहें हो अजु हुं नमान
गुमान रे ।। ३ ।।

( बा. क्र. १ )

## राघव मंगळ मुरत

राघव मंगळ मुरत ।
गाउ बिचित्र परम की रत ।। धृ. ।।
आदि मध्य और अंत अनतहि

तन मनु धनु मेरे राम संततही ।। १ ।।

... देवी देवा । रामदास ... देत सेवा ।। २ ।।

( बा. क्र. १ )

## साहेब मेरा

चेरा तेरा हो दयाळा चेरा तेरा हो ।
तुं तो साहेब मेरा हो मै तो छंड घने राहो ।
तुं तो दिन को प्यारा हो ।। धृ. ।।
पाळे तो पाळ ब्रिद संभाळ ।।
जावत कोन कगाळ ।। १ ।।
गुन हीन फुन शरन चरन के ।
कोन गुमान धरे ज्यु तनके हि ।
बिन पाळे गत्ति नाहि ।। २ ।।

( बा. क्र. १ )

## राम की क्रिपा

आलेख ज्यागे ।
आलेख आलेख सब कोउ कहे ।
आलेख आलखे सो न्यारा ।।
जैसि कहनि तैसि रहनि ।
सोहि नाथ का पयारा ।। १ ।।
आलेख पाया कहणे आया ।
उसकि बात झुटि ।।
आंगो जोगि आलेख लदा ।
कहनि रहनि छुटि ।। २
गोरख गोरख सब कोउ कहे ।
गोरख न बुझे कोय ।
गोजिंद्रिय कुं ज्या कोउ राखे ।
सोहि गोरख होय ।। ३ ।।
नवांके नवटुके ज्योरे ।।

प्रमाण दियो धागा ॥
सो कंथा छायाय के ॥
कंठ ज्यो – हृतानगा ॥ ४ ॥
मनमें भोगि ज्यनमो त्यागि ॥
ज्यनमे मुक्ता मन ये बधा ॥
कथनि करतेंळी कंठ काबे ॥
सोहि ज्ञान का अंधा ॥ ५ ॥
ज्योगि भितरि मडिया पैठि ॥
फकतने भितरि बाइ ॥
जियन में जिय देखन गया ॥
ताहा जोगि कि सुरत पाइ ॥
फेरि करतें घर घर फिरे ॥
किंगरि बजावे तारा ॥
कंथा आवे कंथा ज्यावे ॥
ज्योगि रहता न्यारा ॥ ७ ॥
सिंगि बाजे बाव गाजे माड रसडि बांटे ॥
नाथन बाधे कोड ॥
नाथन बाधे सो गुंति गुंति मरे ॥
नाथ बांधे सो छुटे ॥ ८ ॥
ज्योग न ज्यानु ज्युगुनि न ज्यानु ॥
न ज्यानु आसन ध्यान राम कि क्रिया ॥
रामदास पाइया ॥ आलेख संपूर्ण ॥ ९ ॥

( बा. क्र. ३६ )

## ठाडे भयो रणधिर

नयनमो रघुबीर मेरे नयनमो रघुबिर ॥
ललित तनु नव नागर लिला ॥
जब तब देखत धिर मेरे ॥ १ ॥
कर शर च्याप सलिल जे लोचन ॥

ठाडे भयो रणधिर ।।
रामदास कि प्रेम पिरत है झरकत नयन निर ।। २ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## बंद खलास करे

कोण है रे ऐसा कोण है रे ।। धृ. ।।
नाथ सिधारे सिला तारे ।।
बंद खलास करे ।। १ ।।
बैकुंठ के घरज्या ज्योध्यानगर ।।
अमर दास करे ।। २ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## गुणागर

महिमा कळलि न जाये महिमा ।। धृ. ।।
कोण वानर कोण निशाचर बांधती सागर काये ।। १ ।।
कोण सुरवर कोण गिरवर ।।
अघटित घटित उपाये ।। २ ।।
गुणी गुणागर नागर लिला ।।
दास सदा गुण गाये ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## आलख निरंजन

प्रगट कोण रे राम प्रगट कोण रे ।। धृ. ।।
आगम निगम शेष विरंचि ताकुं भूलिपरी ।। १ ।।
आलख निरंजन सब जन माही ।।
देखत रुप सरे ।। २ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## अनाथ को सनाथ करो

अनाथ को नाथ सनाथ करो ।।
बेद बखाने ब्रिद तमारो ।।

झुटा न करो ॥
भगतन कि तन राखो । मन कि दुरि दुरि दुन धरो ॥ २ ॥
शरणागत किं लज्या राखो । दास कृपा स धरो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १२३ )

## मुक्ति सुभावन

पतित पावन हो दयाल पतित पावन हो ॥ धृ. ॥
ज्ञान न ज्यानु ध्यान न ज्यानु मुक्ति सुभावन हो ॥ १ ॥
दान न किया धर्म न किया मुक्ति कुंजावन हो ॥ २ ॥
रामदास कहे मैं तो ऐसा फुकट खावन हो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## प्रभु कछु हित कर

महाराज मैं तो पतित ॥ धृ. ॥
पतित पावन नाम तुम्हारो ॥
कर हो प्रभु कछु हित ॥ १ ॥
रामदास कहे मैं अपराधि ॥
कोण करे हो गणीत ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## बेग दिखावन दिदारा

पीरत लागी रे माधो पीरत लागि रे ॥
त्यांतें और पिरत सें मन भागि ॥
राम चरण लये लागि ॥ धृ. ॥
तें नाम उच्चारे संसार भये ॥
मोकुं सुधि नहिं मेरे तन कि ॥
ग्रह दारा धन छोरि दियो ॥
आस पुरावे मेरे मन की ॥ १ ॥
खाना पिना मोकुं कछु नहि भावे ॥
भावत नहि घर चार ॥

न धन जोबन सो कछु नहि भावे ॥
बेग दिखावन दिदारा ॥ २ ॥
रामदास को पिरत को प्यारे पिरते पिरत चढ़ावे ॥
रुप देखन कि आस लागि मान लियें बेग आव ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## हरीबिन जिवना नहि रे

येक हरी बिन जिवना नहि रे भला ॥ धृ. ॥
तन कि लालि तनमें राखो ॥
आमको येक कउलाये ॥ १ ॥
कहे दास हरीभजन बिन ॥
मिटत जात सलाये ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## महाराज तमारो मित

महाराज तमारो मित ॥ धृ. ॥
फीरत नंगे कुदत चंगे ॥
ज्यानत नहि कछु हित ॥ १ ॥
अन न खावे पान न भावे ॥
चिर न लेवे सीत ॥ २ ॥
पिरत के जन दास तमारे ॥
देखो बदन कि रीत ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## सांहि सब घट

च्यातुर च्यातुर सें चटका ॥
येक येक गुणपर वारी डारूं तन मेरी तोरी गयो लटका ॥ १ ॥
सुनत देखत गुण प्रगट लोकन में अजेब लागे चटका ॥ २ ॥
रामदास सांहि सब घट व्यापक आनंद की घटका ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## साइ का बंदा

सब घट ज्याणा हये रे भाई मत रहो बेगम खुदाई ॥ धृ. ॥
देखो बाबा आपनि फिकिर ॥
घडि घडि करणा धर्णी कि जिकिर ॥ १ ॥
सब घट साइ का बंदा ॥
फीरये कला तो सिरपर खुदा ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## मोकुं सुरीजनहार दिखाव

रे मोकुं सुरीजन हार दिखाव ॥ धृ. ॥
धुंडत धुंडत भूलि परि रे ॥
कैसा है सो बताव ॥ १ ॥
दुनिया में सब करतें बज्याव ॥
धरि येक सो हि मिलाव ॥ २ ॥
दास हरीजन धुंडत ताकुं ॥
तम हि धुंडत ज्याव ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## ऐसा साहेब मेरा

दरीया के बिछे गड सुने का किसकुं लिया न ज्याये ॥
उस दरीयापर पाहाड तारे गडकु फौजा लगायै रे सा
साहेब है मेरा ॥ धृ. ॥
तिन लोकन में दरारा ऐसा साहेब हय मेरा ॥ १ ॥
वै साहेब का मैं बंदा मेरा बहुत नाम ॥
ऐसा दुजा कवन है रे किसकुं करूं सलाम ॥ २ ॥
हति घोरे कोठ हि कोठ चले दल्ल बादल्ल ॥
रामचंद्र की फौज उठावे ॥
तो दल्ल में रण खुदल्ल ॥ ३ ॥
तिन लोक मों कंठक रावन उसकुं किया खेव ॥
तेतिस कोटी देव छुरावे सब देवन को देव ॥ ४ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## बडा धनि

घट घट सांहि यारे आज्यब आलामीया रे ।। धृ. ।।
ये हींदु मुसलमान दोन्हो चेलावे ।।
पछचाने सो भावे ।। १ ।।
सुरीज्यनहार बडा करता हे ।।
कोई अेक ज्याने प्यार ।। २ ।।
आवल आखैर समजे दीनानें ।।
अकलबंद पछचानें ।। ३ ।।
गरीब नवाज्य बडा धनि हे ।।
बंदे कमीन कमीन ।। ४ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## आलम कों सांहि

सुरीज्यन हारा राज्यानन हारा ।।
ज्यानन हारा धीयारा सारा ।। धृ. ।।
सब घट भय नजेर न आवे ।।
नज्यर न आवे छपावे ज्यावे ।। १ ।।
दील दील माही ।।
समज्यत नहीं सब आलम कों सांहि ।। २ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## मेरा जीयेरा हरजी

मेरा जीयेरा हरजी सुलगीयात मै सही ।।
धुंदत धुंदत ईतनी भई रे ।। धृ. ।।
चुकी सुं चुकीर हिरे ।। १ ।।
सुरीज्यन हारे सकल घट है भगत कहे रे नहि ।। २ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## रघुराज के दरबार

रघुराज के दरबार धमडी गाजतु है ।।
त्त त्ता थै थै थै थै पखवाज बाजतु है ।। धृ. ।।

सुरवर मुनिवर देखन आवतु हैं ॥
नारद तुंबर किन्नर सुस्वर गावतु हैं ॥ १ ॥
मेघ डमरू छेत्र माही थरकतु हैं ॥
संख भेरी सुनकि रोम फरकतुं हैं ॥ २ ॥
लाल धुशळर तबक ले उडावतुं हैं ॥
रामदास तांहां बली बली जावतुं हैं ॥ ३ ॥

( बा. क. ५३ )

## मेरे साहीं रघुपती

नाथजी से चित्त बांधो ॥
होयेसे आबहोर मेरे ॥ धृ. ॥
कोउ बंदु कोउ नींदु ॥
कोउ कैसे कहो रे ॥ १ ॥
कमल म्यानें मोट बांधी ॥
निर ताहा रे ॥
ताहा रघुपति कुर्म भयो ॥
धरलीये पीठ पर रे ॥ २ ॥
रवी चंद कु जीन्हो जोती दीन्हीं स्तंभ बीनें आकाश रे ॥
जल उपर पाशाण तारे केउ न त्तारे दास रे ॥ ३ ॥
जप सीव सनकादीक मुनी नारदादीक संतरे ॥
जन्म जन्म मेरे साहीं रघुपती ॥
दास जन जसवत रे ॥ ४ ॥

( बा. क. ६२ )

## आरज कियो रामलक्षमन

आरज किजो रामलक्षमन भाइ ॥
भरत सतरुघन सीता माइ ॥ धृ. ॥
गांधीज मुनीको मख रक्षण कियो ॥
ताटिका प्राण एक बाणसो लियो ॥ १ ॥
कैकै दशरथ आज्ञा पाली ॥

द्वादश बरस पग चाली ।। २ ।।
लंका ज्यायको रावण मार्‍यो ।।
शरणागत बिभिषन को तार्‍यो ।। ३ ।।
पंचबटी मो सीतामाइ ।।
दास कहे हम दरसन पाइ ।। ४ ।।

( बा. क्र. १३७ )

## हरी रंग मन लागे

हरीरंग जाये ताहा मन लागे उपाधी सुभागे ।। धृ. ।।
बाज बजावे हरी गुण गावे ।।
निर्गुन भेद बतावे ।। १ ।।
नाम सुंदर की महिमा लिला ।।
जब तब जीभे भावे ।। २ ।।
रामदास की प्रेम की सुरत ।।
सुनत बचनसो आवे ।। ३ ।।

( बा. क्र. १३७ )

## रामबीन कोउ न सात

कोउ न आवे सात ।।
रामबीन कोउ न आवे सात ।। धृ ।।
योही मेरा योही मेरा ।।
झुटी है सब बात ।। १ ।।
जो कछु है सो झुटा है रे ।।
दो दिन का सांगात ।। २ ।।
दास कहे सुन हो जन चातुर ।।
छोरी चले एक गात ।। ३ ।।

( बा. क्र. १३७ )

## देना रामा लेना राम

आवे ज्यावे खावे पीवे आरामवे ।।
सब दुनयाको पालनहारा उसका खोजन लेवे ।।

कैसी दुनीया अधीर रे ।। धृ. ।।
देना राम लेना राम मै मै कहते मुका ।।
कालामुसे नीगला ज्यावे जेउ बीला चुवा ।। १ ।।
रामदास कहे गुमसु देहे कर सो नही मर ज्यावे ।।
जम काटेगा खाकर और पेंढा होते सोवे ।। २ ।।

( बा क्र. ६३ )

## दासको रामधनी है

लटपट पाग पाग बनी है राम ।। धृ. ।।
कुंकुम केशर तीलक बनोहे कोटी चंद्र बदनीरे ।।
पीत बसन बहु भुखन डीत्त झमकत माल मनी है ।। १ ।।
धनुखबान लघुढान बीराजे पीरत बहुत घनी है ।।
देवके देवकु आन मीलावे ऐसा कोन गुनी है ।। २ ।।
कोटी तेहतीस बद छुरावे ।।
धन पीता जननी रे ।।
धरि उदार कपी बिरजेठी दास को रामधनी है ।। ३ ।।

( बा. क्र. १६३ )

## कहीकु चींता मुजे कलकी

साभजी कहीकु चींता मुजे कलकी फीकर सब तुजे ।। धृ. ।।
गर्भवास मो क्या क्या खीलाया मुजे व्हा क्या तुमकु पुजे ।। १ ।।
जन्म दीया पर दुध पीलाया मुजे व्हा क्या तुमकु भजे ।। २ ।।
अज दीयो सो कीने कमाया अज दिया सो कीने कमाया ।।
अब चरण तुम्हारो पुजे ।। ३ ।।
रामदास कहे नाम तुम्हारा त्रय लोकी डंका बजे ।। ४ ।।

( बा. क्र. १९२ )

## जीत देखों तीत राम

जीत देखों तीत राम हि राम ।। धृ. ।।
जीत देखो तीत पुरन काम ।।
त्रुण तरुवर सातो सागर ।।
जीत देखो तीत मोहन नागर ।। १ ।।

जलथल काष्ट पखान अकाष ।।
चंद्र सुरीज निज तेज प्रकाष ।। २ ।।
मेरे मन मानस राम भयो रे ।।
रामदास प्रभुने ऐसा कीयो रे ।।

( बा. क्र. २५६ )

## प्रभु तेरे संग

प्रभु मेरे तेरे संग कुंज्य हुं आउंगी ।।
बनमों ही आऊंगी चरण खटाऊंगी ।।
सगर सेवा सुख पाउंगी रे नाथ संग कुंजहु आउंगी ।। धृ. ।।
अज्युधा न राहुंगी : मीथीला न कहुंगी ।।
तीहांरे झुटे फल खाउंगी रे नाथ ।। १ ।।
सरितामो न्हाऊंगी तव रुप ध्याउंगी ।।
दासी छोरि काहां ज्याउंगी रे नाथ ।। २ ।।

( बा. क्र. ३९९ )

## राम के दासन को पद आवे

परपुर सकुं जोवत कामीनी जैसो चकोरमय ।।
डसुंनाहिं नैनसुं नैन मीलावत पीरत नाहिं ज्युक ।। धृ. ।।
की बछन नाहीं ।।
दरसकोरं सबीरस पतंग ही च्यातक चीत्तन हेत न पावे ।।
ऐसो पती मीठो पलगे तो राम के दासन को पद आवे ।। १ ।।

( बा. क्र. ३९९ )

## मागों सो मोकुं दे रे

तेहे रामधनी रे मोहे काहा कमी रे ।।
राम साहेब मेरा मात्र ना क्या है बीच्यारा ।। धृ. ।।
मेरि बाच्या तेरो नाम दीन दीन लेते ज्याउं ।।
काम न माने धाम न माने ज्याहां ताहां राम भाउ ।। १ ।।

रामदास कहे तोकुं मागों सो तुं मोकुं दे रे ॥
तेरो प्रेम मेरो अंतर ज्यामो रहण दे रे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## भज ले राम संगाती

भजले भाई रे तुजे राम दुन्हाई ॥ धृ. ॥
भज ले बाबा भज ले भाई भज ले राम संगाती ॥
रामबीणा सब धंदा गंधा कोऊ न आवे साथी ॥ १ ॥
रामनाम से काम बीगारो दुनिया हैरे झुटी ॥
काल कला तुजे मार परेगी बाटन ज्यावे खोटी ॥ २ ॥
सात बीसात ही छांड गयेरे कीण करे वो लेखा ॥
रामदास कहे रामभजन से मीटे करम की रेखा ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## छुटत चौऱ्यासी फेरे

गोबींद मुख मोरे राघव मुख मोरे ॥ धृ. ॥
छुटत लख चौऱ्यासी फेरे ॥
लागत जम पग मोरे ॥ १ ॥
अष्ट हि सिधि भये मेरी दासी ॥
दास तो जनम उदासी ॥ २ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## रसना राम जपावे

रामभजेन कुं ढील न करियें ॥
काल कसाइ कुं धरि धरि डरियें ॥ धृ. ॥
ढील झोरी ढीवरा राम उचारे ॥
पतीत ब्याध बैकुंठ सीधारे ॥ १ ॥
ढील छोरि रामदास राम ही गांवे ॥
रसना रयन दीन राम जपावे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## राम भगत बीन फजीयत

राम को नाम यक घरि घरि साधो ॥
रामभजन बीन फीर अपराधो ॥ धृ. ॥
धनी पुछ गोतो का ज्याब देयगो ॥
राम भगत बीन फजीयत होगो ॥ १ ॥
रामदास कहे मेरे रघुकुं डरियें ॥
भगती न करिये तो फीर फीर मरियें ॥ २ ॥

( बा. कृ. ३९९ )

## रामदास कहे राम गाउं

राम को नाम यकी घरि घरि गावे ॥
नीशान बज्यावत बैकुंठ ज्यावे ॥ धृ. ॥
रखुमागद तीर्थी त्रयकुं गावे ॥
नगरि समेत बीमान चऱ्हावे ॥ १ ॥
गज्यपती गणीका राम हि गावे ॥
नक्रसमेत बैकुंठ कु ज्यावे ॥ २ ॥
रामदास कहे राम नाम हि गाउं ॥
बैकुंठ कुं बैकुंठली ज्याउं ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## रामरस पाइयें

सुन मेरि रसना राम उच्चारो ॥
राम रस लीयें और रस डारो ॥ धृ. ॥
खीर खांउ तुकुं मानत नीको ॥
रामरस पाइयें और रस फीको ॥ १ ॥
रामदास कहे सुन रसना मेरि ॥
राम भगती बीन गती नहीं तेरि ॥ २ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## सबघट दयाल की मुरत

बाऊरीं भयो रे सावरे तन मेरी ॥ धृ. ॥
जीद देखे तीद टाडे नीरंजन ॥
चमकत भुली परी ॥ १ ॥
नीरखत नीरखत देखत मनमें तनक सुद गइ ॥ २ ॥
दास की पास दयाल की मुरत सबघट येक सही ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## न मन राम सुमकरी

न करी मन राम सुमकरी इतनी सुनुज्यु हमारी ॥ धृ. ॥
सब लोकनसु करी सोकरी ॥
आब धर लाज थोरी ॥ १ ॥
आवल गये सो धरी सो धरी ॥
अजहु नींती कु जारी ॥ २ ॥
रामदास कहे धरी ही धरी ॥
रसये बात पुरी ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ३९९ )

## संतन को संगी

हम ध्यान धरे ज्याको ॥
दशरथ पिता ताको ॥ धृ. ॥
राजन्मोराज । सूर्यवौंशी महाराज ॥ १ ॥
संतन को संगी । भक्तन को भव भंगी ॥ २ ॥
दास को साई सदा भक्त अभी रागी ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ४७० )

## जाहां ताहां राम

जाहां जाउ ताहां राम सहि ॥
सब सोबत सो पाछ रहि ॥ धृ. ॥
जाहां लिजावे ताहां दिल जावे ॥

राम बिन मोह कछु नहि भावे ॥ १ ॥
येक छपावे येक दिखावे ॥
जाहा भावे तांहा दिल्ल रिझावें ॥ २ ।
रामदास बंदा उठि चले ॥
जाहां जावे ताहा राम मीले ॥ ३ ॥

( बा. कृ. ६६८ )

## ग्यान कि जोत

काल कहुं मति मंद भई ॥ धृ. ॥
देखत देखत जात सहि ॥
उमजत नहि समजत नहिं ॥
सार बिचार कि बात रहि ॥ १ ॥
रामदास कहे येक रामबिन ॥
जुगुत ग्यान कि जोत गई ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६८८ )

## दास के हेत समेत गुंसायां

नयेन मार मोकु सहिये न ज्याये ॥
सुरत सुमर तपी रत्त लागि ॥
आरत है सोह कु हिये न ज्याये ॥ १ ।
जीये कहै सोज्य राज्यानें ॥
कांहा कहुं रे हाय हाय ॥ २ ॥
दास के हेत समेत गुंसायां ॥
जीद ज्यावे तिद ज्यात हि ज्याये ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ७९८ )

## दरशन माही मिलाउं

जब तब ज्यान न पाउं ॥
आस कु छपाऊं ॥ धृ. ॥
ज्यान सुज्यान लीला बहु तेरी ॥
दरशन माही मिलाउं ॥ १ ॥

जिद देखुं तिद मोहन देही ॥
अब मैं कैसे चुकाउं ॥ २ ॥
नयन में हय बचन मे हय ॥
समज्यत सो गुण गाउ ॥ ३ ॥
दास कहे रे नाटक लीला ॥
अंतर मेल पटाउं ॥ ४ ॥

( बा. क्र. ११६६ )

## महाराज गरिब नवाजे

महाराज गरिब नवाजे ऐसा सुनत आवाजे हे ॥
मै सेवक हुं सेवा मांगु ॥
इतना हय सब काज ॥ १ ॥
बंदा कमीन कमीन कमीन ॥
तुं साहेब तेरि लाज हो ॥ २ ॥

( बा. क्र. ११७१ )

## रामदास राम का मुढा

आवल नाम खुदा बड़ा दुजा नहि कोई ॥
सारसत गणसोहि धणि रंगणि नाचे दोई ॥ १ ॥
ताल पकडवे ताल पकडबे ॥
ताल पकडबे चलिया हाल पकडबे ॥ २ ॥
नाचति नाचति फिसल गई पिस्ते पिस्ते कि ॥
नाचेग तो ताल पकड हाले संभाल ॥
अबि कि बेर चुकेगें तो काम करेगा काल ॥ ३ ॥
रामदास राम का मुढा नाचते देखे ख्याल ॥
आये साहेब ताल सिकावे ॥
हुवा काहा बेताल ॥ ४ ॥

( बा. क्र. ११७१ )

## लुटो हरि को नाम

राज्यारास सिरपर होइ ॥
तो मार न सके कोइ ॥ धृ. ॥

हतोस तरकश लावो अबो नवबोध राज्या ॥
प्रेम सभावन हाति क्षुटे ॥
बाजे अनुहत बाज्या ॥ १ ॥
आशा तुटि ममता क्षुटि लुटो हरि को नाम ॥
रामदास कु दौलत दिया साहेब मेरा राम ॥ २ ॥

( बा. क्र. ११७१ )

### मेरि पीरत घनि रे

मया मेरि पीरत घनि रे ॥
हेत कसि नि रे ॥ धृ. ॥
आवत अनंत मधु बनबासि ॥
निकि मुरत बनी रे ॥ १ ॥
दास के पीरत से मन मोहन ॥
राम राम मई तनि रें ॥ २ ॥

( बा. क्र. ७९८ )

### सब हि छाढी धरे ध्यान

ज्यानत कोन कल्याण माई रि ज्यानत कोन कल्याण ॥ धृ. ॥
शंकर मुनिवर चतुर चतुरानन ॥
सभहि छाढी धरे ध्यान ॥ १ ॥
दास उदास हो गावन ॥
लागे विरला पाये ठिकान ॥ २ ॥

( बा. क्र. १ )

## श्री हनुमान

### श्री हनुमान – स्तवन

हनुमान जब जनक दुहिता कि सुधि लेन को ॥
गगन के गर्भ दौरे तबे गात झड झड झडित ॥

बात फड फड फडित द्रुम कड कड कडित भड भड बिडारें ॥१८॥
कंठ गुरु गुरु गुरीत नेत्र गर गर गरित ॥
रोम थर थर थरीत पुछ झ्यारें छंक घर घर घरेत ॥
बन मो दर दर दौरत सीता शोक हरत ॥
सुरत करत भर भर भर बन उपारें ॥ २ ॥
सेन धक धक धकित ईंद्रजित चक चकित ॥
रावन थक थकित करी नगर ज्यारें ॥
ज्वाल झ्यक झ्यक झ्यकित हेम लख लीखित ॥
दास लियें जैत्य रघुनाथ मिल सकल कविं बुभु पुकारें ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १ )

## वीर हनुमान

वर के नच्याये बनचर कुछु डर ये तो गुमान ॥
न कर येक वीर डारी मुख च्याबतें हिं मरि ज्यायगो ॥ धृ. ॥
मानव तो भछमान दानव को का गुमान देवन के ॥
हारे मानकिन छिन हीन दीन सेवक के ज्यायगो ॥ १ ॥
ईंद्र तो सुमन कर ईंदु की यो छत्रधर द्वारपाल ॥
दीनकर समीर बरुन दरबार झारि छिरकें ॥
अगिन रसोय करे सुछत नयन तेरे राम ने कवन ॥
मारे दास तो छोरों तासें कोन कहे ज्यायकें ॥ २ ॥

( बा. क्र. १ )

## हनुमान चितवत रामनिधान

कब वयं देखो चरन सरोज ध्वज ब्रज ॥
अंकुश पदम बिराजीत अरून सें सर सतेज ॥ धृ. ॥
सीता कर सुधीलें हनुमान चितवत रामनिधान ॥ १ ॥
लसित बदन सुख सदन मनोहर नाथ परम गुन सागर ॥ २ ॥
सुख सुनाउं प्रभु मनाउं दास क्रिपा रस पाउं ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १ )

## अरत किजो अंजनि के सुता

अरत किजो अंजनि के सुता ॥
बल बल जयो सीताराम के दुता ॥ धृ. ॥
बन हिंडत राजा राम कु भेटे ॥
चरण कमल पर प्रेम सु लेटे ॥ १ ॥
जब लछीमन रण मो खत खायो ॥
द्रोणागीरी परबत लेंकर आयो ॥ २ ॥
रामदास अती सादर कीयो ॥
वो सेवा बर दास कु दीयो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १३७ )

## जब हनुमंत.....

हनुमंत जब जनक दुहिता के शुद्धि लीन कू गगनगर्भ दौरे तव कंठ गुर्गुर्गुर्गुर्गुर्गुंरीत । नेत्र गर्गर्गर्गर्गर्गरीत । रोम थर्थर्थर्थर्थर्थरीत । पुछ झारे । लंकानायक रावण घर्घर्घर्घर्घर्घरीत । वन दवर दवरत । सीताशोक हरत सुख करत । बन झर्झर्झर्झर्झर्झरीत तब उखारे । तब कटक खोच खोच खोच खोचित इंद्रजीत करी नगर ज्यारे । ज्वाला झकमक झमक झक्मीत हेमलंक लखलखीत जय दास मिले तब कपी भुब्भुब्भुब्भुब् पुकारे ॥ १० ॥

( स. गा. प. क्र. ९६९ )

## येक बिर

नर के नच्याये बन ॥
कछु डार ये तो गुमानकर ॥
येक बिर मुख च्याबतें हि मार जाईगो ॥ धृ. ॥
मानव तो बछमान दानव तो क्या गुमान ॥
देवन के हारे माण की हिण दिन सेवक के जाईगो ॥ १ ॥
इंद्र तो सुमन कर इंदु कीये छेत्र धर ॥
द्वारपाल दीनकर समीरी बरून दरबार झ्यार छिनके ॥

अगीन रसोयें कर सुझत नयेन तेरे राम ने कवण मारे ॥
दास तो न छोरो तासे कोन कहे ज्याके ॥ २ ॥

( बा. कृ. १२३ )

# शूर्पणखा

## बीकराळ रुप

हुकुम श्रीराम कों में तो ले आई ॥
अब तो न छोरोंगी अपनि कमाई ॥ धृ. ॥
अक्षर पन्ही पुनः लछमन छोरे ॥
नारि को रुप काहे को न बिगारे ॥ १ ॥
ज्याती हूं अब कैसी हसि कर पकरत ॥
क्रोध भयो बीर तब पिह पछारत ॥ २ ॥
तब बीकराळ रुपभई भारी ॥
कान्हि बान बान कान नाक उतारी ॥ ३ ॥
नासिक मों नासिक बिन मीना ॥
ज्याहां निर नासिक याकों किना ॥ ४ ॥
त्रिकठक मोंढरी पुकारे ॥
खर दूखन त्रिसिराळ सभरि मारे ॥ ५ ॥
लोहू च्योवत रीवत लंक आई ॥
सीता ल्यावत तो हेय गत पाई ॥ ६ ॥
दशकंदर म्रिग मरीची पठाये ॥
रामदास प्रभु मारन धाये ॥ ७ ॥

( बा. क्र. १ )

## प्रभु बन पठात बीरुप को

सुन रघुवंदन बिनती करति हुं ।
छहडोती यारो भैया– या दे मोहे ॥ धृ. ॥
सुरुपनखा भू–सुंदर नारी राम मनावत शरम सें ठारी ॥ १ ॥
तनुमन से हुंडन–. . राची ॥
नहि तो जीउंगी नाही.... ची ॥ २ ॥

करत बंदन उन्हाय ॥
जानकी तीर बैठी आय ॥ ३ ॥
आज्यु सीता सखी तुम हमसा-नी ॥
सेवा करत रहुंगी बन बासिनी ॥ ४ ॥
मेरो न मानत तुम न खिव खावो ॥
कैसें ठारि भई सीता बरजत नयन सें ॥ ५ ॥
बिकल बोलत अंखिया निर च्योवे ॥
अव बिरह मोहे सहियो न ज्यावे ॥ ६ ॥
रामदास प्रभु बन पठात बीरुप की
ज्योरा कसन हि ज्यानत ॥ ७ ॥

( बा. क्र. १ )

### राघव तीर पधारी

छरन आई मकरसें ॥
कुवर कों ले न उधारे ॥ धृ. ॥
सूर्पनखा वधू रुप सुहावे ॥
लछमन पिय मनावे ॥ १ ॥
सुरतपर वारी ज्याउं ऐसा पति काहां पाउं ॥ २ ॥
मेळन मळा आई रसाळा ॥
बरजन नयेन- आळा ॥ ३ ॥
बधू राज सिरताज हय मेरो ॥
राघव तीर पधारी ॥ ४ ॥
पतनि तो येकहि नहि तो उदास कैसि पावे रामदास ॥ ५ ॥

( बा. क्र. १ )

## राम-रावण युद्ध

### दस सीस सें दंद

रघुबीर को दलल बादलल जस उमडे
किलि हला बुभस गगन गरजे ।

बरि खत शिळा शैळा छत बढां ।।
पिगयीं दसा दिशांह् ठुसे कद च्यळे बांधि फौजें ।। धृ ।।
सुगरीव अंगद ह्नुमान बडे जांबवत धौमकी से ।।
रोम भूमि ज्याय लागे,
ननतील सुछन सनातनकि तनु ज्यो जन
नग ही पग के जिन सें बचें भागे ।। १ ।।
रंभ रु खभ सरभ केसरी ऋथन
कौ मोद नाम दसें थरके ।।
गवाछ गज गवय और गध मर्दन
तनु गंध से सब सेना हि मह्के ।। २ ।।
मौंद द्वीवींद दधिमुख गोमुख
दूर्मुख सुमुख समुख धीरे ।
प्रमाथी प्रतापन कपी बिनत और जंध
सभ बीर रनधीर दियें ह्राक दौरे ।। ३ ।।
धन्य कपिराज रघुराज पति काज्य
ज्युझे मह्ाभीम राक्षस पति सभ बिडारें ।।
बिरुपाछ धूम्राछ रक्ताछ पारच्य और
अंक पन त्रिसि रान स्सुर रिपु संह्ारे ।। ४ ।।
कुंभ निकुंभ और मत्त मह्मत्त
बजरदंत परहृत्त महोदर डुंबाये ।।
दस सीस सें दंद और सुर को कर सके
राम के दास तांह्रां जै तपाये ।। ५ ।।

( बा. क्र. १ )

## तिर दशशिर गिरावत

ज्युझत रघुपति राकस राज्य चकित ।।
असुर वनचर थकि थकिसु छुरावन काज्य ।। धृ. ।।
दशक बाण को सीस करत मारत तीर कठोर ।।
बिचित्र चंड कोदंड बाण से तोरत ह्य रघुवीर ।। १ ।।
च्योटें लागीं बीर मोर भयें सभ ह्र डारि दियो दूर ।।
हृठ्ठ तीर दशशिर गिरावंत तबह्रीं निकसत फेर ।। २ ।।

हियें बिडारि गिरायो लंकापति लंक ज्यों हरकीनो ॥
त्रिभुवन मों सभ राम दुन्हाई दास कों निज पदनों ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ६८८ )

## मारे रावण दुःख हरे

हुं रघुबीर जिको चर हो ॥
मातर पिता रघुनंदन मेरो ॥
दासन को दास तेरो हो ज्यानकि ॥ ध्रु. ॥
दशदिश ताकु धुंडत आयो ॥
मन उदास भये ॥
उदधिकु दिखे अशोक पैठें ॥
ताहा दिठे पग तेरो ॥ १ ॥
राम लक्षमन पंचवटिका मे ॥
ताहा न देखो बनचर हनुमान ॥
रजनि चरकि माव न जानु ॥
मानत नहि साचार ॥ २ ॥
तुंकुं रावन ले गयो पाछे राम आयो दम मेरो ॥
क्रिडत हनुमान कछोटि पछानि ॥
ताहा यिह कि कोतिरी ॥ ३ ॥
ईतनमें बनचर सग्दगित हनमा चरन उपर सीस धरो ॥
कवल नयन कि सुन सुनावत बियोग दुःख हरो ॥ ४ ॥
रामदास प्रभु कि सुधि पाई के हनुमाता थी लिये दौरे ॥
कपिचक्र लिये राम सिधारे ॥
मारे रावन दुःख हरे ॥ ५ ॥

( बा. क्र. ६५७ )

## राकस प्रताप

राकस प्रताप था रोत बहि प्रगट भयें ॥
जबतु श्रीजानकि चोरायो पाछो भाज्य हे ॥ १ ॥

तव धुंडत धुंडत सब भुवन पताळा ॥
नभ फीरत फीरत अब चोर पाई हे ॥ २ ॥
आब दस सिर तोरुं बीस हि भुजा उपारुं ॥
त्रीकुटा आवडारुं आज्ञा नहि राम की ॥ ३ ॥
दास के बीसा समान रामकेनी आनीयारे बाण ॥
हा रोग हे थारो प्राण लेवेगे श्रीजानकि राम ॥ ४ ॥

( बा. क्र. १२३ )

### दैत्य सब दर्दुर

फडकती गजढाल दुर्जनापर हाल
दुष्ट सब बेहाल काल तुटयो ॥ धृ. ॥
दैत्य सब दर्दुर सीर्जोर चकचुर ॥
खुसिहाल सब शुर बदबुद्यो ॥ १ ॥
दुंदुभी धनघोष रुषी देव संतोष ।
दैत्य दल राक्षेस सबहि लद्यो ॥ २ ॥
जेपपर परबंद राम को फर्जंद ॥
छंद ही छंद आनंद के दास उद्यो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ६४ )

## बिभीषण

### बिभीषन शरन पधारे

दिजे हो महाराज ।
पराई नारि डारि दीजे ॥
मद गुमान न कीजे ॥ धृ. ॥
कहत बिभीषन सुन बधुराज ॥
गरब कोब नाही काज ॥ १ ॥
मत्त कहो राम मुरारी ॥
सुर ज्यात बलिहारि ॥ २ ॥

विक्रम रुप काहां रघुराई ॥
काहां त्रिकुट गडखाई ॥ ३ ॥
जब घेरि रघुराज निभावे ॥
तब कोउ न ज्यान पावे ॥ ४ ॥
तु रामदास रास पद मारे ॥
बिभीषन शरन पधारे ॥ ५ ॥

( बा. क्र. १ )

# शबरी

## प्रभु भगत भिलनी को

काहां कहु हो भाग सबरि को ॥
विरंचि सुरादिक ध्यानि न पावे ॥
सो हरीबासि सबरि घर को ॥ १ ॥
शामसुंदर श्रिमुख नागर ते ॥
मुख झुटे फल बदरि को ॥ २ ॥
रामदास प्रभु भगत भिलनि को ॥
घर आयो रघुनंदन त्याको ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

# भक्ति

## तनु मनु धनु रे राघवा

उचाटले मन रे राघवा उचाटले मन रे ॥ धृ. ॥
अनन माने जनन माने ॥
मानत सेवन रे राघवा ॥ १ ॥
राति गमेना दिस गमेना
चपळ हेतन रे ॥ २ ॥

म्हणे दास जन जिव उदासिन ॥
तनु मनु धनु रे राघवा ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## अंतर कि गत अंतर ज्यानें

भगतन कि तन हो दयाल भगतन की तन हो ॥ धृ. ॥
अंतर कि गत अंतर ज्यानें ॥
ज्यानत हे मन हो ॥ १ ॥
मन कि फिरत मनमो राखि, च्याखि संतन हो ॥ २ ॥
रामदास कि अंतर लिला ॥
अंतर भावन हो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## तुज में ठाकुर, ठाकुर में मैं

कांहां छपाउं हो निरंजन कांहां छपाउं हो ॥ धृ. ॥
ज्याहां देखु ताहां प्रगट गुसाइ ॥
कैसे लिज्याउंहो ॥ १ ॥
तुज में ठाकुर, ठाकुर में मै ॥
जान न पाउं हो ॥ २ ॥
कहे दास जन निरगुन के गुन ॥
ज्यब तब गाउं हो ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## रस रंग लीजें

रस लीजे रंग रस लीजें ॥
तन मन सब दीजे ॥ धृ. ॥
ताल पखवाज्य रागसे ॥
कडक सब कीजे ॥ १ ॥

शब्द ज्या येंके अर्थ बीराजे ॥
येक से अनेक लाजे ॥ २ ॥
अनेक मेक से भेक च्यलावे ॥
उस थी नीरंज्यन भावे ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## भक्तबछल लोचन अघन मोचन

पीयो रे मेरे ऐसें ऐसें रसीक गावतें ॥ धृ. ॥
जंत्र तानश्वर ताल पखवाज्य ॥
घमडी धीमडी धीकिथ ॥ १ ॥
रागरंग रसें बसी बनि हे ॥
बीक बीक टनटते ॥ २ ॥
भक्त बछल चंचल लोचन ॥
मोचन अघन घसे ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## अंतर ज्यानु री

तन मेरी झरी अज्यब सुरतरी- ॥ धृ. ॥
खावे खलावे देवे दिलावे ॥
सब घट सब ज्यन में भावे ॥ १ ॥
तुज्य मे है ही मज मे है हि ॥
समज्यत कछु येक है ही ॥ २ ॥
देव न ज्यानु भगत न ज्यानु ॥
अंतर ज्यानु री ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## दशरथ के द्वार सुरवर

दशरथ के द्वार सुरवर चकीत भये ॥ धृ. ॥
ताहा पवन की गती स्छीर भये ॥
नारद तुंबर गावतु हें ॥ १ ॥

ताहा धीमी धीमी दुंदुभी बाजुत हे ॥
रामदास बलि बलि जानतु हे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५९ )

# संतसंग

( राग-काफी ताल-दीपचंदी )

**धन्य धन्य गुनीजन की**

गुनीजन अपना है रे भाई ।
काय करुं लोक दुनियाई ॥ धृ. ॥
ज्या गुन में मन मगन होत है ॥
जो गुन ज्याकें मन में ॥
बहुत गार में हीरा जैसा ॥
तैसा हय सो जन में ॥ १ ॥
गुन न जाने सा लोक बिरानें ॥
ऐसी बात है मन की ॥
रसिक कहे समजो रे भाई ॥
धन्य धन्य गुनिजन की ॥ २ ॥
खंड खंड बन बहुत तरुवर ॥
कल्पतरु सो नहीं ॥
रसीक कहे समजो रे भाई ॥
ऐसी बात दुनियाई ॥ ३ ॥

( स. गा. प. क्र. १६७७ )

**मोहे संगत ही साधो की**

देहो माधो देहो माधो प्रभु मोहे संगत ही साधो की ॥ धृ. ॥
भगत प्रेम नेम उनकें हूं देखो ॥
सो अपने मन राखों ॥ १ ॥
बिधा बिधि जनसकळ सिखावे ॥
प्रेम पन्हायें न आवे ॥ २ ॥

किन्ह कळावंत मुगतच ऱ्हाये संत तो दास तराये ।। ३ ।।

( बा. क्र. १ )

## भगत कहे येक साधु कि संगत

रे मोकुं निदम निद परीं ।।
शाम सुंदर कि मुरत ।।
निकि आंगन आय खरी ।। १ ।।
हृदय कमल में येक चित सें ।।
हरजि कि भगत धरी ।। २ ।।
भगत कहे येक साधु कि संगत ।।
सुख दुःख बिसरी ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## संत संग शुधी लागे

आलेख ज्यागे झुटी माया भागे ।।
जन बीन है सो देव नीरंजन ।।
संत संग शुधी लागे ।। १ ।।
मुद्रा आसन ध्यान समाधी ।।
देखन भेद न लागे ।। २ ।।
दास कहें साधु की संगत
ताहां भवकाल न ज्यागे ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## धन्य सुरीज्यनहार

कोई येक गैबी आया बें ।।
देखत ज्यब तब्र भात ।।
आलम दुनिया समजत नहिं ।।
आलम दुनीया कुं चलावे ।। १ ।।
रज्येंबीन झ्यार की पाव न हाले ।।
आज्यब सुरत पाख ।। २ ।।

ज्योगं चलावे भोगं चलावे ॥
बुझत हरीजन थाक ॥ ३ ॥
बंदे कमीन कमीन कहीया ॥
धन्य सुरीज्यनहार ॥ ४ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## संग मे सुलतान प्यारा

रंग मे रंग सो सारा के दारा सारा के दारा ॥
संग में सुलतान प्यारा ॥
ज्यातु है न्यारा प्यारा ॥ धृ. ॥
सब गुनीजन है सो ॥
करो ज्यमावो है सो ॥
दल्लम्याने मताहती ॥
केदारा ल्हावो हती ॥ १ ॥
गावतें गावतें गावों जंत्र बज्यावो ॥
गावों बंदगी करते ॥
अधी रात कुं आवे ॥
आधी रात कुं आवे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## गुनबीन मारग कोन चलावें

मस्तान अस्मान छे पावे मस्तान ॥
केदादील्ल भावे गावे निवळ स्यनी निवळ बयनी ॥
निवळ रंग समज्यावें गावें ॥ १ ॥
धन्य गुनीजन तान कीया हे ॥
तान को मान पछ्याने मे ज्यावें गावें ॥ २ ॥
गुनबीन मारग कोन चलावें ॥
गुनिगुन समज्यावे गावे ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## साधु कि संगत हो

अंजन कि गति हो निरंजन ॥ धृ. ॥
आदि अनादि को भेद न ज्याने ॥
साधु कि संगत हो ॥ १ ॥
आवत ज्यावत सोवत ह्य जन ॥
अभक्ति कुमति हो ॥ २ ॥
दास दया कर अंतर ज्याने ॥
भूपति को पति हो ॥ ३ ॥

( बा. क. ११६६ )

## संत समागम

(चाल– कैवारी हनुमान)

लाज न कीजे हो भजनकू ॥ धृ ॥
आगम निगम संत समागम ॥
अंतर लीजे हो ॥ १ ॥
दास दया कर अंतर वासी ॥
तनू मन दीजे हो ॥ २ ॥

( स. गा. प. क्र. १६८६ )

## दास जन को मन राखत

पर कामीनी संगत पीरत चलावत ॥
निकट अंग जैसे दुध पीलाइ ॥ धृ. ॥
ज्यानि को रंग बीरंग नमावत ॥
ज्यानत मानीनी सुखदाइ ॥ १ ॥
अब कामई हो कब राम कांहां ॥
सुख भावत होवत वन हारि ॥ २ ॥
दास जन को मन राखत ॥
सज्जन काह करे अबीकारी ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ३५३ )

### गुणी गुण धाम

रे मन सा मन सुमन के मन योग तन मन सौ सब साही ॥
सुंदरि सुत पुत आटक भटक लटकत सज्जन माही ॥ १ ॥
योवन धाम आराम चिराम गुणी गुण धाम मुझे इतना ही ॥
दास कहे आब देख जब तब राम के काम बीना कचु नाही ॥२॥

( बा. क्र. ६२ )

# संसार

### दुनिया खालि पसारा

हक चलो रे हक चलो रे हक चलो रे भाई ॥
हक छौरि कें नाहक चलणा ॥
इस में कौन बडाइ ॥ धृ. ॥
हक चलें साहेब का प्यारा उसपर इतबार सारा ॥
खलक समजें तें खलक में है वोही खलक भी न्यारा ॥ १ ॥
खावे खलावे देवे दीलावे ॥
सोहि आलम कुं भावे ॥
दुनिया दोज्यख खालि पसारा समज्यत भिस्त कुं ज्यावे ॥ २ ॥
माहाल मुलुक हति घोरे सब सपन को लेखो ॥
बंदे कमिन कमिन कल्हावे सब अकल भी देखे ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

### झुटी हय रे दुन्याई

उठी चेलें सब सो बति रे सोहत है सो गव्हार ॥
समजत नाहिं गुमल भई रे ज्यात नहिं बार ॥ १ ॥
रे भाई खबर्धरो खबर्दार जीस अला के दरकार ॥
उमर ज्याते समज्यत नाहिं भेदे अकल बंदा ॥ २ ॥

छोरी ईला हि भुली परीरे ॥
धंदा सो सर्व गंदा ॥ ३ ॥
बंदे खुदाई बोलत भाई ॥
झुटी हय रे दुन्याई ॥
फकीर होणा जीकीर करणा
तुमकुं धनीं कि दाई ॥४॥

( बा. क्र. ५३ )

## काये भुल्यो संसार

मन रे काये भुल्यो मंसार ॥
येक घरी मोलकी ज्यावे ॥
भुलि रहयो गव्हार ॥ धृ. ॥
धन जोबन का संग पकरी ॥
यो कोहु नहि उत्तरे पार ॥
ज्यानत ज्यानत मुरख भयो ॥
हयोके ताकहुं बारे बार ॥१॥
ज्याकु जोब ताकुं भेद भयो रे ॥
भोंदत हय दिन दीन ॥
वीख दीखाये केन गवाये ॥
अंतकाळ होये खीना ॥ २ ॥
रामदास कहे येक रामबीन ॥
कोउ पार उतारे ॥
ऐसी ज्यानि केसु चंातरहि ॥
ये सबहि भोंदु तीयार ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## दो दिन की दुनिया

दुनिया दो–दिन की है रे राजा आखैर है रे जाना ॥
आखैर है रे जाते वखत आलम होता है जेर ॥
आलम होता है जेर ॥ धृ. ॥

येक सकुं होते हाल बेहाल ॥
होते हाल बेहाल ॥
नजरे देखते गाफील कौं खुसीहाल ॥ १ ॥
हा ज्यारा हजुर तुम देखतें ॥
यारां तुम देखतें यारां ॥
दुनीयां सखी तुम दुनिया दारां ॥
तुह्म दुनियां दारां ॥ २ ॥
बंदे कमीन बंदा कहतां सुनो रे ॥
बंदा अकल बदो की ॥
आकल दील में चुनो रे अकल ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## दुनिया दोजख

आय बाय कौ खुदाय जीनी की ये तीन ॥ धृ. ॥
हं कर्ता तुम सुर्ती यारा ॥
दुनिया दोजख खाली पसारा ॥ १ ॥
रामी रामदास सच्य कती ॥
हे खुदाई खुदाई ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## खुसिहाल वो हि

च्यला सो च्यला जंगलो काहि बासि ॥
आया तो आयाहि दुन्यामो निबासि ॥ १ ॥
घडि येक वांहि घडि यक वांहि ॥
कहे रामदासो खुसिहाल वो हि ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## दुन्याकाहि धंदा छोड देना

दुन्याकाहि धंदा सबों छोड देना ॥
दुन्या दो दिनों कि दुन्या हि न हो ॥ १ ॥

अछि हे राहा पिर पैगौंबरों कि ॥
कहे रामदासो पकर्ने ईनोंकि ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## दुनिया सब ही फना

दुनिया सब ही फना ॥
कोई नही अपना रे बाबा ॥ धृ. ॥
कोट महल चौकी दरवाजा अंदर खबर न पावे ॥
आखर वख्त खुटे सब वख्त आप हि जंगल वसावे ॥ १ ॥
मीर मलक डरे सुलताना कोई नहीं रहता ॥
दास फक्कर सुफेज कलंदर जिकीर करो कहता ॥ २ ॥

( स. गा. प. क्र. १७१५ )

## गुमान छोडो नजीक है मरना

बाबा दो दिन की दुनिया ॥
बाबा कीतनीयां ॥ धृ. ॥
बाजत नोबत झूलत हाती ले करे इतमाम ॥
आखर वख्त कोइ नही साथी जंगल भयो तमाम ॥ ४ ॥
मील कबीला मकरबा बनाया कहां गया जीवडा ॥
अपनी नियत उदफूल दिखावे सड गया चमडा ॥ २ ॥
हिंदू मुसलमान गुमान छोडो नजीक है मरना ॥
दास फक्कर सुफेज कलंदर कहत जिकीर करना ॥ ३ ॥

( स. गा. प. क्र. १७१६ )

## फिकीर नहि सो फकीर

रे भाई झूटा है रे संसार ॥
जिस जाते नहि उधार ॥ धृ. ॥
खबर है सो गबर है रे फिकीर नहि सो फकीर ॥
गुमरु खलख दोजख जावे गाफिल सो बे पीर ॥ १ ॥

हत्ती घोरे माल दरुनी औरत बेटचा बेटे ॥
बांद्या बंदे सब रहेंगे दौलत हरकोही लूटे ॥ २ ॥
बंदगी नही सो बंदा कैसा देखो अजब तमाशा ॥
खुशामत मे बात चलावे सबही फाशा फूशा ॥ ३ ॥

( स. गा. प. क्र. १७१७ )

# माया

## जुठीं काया जुठीं माया

चतुरा राम ही साच्या राम हि सांच्या केवळ राम ॥
जुठीं काया जुठीं माया झुठा मीठा काम ॥ धृ. ॥
वय रावन की संतत संपत साथ ही साथ छाढी पधारे ॥
रानि कोटि च्यारि बिधवा भयीं गिरी गहना के उतारे ॥ १ ॥
कौरो मारि बिजई भये पांडो ते फुनगरि गरिज्यात ॥
जिन्हज्या धौंकी गैरन पाई य औरन की काहा बात ॥ २ ॥
रामदास कहे चतुर सोही ज्यो ज्यो कोउ अळ खळ खावे ॥
मुरुख बपुरा काम हि ध्यावे अंतकाळ पछतावे ॥ ३ ॥

( बा. क्र. १ )

# उपदेश

## संग न किजे मुरख को

संग न किजे मुरख को ॥ धृ. ॥
तन मलावे रंग जगावे अनंत दिजे हो ॥ १ ॥
रामदास को नीको बंदा ॥
मनमे लिजे हो ॥ २ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## आब धर लाज्य थोरी

न करीं मन राम सुंमकरी ॥
इतनि सुनुज्यह सारी ॥ धृ. ॥
सब लोक न सुंकरी सो करी ॥
आब धर लाज्य थोरी ॥ १ ॥
आवल गये धरी धरी री ॥
अज्यहु न तिक्रुजारी ॥ २ ॥
रामदास कहे धरीहि धरी ॥
रघुसये बात बुरी ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## पानि में प्यास मुवा रे आलम

पानिमें प्यास मुवा रे आलम ॥ धृ. ॥
तिरत तीरत ज्यात कमाखल धुंडत हरे कुवा ॥ १ ॥
मारग छोरकु मारग ज्यावे ॥
तैसा हाल हुवा रे ॥ २ ॥
ज्यमीन खोजे अनाजे चलावे ॥
चुकीर हिरे चुवारे ॥ ३ ॥
कहे दास छोरी खजीना ॥
मागतु हय रे रूपारा ॥ ४ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## हक खुदा समजे सो बंदा

राजी राखो रे आलम राजी राखो रे ॥
मरणा ढकत जीवणा उधार ॥
ज्याते नहि बार ॥ १ ॥
दुनिया दौलत हति घोरे ॥
मुवत वखात सब छोरे ॥ २ ॥

हक खुदा समजे सो बंदा ॥
गुमरु सो सब गंदा रे ॥ ३ ॥

( बा. क्र. ५३ )

## दरद बीन कोउ नहि रे

दरद बीन कोउ नहि रे ॥ धृ. ॥
देव मुनीवर दानव मानव किन्नर आपसहरे ॥ १ ॥
ये खेचर भुचर जळचर वनचर नृपवर की कर हो ॥ २ ॥
जन्म सुख दुख मीश्रीत है सो भक्त कहे सब ज्यानी ॥ ३ ॥

( बा. कृ. ५३ )

## करे बंदगी खुदा कि

करे बंदगी हि हमेशा खुदा कि ॥
ईनोकि हि कन्फि नहिं औरन कि ॥ १ ॥
खुदा के ह वास्ते सबों छोर दिया ॥
कहे रामदासो हि कन्फि बनाया ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## दर्द देना नहि औरन कुं

कबों दर्द देना नहि औरन कुं ॥
खुदानें हि कन्फि दीई ईनोकुं ॥ १ ॥
जिनो छोर दिया दुन्याका हि धदा ॥
कहे रामदासों खुदा का हि बंदा ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## छोडो न राह खुदा की

राह छोडता हे हरामि खुदाका ॥
कबोंहि भला तो न होवे ईनोका ॥ १ ॥
न छोडो कबों सात भाई हमारे ॥
कहे रामदासो ईनोकुं दुवारे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## बडाई छोड देना

सुनो साध भाई हमारा हि बाना ॥
लिज्यों दिलमों हि कहुं येहि माना ॥ १ ॥
सब ज्वीन बडाई सबो छोड देना ॥
कहे रामदासो गुमानि न कर्ना ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## लडाई न कर्ना

हमेशा मगन ज्यो हुवा हे जिकिर्मे ॥
ज्युदाई नहि बे ईसि के मनो में ॥ १ ॥
मुसल्मान हिंदु कुछ बि कहेना ॥
कहे रामदासो लडाई न कर्ना ॥ २ ॥

( बा. कृ. ६६८ )

## आख्यां खोल

आख्यां खोल औज्युद कन्फी हमारी ॥
इनोमें हुई रे आछिबस्त न्यारि ॥ १ ॥
ज्यबों ज्यो रहे रेतबो सठ पलाटो ॥
कहे रामदासो पाहाडों कपाटों ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## कन्फि खुदाने बनाई

लते पांच्य कन्फि खुदाने बनाई ॥
पवन के हि धागे च्यलाये सिलाई ॥ १ ॥
ईसे दस्य झरोके उपर्का दिया है ॥
कहे रामदासो हि कन्फि किया हे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## आकलसु ज्यावे सो बंदा भावे

बंद वाजि सब लोक राजि ॥
रोटि ताजि दुनिया बाजि ॥

बोले काजि पैगंबर गाजि ।। घृ. ।।
खबर्दारि आकल है सारि ।।
बेहुशारि गाफिल्ल कियारी ।।
उमर सारि होति है खोरि ।। १ ।।
दवे दिलावे खावे खलावे ।।
सुने सुनावे पोंचे पोंहच्यावे ।।
आकलसु ज्यावे सो बंदा भावे ।। २ ।।

( बा. क्र. ६५७ )

## पवनका सबोहि खेल

पवनका सबोहि हहि खेल भाई ।।
पवन्नि नहिरे समज्जा सबोहि ।। १ ।।
आवल्का पवन्का सबो खेल हैरे ।।
कहे रामदासो पियारे सहिरे ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## तबो क्या हुवां ?

दुन्याहि न थि च्यंद तारा सबोहि ।।
सुरिज्बी न था मेघमाला कछुहि ।। १ ।।
जिमिसे पाहाडो कछु न थे रे ।।
तबो क्या हुवां रामदासो कहे रे ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## पवनपर चले चंद तारा

पवनपर चले चंद तारा हमेशा ।।
सुरिज्बी चले वो बडा तमाशा ।। १ ।।
गगन्मो चले मेहुं वोहि पवनसों ।।
पवनन्बी नहिरे कहे रामदासो ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## चिपो सोर क्या रे

तुम्हारे पिरोने कह्या कोन माना ।।
कहो येंहि भाई हमे हि समज्ना ।। १ ।।
समज्बी कछुंहि भेख क्या रे ।।
कहे रामदासो चिपो सोर क्या रे ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## कहो बे पियारे

जिकिर्बि बताई किसे भातसें हि ।।
फकिरि किसे भातसेहे कमाई ।। १ ।।
बताया हे आल्ला राहा को नसिरे ।।
कहो रामदासो कहो बे पियारे ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## कहे रामदासो बतावो ठिकाना

हमें तुम ज्यदेसे नहि साध भाई ।।
कही बात वोहि बतावो सबोहि ।। १ ।।
दिया हे तुजे भिस्त काहे ठिकाना ।।
बतावो कहे रामदासो हमाना ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## ढिल न कर्ना

खुदाको न बंदा कहो येहि कैसा ।।
समज्बि न फकिरि करे वो तमाशा ।। १ ।।
पिरोंके हि मुं सें भला खोज्य लेना ।।
कहे रामदासो ज्यरा ढिल न कर्ना ।। २ ।।

( बा. क्र. ६६८ )

## समज्बे ईलाहि

पिरोंने कह्या हे तुजे तो बतावो ।।
नहि तो पुरासा करो पिर ज्यावो ।। १ ।।

बरा मन्नमानो दिया पद वोहि ॥
कहे रामदासो समज्बे ईलाहि ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## ईलाहि काहा न ज्याने

ईलाहि कहे सब दुन्याहि हमेशा ॥
ईलाहि काहा हे न ज्याने गुमर्सा ॥ १ ॥
खुदा दें दिलावे कहे वोहि मुंसे ॥
कहे रामदासो न ज्यानें खुदासे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## समज्बे ठिकाणा

जिसिका हमेशा मुंसें नाम लेणा ॥
वहि हे काहां वो समज्बें ठिकाणा ॥ १ ॥
या आल्ला या आल्ला समजिब नहि रे ॥
कहे रामदासो चिपो सोर क्या रे ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## समज्कर लिज्यो नाम

समज्कर इसिका लिज्यो नाम भाई ॥
करो खोज्य बंदे कांहा हे ईलाहि ॥ १ ॥
पुरा पिर धुंडो तबो काम फते ॥
कहे रामदासो चिपो क्या भकाते ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## अकलसे पछाना

पिरोके पगोसें हमेनें तलाई ॥
आछि भातसे हि बताया ईलाहि ॥ १ ॥

सुन्हों साध भाई कहुं येहि माना ॥
कहे रामदासो अकलसे पछाना ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## सबों ज्यातसे वोह हि नियारा

नहि वो मुसलमान हिंदुकू छूहि ॥
सबखबी नहि क्या कहुं मे ईसेहि ॥ १ ॥
सबों ज्यातसे वोह हि रे नियारा ॥
कहे रामदासो चलावे हि सारा ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## क्या कहुं ईनोकुं

दुन्यामों औज्युद हे सो सबोंहि ॥
ईनोहि ससिवा हुवाहे आपेहिं ॥ १ ॥
लखो लखवोहि च्यलावे दुन्याकुं ॥
कहे रामदासो कहुं क्या ईनोकुं ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## ये आला : नहि निराला

सबो ज्यात मोंहि हहि बस्त यहि ॥
ईनोकि कहुं ज्यातसें कोण भाई ॥ १ ॥
नहि ज्यात ना गोतसे वो निराला ॥
कहे रामदासो ये आला ये आला ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## कहे बात वैसा च्यलेसो

गले मोंहि कफ्फि हतो म्यान तस्नि ॥
खुदा क्याहि बातां मुंसे वोहि गैबि ॥ १ ॥

कहे बात वैसा राहासे च्यलेंसो ॥
ईनोकिहि कन्फि कहे रामदामो ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

### भला साधुसो वो

भला साधुसो वो हरामि न लेवे ॥
खुसिहालसें हि मिला सोहि खावे ॥ १ ॥
कहे रामदासो तुम्हों साध भाई ॥
फकिरि कमावो इसे भात किहि ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

### कहे रामदासो

तनोकिहि कन्फि करोकिहि च्यन्फि ॥
पगों से च्यलाना दुन्या हे रे आप्नी ॥ १ ॥
ज्यबो ज्योर है रे तबो सपलाटो ॥
कहे रामदासो पहाडों कपाटों ॥ २ ॥

( बा. क्र. ६६८ )

## अभेद

### भेदि अभेदि न माने

खोज्यत पाउं खोज्यत पाउं छपाउं ॥ धृ. ॥
प्रगट गुसांइ कोन जाने भेदि अभेदि न माने ॥ १ ॥
ज्यानत ज्यानत मानत मनमों रामदास कि मन कि मुरत ॥२॥

( बा. क्र. ५३ )

### भेक बनाया भेद न पाया

भेक बनाया भेद न पाया मुदल गवाया रे ॥ धृ. ॥
नाथ निरंजन जनमो ज़्यागे ॥
उसकि शुद्धि न लगे ॥ १ ॥

आस न छोरि सुखासन ज्यावे ।।
आसन दृढ न पाया रे ।। २ ।।
दास सनाथ कियो नहिं प्राणी ।।
दास कहे बकवा निरे ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## अभेदी भेद न ज्याने

अभेदी भेद न ज्याने भेदी सब पछयाने ।।
राग रंग तान मान ।।
मुरख कहां ज्याने ।। १ ।।
नाना बंद प्रबंध छेद रस च्यातुरकुं सब माने ।। २ ।।
दास निरंज्यन को ज्यन रंजन ।।
अंतर भेद बखाने ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## आलखसु लखलाउ

आलखसु लखलाउं सब आनंद पाउं ।। धृ. ।।
पल पल तील घटीत ज्यात नहिं ।।
छोरी नीरंजन जाउं ।। १ ।।
तन मन धन संपत आपनि ।।
बीसरी हरी गुन गाउं ।। २ ।।
रामदास प्रभु सब घट व्यापक ।।
आंतर माई छे पाउं ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## अंतर हेत पछचाने

अंतर हेत पछचाने सोंही चातुरमाने ।।
जो कछु हे सो पारावे ।।
मनकि निरख की जग ज्याने ।। १ ।।

नाटक भेद गुनीजन सारंग ।।
गुनबीन लोक बीराने ।। २ ।।
रसिक हे मैं क्या करो रे ।।
केतकी पान पुराने ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

# अलख निरंजन

## अल्ला निरंजन दो नहि रे

भाई याद करो अला की ।।
हाक चलना सब दिल याके ।। धृ. ।।
कुबल बक्त हिंदु जाइये ।।
ज्यायेग मुसलमाना ।।
बेग घणि कि तल्ब अई ।।
तब तों अलबत जाणा ।। १ ।।
अल्ला निरंजन दो नहि रे ।।
समज्यत समज्याना हारे ।। २ ।।
दास कहे जो समज्या रे भाइ ।।
सोइ खुदा मीया का प्यारा ।। ३ ।।

( बा. क्र. ५३ )

## आलेख ज्योगी हम बैरागी

आलेख ज्योगी हम बैरागी उलटा पथ हमारा रे ।।
हाटो बाटो मढी मसानी रुखो बीरु खो थारा रे ।।
तरु ना छाया मुक्रना माया उस तनकामे प्यारा रे ।। धृ. ।।
सीर सीरताज गले में कंथा कंथेपर मन भागा रे ।।
अनुभव बेटी काया तन पैठी चरखे सो मन लगारे ।।
दुई नाथ की सुई हातमे कैसा पुरु धागा रे ।। १ ।।

